डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
23 फरवरी 2025
रविवार


बिहार की पांच लाख छात्राओं को मिलेंगे 50-50 हजार रुपए, तैयारी पूरी 2



# महाकुंभ : दुनिया का पहला आयोजन जिसका गवाह बने 60 करोड़ से अधिक सनातनी

♦ मानव इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन, इससे पहले इतनी बड़ी संख्या में लोगों के सहभागी होने के प्रमाण नहीं

**केटी न्यूज/प्रयागराज**

तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहे दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया है। यहां अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है। 60 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मनुष्य के अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया में कुल 120 करोड़ सनातनी हैं। इस लिहाज से महाकुम्भ में दुनिया के आधे से अधिक सनातनी त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुके हैं। 26 फरवरी को शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 65 करोड़ से भी ऊपर पहुंच सकती है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से संभव हो पाया है। भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया है। महाकुम्भ के समापन से 05 दिन पहले ही स्नानार्थियों ने नया कीर्तिमान रच दिया है।



**दुनियाभर से आए सनातन धर्मावलंबी**

महाकुम्भ के महाआयोजन में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर महाकुम्भ के साक्षी बन चुके हैं। मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोगों ने पवित्र स्नान किया।

**पूरी दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनियों ने लगाई डुबकी:** भारत एक धार्मिक देश है। यहां एक नहीं, बल्कि कई धर्मों को मानने वाले लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। हालांकि, इसमें सबसे बड़ी संख्या सनातन धर्म को मानने वालों की है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू, प्यू रिसर्च के मुताबिक भारत की अनुमानित जनसंख्या 143 करोड़ है। इसमें सनातन धर्मावलंबियों की संख्या लगभग 110 करोड़ (1.10 अरब) है। इसके साथ ही पूरी दुनिया में सनातन धर्मावलंबियों की संख्या 120 करोड़ है। इस तरह अगर स्नानार्थियों की संख्या की तुलना दुनिया भर के सनातनियों की संख्या से की जाए तो 50 प्रतिशत से भी ज्यादा लोग अब तक त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। यदि देश की कुल जनसंख्या से स्नानार्थियों की तुलना की जाए तो यह 55 प्रतिशत हो गई है। यानी देश की कुल जनसंख्या के करीब 55 प्रतिशत से ज्यादा लोग त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। प्यू रिसर्च 2024 की रिपोर्ट मानें तो पूरी दुनिया में 120 करोड़ (1.2 अरब) आबादी सनातन धर्म को मानने वाली है।

## सीएम योगी की उम्मीदों के पार पहुंचा श्रद्धालुओं का आंकड़ा

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरूआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। बता दें कि उनका यह आंकलन बीते 11 फरवरी को ही सच साबित हो गया था। वहीं शनिवार (22 फरवरी) को यह संख्या 60 करोड़ से भी ऊपर पहुंच गई है। अभी महाकुम्भ के समापन में 05 दिन शेष हैं और महत्वपूर्ण महाशिव रात्रि का स्नान पर्व बचा है। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की यह संख्या 65 करोड़ के ऊपर जा सकती है। योगी सरकार के सुव्यवस्थित प्रबंधों से महाकुम्भ बना ऐतिहासिक, पूरी दुनिया से सनातनी शामिल हो रहे है।

**विभिन्न स्नान पर्वों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ :** अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक करीब 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था। जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। वहीं माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर भी दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पावन स्नान किया। 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश समेत तमाम देशों के अतिथि यहां स्नान करने पहुंचे है। जानकारों का कहना है कि इस बात का विश्वास नहीं था कि इस बार के महाकुंभ में इतने सारे लोग स्नान करने के लिए पहुंचेंगे। यह संख्या रूकने का नाम नहीं ले रही है।

### ट्रंप के बयान से बढ़ी सियासी हलचल : केंद्र सरकार पर कांग्रेस हमलावर

# वोटर टर्न आउट के लिए पीएम मोदी को भेज गए थे 21 मिलियन डॉलर : ट्रंप

♦ बांग्लादेश में करीब 250 करोड़ रुपए भेजे गए, भाजपा ने जहां साधी चुप्पी वहीं कांग्रेस उग्र

**एजेंसी/नई दिल्ली**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को लगातार तीसरे दिन वोटर टर्नआउट के लिए भारत को मिले 21 मिलियन डॉलर का मुद्दा उठाया है। ट्रंप के इस बयान पर एक ओर भाजपा और केंद्र सरकार ने जहां चुप्पी साध ली है वहीं कांग्रेस केंद्र सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस पार्टी ने पीएम मोदी से पूछा है कि आखिर ये 21 मिलियन डॉलर (182 करोड़ रुपए) कहां गए। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का यह ताजा बयान उस रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें दावा किया गया था कि 2022 में 21 मिलियन डॉलर का अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बांग्लादेश के लिए मंजूर किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत को वोटर टर्नआउट के लिए 21 मिलियन डॉलर दिए गए। हम भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर दे रहे हैं. हमारा क्या। हमें भी अमेरिका में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए पैसा चाहिए। ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि इसके अलावा बांग्लादेश में करीब 250 करोड़ रुपए भेजे गए। वहीं यह बयान सामने आने के बाद विपक्षी दल कांग्रेस पीएम मोदी और भाजपा पर हमलावर है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने आज कहा कि 21 मिलियन डॉलर मैंने अपने दोस्त नरेंद्र मोदी को वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए दिए हैं। लेकिन ट्रंप के इस बयान के बाद आज चारों तरफ चुप्पी है। इसलिए हम नरेंद्र मोदी से जानना चाहते हैं कि ये 21 मिलियन डॉलर कहां गए। क्योंकि ट्रंप के बयान से साबित हो गया है कि उन्होंने 21 मिलियन डॉलर मोदी को चुनावों को प्रभावित करने और वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए दिए थे। ट्रंप का यह बयान सामने आने के बाद विपक्षी दल कांग्रेस पीएम मोदी और भाजपा पर हमलावर है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने आज कहा कि 21 मिलियन डॉलर मैंने अपने दोस्त नरेंद्र मोदी को वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए दिए हैं। लेकिन ट्रंप के इस बयान के बाद आज चारों तरफ चुप्पी है। इसलिए हम नरेंद्र मोदी से जानना चाहते हैं कि ये 21 मिलियन डॉलर कहां गए। क्योंकि ट्रंप के बयान से साबित हो गया है कि उन्होंने 21 मिलियन डॉलर मोदी को चुनावों को प्रभावित करने और वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए दिए थे।



## लोकतंत्र हुआ कमजोर

पवन खेड़ा ने कहा कि हम लगातार वोटर टर्नआउट के बारे में सवाल पूछ रहे हैं, तो क्या इसी पैसे से वोटर टर्नआउट बढ़ रहा है। नरेंद्र मोदी कितना भी विदेशी फंड ले आएं, वो भारत के लोकतंत्र को कमजोर नहीं कर पाएंगे। खेड़ा ने यह भी कहा कि जब 2012 के दौरान अन्ना हजारे का आंदोलन चरम पर था, केजरीवाल अपनी पार्टी बना रहे थे। तब नरेंद्र मोदी, आडवाणी के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे थे। उस वक्त भी यूएसएआईडी से कितना पैसा आया और किसे गया। ये सब हमें श्वेत पत्र में जानना है। पवन खेड़ा ने कहा कि यूएसएआईडी ने भारत को 2001-24 के बीच 2.9 बिलियन डॉलर दिए हैं। इस राशि का 44.4 पैसा मोदी सरकार में आया है। इसीलिए हम श्वेत पत्र की मांग कर रहे हैं, क्योंकि सबके सामने आना चाहिए कि ये पैसा किसको-किसको गया। इस पैसे का एक चौथाई हिस्सा पिछले 4 साल यानी नरेंद्र मोदी की सरकार में आया।

## मदन राठौड़ को दोबारा मिली राजस्थान में बीजेपी की कमान

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ फिर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बन गए हैं। सात महीने में दूसरी बार मदन राठौड़ को राजस्थान भाजपा की कमान सौंपी गई है। सीएम भजनलाल शर्मा, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे समेत तमाम नेताओं की मौजूदगी उनके नाम की घोषणा हुई। इस दौरान पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने एकजुट, नो गुट, एक मुख का नारा दिया। चुनाव प्रभारी गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने राठौड़ के नाम का ऐलान किया। इससे पहले शुक्रवार को प्रदेशाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए मदन राठौड़ के अलावा किसी भी दूसरे नेता ने फॉर्म नहीं भरा था। उसके बाद से ही उनका फिर से अध्यक्ष बनना तय हो गया था। जनसंघ से बीजेपी तक की यात्रा करने वाले मदन राठौड़ के पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के साथ भी बेहतर संबंध रहे हैं।मदन राठौड़ की पहली बार प्रदेशाध्यक्ष पद पर 26 जुलाई 2024 को नियुक्ति हुई थी। ऐसे में उन्हें इस पद पर करीब 7 महीने का समय ही हुआ था। भाजपा ने सीपी जोशी के बाद मदन राठौड़ को प्रदेश अध्यक्ष जिम्मा सौंपा था। उनके नेतृत्व में भाजपा ने उप चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया। इसी के चलते अब हाईकमान ने उन्हें फिर से पद पर नियुक्त किया है।

# आरके सिंह का बिगड़ चुका है मानसिक संतुलन : राघवेंद्र सिंह

**केटी न्यूज/आरा**

लोकसभा चुनाव में अपनी ही पार्टी बीजेपी के नेताओं पर गद्दारी का आरोप लगाने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह के बयान के बाद पार्टी में विस्फोट हो गया है। आरके सिंह के आरोपों का जवाब देने के लिए बीजेपी के कद्दावर नेता मैदान में उतर गये हैं। पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह ने आरके सिंह पर बयान देने के बजाय अनुशासन में रहने की नसीहत दी। आरा के बड़हरा से बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने आरके सिंह पर बड़ा हमला बोला है। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आरके सिंह का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। अगर वे कह रहे हैं कि उन्हें पार्टी के नेताओं ने हरवाया है तो उन्हें बताना चाहिये कि किस नेता ने गद्दारी की। आरके सिंह वैसे नेताओं का नाम क्यों नहीं ले रहे हैं। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मैंने भी कई चुनाव हारे हैं लेकिन कभी किसी पर आरोप नहीं लगाया कि उसने मुझे हरवाया है। बल्कि अपनी गलती को तलाशा, जिसके कारण मेरी हार हुई। आर के सिंह ऐसा करने के बजाय दूसरों पर आरोप लगा रहे हैं। दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने अंदर झांकना चाहिये। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अगर आरके सिंह ये कह रहे हैं कि उन्हें कुशवाहा और ब्राह्मण जाति के लोगों का वोट नहीं मिला तो उन्हें पांच लाख वोट कैसे आ गया। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आरके सिंह को ढकी छिपी बात करने के बजाय खुल कर सामने आना चाहिये। उन्हें नाम बताना चाहिये कि किसने पवन सिंह को पैसा देकर चुनाव लड़वाया था। आरके सिंह को ज्यादा व्याकुल नहीं होना चाहिये, राजनीति में ज्यादा व्याकुल होने पर आदमी और नीचे फिसलता जा रहा है।

## आरके सिंह के बयान से मचा है घमासान

दो दिन पहले आरके सिंह के बयान से पार्टी में घमासान छिड़ा है। भाजपा नेता आरके सिंह ने खुले मंच से कहा कि लोक सभा चुनाव में बीजेपी के एक बड़े नेता ने गद्दारी की थी। पार्टी नेताओं की गद्दारी के कारण मेरी हार हुई। इसी नेता ने पैसा देकर पवन सिंह को खड़ा कराया था। उन्होंन कहा कि वे जिस बड़े नेता की बात कर रहे हैं, वे सीएम पद के दावेदार हैं। उन्होंने पवन सिंह को चुनाव में खड़ा करवाया था। इसके कारण ही वोट का सारा समीकरण बदला गया था।

# एसएलबीसी सुरंग परियोजना में छत का एक हिस्सा ढहा, छह श्रमिक फंसे

**एजेंसी/नागरकुरनूल**

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में शनिवार को श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर के निर्माणाधीन हिस्से में छत का एक हिस्सा ढह गया। हादसे में कम से कम छह श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस ने बताया कि निर्माण कंपनी की टीम आकलन के लिए अंदर गई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि काम में लगी कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार छह से आठ श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को फोन करके बचाव कार्य की जानकारी ली। पीएम मोदी ने बचाव प्रयासों में सभी मदद और सहायता का आश्वासन दिया। अधिकारी ने कहा कि घटना तब हुई, जब कुछ श्रमिक काम के सिलसिले में अंदर गए थे, तभी सुरंग के 12-13 किलोमीटर अंदर एक हिस्से की छत गिर गई।

# पीएम मोदी के प्रधान सचिव नियुक्त हुए शक्तिकांत

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास पीएम मोदी के प्रधान सचिव-2 नियुक्त हुए हैं। यह नियुक्ति पीएम के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक जारी रहेगी। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री के साथ उनके कार्यकाल जितनी रहेगी या फिर जब तक कोई नया आदेश ना आए।

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को दूसरा प्रधान सचिव नियुक्त किया गया। गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी पी के मिश्रा इस समय प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में कार्यरत हैं। एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, तमिलनाडु कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दास का कार्यकाल प्रधानमंत्री के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक होगा। आदेश में कहा गया कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने शक्तिकांत दास, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव - 2 के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी है। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होगी। दास ने एक सिविल सेवक के रूप में मुख्य रूप से वित्त, कराधान, निवेश और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में काम किया। वह भारतीय रिजर्व बैंक के 25वें गवर्नर बने और उन्होंने भारत के जी20 शेरपा और 15वें वित्त आयोग के सदस्य के रूप में भी काम किया है। शक्तिकांत दास आरबीआई के 25वें गवर्नर रह चुके हैं। उन्होंने 11 दिसंबर 2018 को उर्जित पटेल के बाद पदभार संभाला था। पटेल के अचानक इस्तीफे के बाद उन्होंने आरबीआई की कुर्सी संभाली थी। गवर्नर बनने से पहले दास आर्थिक मामलों के सचिव और जी-20 में भारत के शेरपा थे।




### 12वें अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संवाद सम्मेलन में विदेश मंत्री ने वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग पर दिया जोर

# आज के समय में स्वास्थ्य सेवा एक मौलिक अधिकार: जयशंकर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संवाद सम्मेलन में वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोविड काल हम सभी के लिए वास्तव में सीखने का अनुभव था। हमें अगली चुनौती के लिए तैयार रहना चाहिए।

सम्मेलन में उन्होंने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारत के प्रयासों को लेकर बात की। विदेश मंत्री ने कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य सेवा एक मौलिक अधिकार है। यह सिर्फ एक विशेषाधिकार नहीं है। ग्लोबल साउथ अनिश्चित आपूर्ति श्रृंखलाओं और वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितताओं का बंधक नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हम सभी स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करना चाहते हैं। रोगी सुरक्षा को बढ़ाना चाहते हैं और सस्ती पहुंच सुनिश्चित करना चाहते हैं। अगर हम और अधिक निकटता से सहयोग करेंगे तो ये लक्ष्य बेहतर तरीके से हासिल किए जा सकेंगे। दुनिया के लिए मेरा संदेश अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के महत्व का होगा। मुझे यकीन है कि हम सभी एक मजबूत उद्देश्य, अधिक जागरूकता, साझा अनुभव और निश्चित रूप से एक बेहतर नेटवर्क के साथ मिलकर काम करने का संकल्प लेकर यहां से जाएंगे।



**भारत की स्वास्थ्य योजनाओं की दी जानकारी :** विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, पर्यावरण के लिए जीवनशैली अधिक पौष्टिक प्रथा जैसे बाजरा के सेवन को बढ़ावा दिया है। भारत ने अपनी प्रगति और उदाहरण के माध्यम से काफी योगदान दिया। आयुष्मान भारत पहल आज दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना है। हमारे लगभग 750 मिलियन नागरिकों को आभा आईडी प्राप्त हुई है। उनके पास 360,000 स्वास्थ्य सुविधाओं और 570,000 स्वास्थ्य पेशेवरों तक पहुंच है। प्रति व्यक्ति आय के स्तर पर इतने बड़े पैमाने पर ऐसा करना वास्तव में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की शक्ति का प्रमाण है। यह मोदी सरकार की सुशासन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। अब तक कई नागरिकों के लिए पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए आवश्यक दवाओं की लागत भी चिंता का विषय थी। हमने 14,000 जन औषधि केंद्रों के माध्यम से यह दिखाया कि देखभाल की नीतियों और स्मार्ट इन्वेंट्री के प्रबंधन से आम आदमी के लिए दवाओं की लागत कम हो सकती है।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि जब हम राष्ट्रीय प्रगति की दोहरी शक्तियों के रूप में परंपरा और प्रौद्योगिकी के बीच संतुलन बनाने का प्रयास कर रहे हैं, तो स्वाभाविक है कि हम अपने लोगों के स्वास्थ्य के लिए अपनी विरासत और संस्कृति की प्रासंगिकता का पता लगाएंगे।

# ऑर्केस्ट्रा की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का पर्दाफाश, 16 किशोरियों में से दो लड़कियों को मां ने ही बेचा

**केटी न्यूज/ पटना**

बेतिया में पुलिस ने ऑर्केस्ट्रा की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने सेक्स रैकेट के ठिकानों पर छापामारी की तो बड़ा खुलासा हुआ। इस दौरान पुलिस टीम ने 16 नाबालिग लड़कियों का रेस्क्यू किया।

जानकारी के मुताबिक, बेतिया में यह खेल पिछले दो साल से चल रहा था। ऑर्केस्ट्रा संचालक अलग-अलग जिलों में इन लड़कियों को डांस कराने के नाम पर भेजता था। दो घंटे तक डांस करवाने के बाद ऑर्केस्ट्रा संचालक उनसे शारीरिक संबंध बनाते थे। जो लड़की इसके लिए मना करतीं थीं, उनके साथ मारपीट की जाती थी।

- ♦ 14 लड़कियां पश्चिम बंगाल तो दो नेपाल की रहने वाली
- ♦ 1राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बेतिया डीआईजी को भेजा था पत्र



इस मामले की जानकारी मिशन मुक्ति फाउंडेशन को पिछले एक साल से मिल रही थी। लेकिन वे यहां तक पहुंच नहीं पा रहे थे। 16 वर्षीय किरण (बदला हुआ नाम) ने बताया कि उसे पायल नाम की एक लड़की यहां लेकर आई थी। उसने मेरी मम्मी से कहा कि इससे डांस करवाएंगे। इसे बहुत पैसे मिलेंगे। पैसों के लालच में मेरी मां ने 10 हजार में मुझे बेच दिया। साथ ही मेरी छोटी बहन को भी पांच हजार रुपये में बेच दिया। मेरे साथ रामसागर नामक व्यक्ति ने गलत काम किया है। उसने दो और लड़कों से गलत काम करवाया है।

**ऑर्केस्ट्रा में डांस के नाम पर यहां लाए :** पीड़िता ने आगे बताया कि ऑर्केस्ट्रा में डांस के नाम पर यहां लाए थे। ये लोग हमारे कमरे में लड़कों को भेजते हैं। इसमें मेरे माता-पिता भी शामिल हैं। मेरे पेट में अभी रामसागर नाम के शख्स का बच्चा है। इसमें दो लड़कियों की मां ने 10 और पांच हजार में ऑर्केस्ट्रा संचालक को बेच दिया था। वहीं, कुछ लड़कियों को उनके दोस्तों ने पैसे की लालच में फंसाकर ऑर्केस्ट्रा में धकेल दिया था। बताया जा रहा है कि 14 लड़कियां पश्चिम बंगाल और दो नेपाल की रहने वाली हैं। इन लड़कियों को नौतन, बैरिया और जगदीशपुर से बरामद किया गया है। दो साल से लड़कियों के साथ गंदा काम हो रहा था।

इधर, सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने कहा कि मिशन मुक्ति फाउंडेशन के जरिए हमें जानकारी मिली कि नाबालिग लड़कियों से जबरदस्ती ऑर्केस्ट्रा में डांस करवाया जा रहा है। हमने रात तीन बजे छापामारी की। इस दौरान 16 लड़कियों को बरामद किया गया है।

## डीआईजी ने मिशन मुक्ति फाउंडेशन के साथ मिलकर बनाई एक टीम

डीआईजी हरिकिशोर राय ने 20 फरवरी को मिशन मुक्ति फाउंडेशन के साथ मिलकर एक टीम बनाई। 20 फरवरी की रात दो बजे से कार्रवाई शुरू करते हुए शुक्रवार 21 फरवरी की अहले सुबह चार बजे सभी लड़कियों को बरामद किया। इसके साथ ही 10 ऑर्केस्ट्रा संचालक को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि 14 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली ने बेतिया के डीआईजी हरिकिशोर राय को लेटर लिखा। 15 फरवरी तक डीआईजी को इस लेटर के बारे में जानकारी हुई। इसके बाद मिशन मुक्ति फाउंडेशन के संचालक ने भी इसकी जानकारी डीआईजी को दी। वहीं, मिशन मुक्ति फाउंडेशन के डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया की इन 16 लड़कियों में से एक लड़की को आरोपी ने दो बार गर्भवती कर दिया। पहली बार प्रेग्नेंट होने पर आठ महीने में उसका अबॉर्शन करवाया गया। ये घटना एक साल पहले की है। उस समय लड़की की जान को जोखिम में डाल दिया गया था, लेकिन वह बच गई। दूसरी बार फिर से उसे प्रेग्नेंट कर दिया गया। फिलहाल लड़की एक महीने की प्रेग्नेंट है। इस लड़की को जिस ऑर्केस्ट्रा वाले ने खरीदा था, वो दो-तीन लड़कों से पैसा लेकर इसके साथ गलत काम करवाता था।

### बिहार में जमीन खरीद बिक्री के लिए रजिस्ट्री ऑफिस जाने की जरूरत नहीं

# राज्य में जमीन खरीद बिक्री के लिए 27 से पेपरलेस रजिस्ट्री होगी शुरु

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के रजिस्ट्री कार्यालयों को बिना झंझट के कमाई का सबसे बड़ा केंद्र माना जाता है। कहा जाता है कि यहां जिसकी पोस्टिंग हुई, उसकी किस्मत दफ्तर में बैठे-बैठे ही संवर जाती है। कहीं हाथ-पैर मारने की जरूरत नहीं होती। लेकिन अब इस कमाई पर रोक लगने जा रही है। क्योंकि जमीन खरीद बिक्री करने वालों को रजिस्ट्री ऑफिस जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

**कहीं किसी कागज की जरूरत नहीं होगी :** कुछ महीने पहले ही राज्य के सभी रजिस्ट्री ऑफिस में ई-निबंधन सॉफ्टवेयर से जमीन रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब सरकार ने रजिस्ट्री की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करने का फैसला लिया है। बिहार में जमीन की खरीद-बिक्री पेपरलेस होगी। इसमें कहीं किसी कागज की जरूरत नहीं होगी। सबसे खास बात ये ही कि घर बैठे ही लोग जमीन की खरीद बिक्री कर लेंगे।

**चार रजिस्ट्री ऑफिस से शुरूआत :** बिहार सरकार ने पेपरलेस रजिस्ट्री की शुरूआत 27 फरवरी से करने का फैसला लिया है। शुरू में चार निबंधन कार्यालय में ये सुविधा दी जायेगी। 27 फरवरी से राज्य के चार निबंधन कार्यालय आरा, शेखपुरा, पटना के फतुहा और मोतिहारी के केसरिया रजिस्ट्री ऑफिस से होगी। इसके बाद धीरे-धीरे इसे सभी रजिस्ट्री कार्यालय में लागू किया जायेगा. सरकार ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के सभी 137 रजिस्ट्री कार्यालय में पेपरलेस रजिस्ट्री शुरू हो जायेगी।

- ♦ आरा, शेखपुरा, पटना के फतुहा और मोतिहारी के केसरिया रजिस्ट्री ऑफिस से होगी शुरुआत



**रजिस्ट्री में फजीवाड़े पर लगेगी रोक :** बिहार के निबंधन महानिरीक्षक रजनीश कुमार ने पेपरलेस रजिस्ट्री को लेकर सभी सब रजिस्ट्रार और डिप्टी सब रजिस्ट्रार को तैयार रहने का निर्देश दिया है। इस प्रणाली में पेपरलेस रजिस्ट्रेशन आधार प्रमाणीकरण वर्चुअल रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। इसका फायदा ये होगा कि जमीन खरीद बिक्री करने वाले को रजिस्ट्री ऑफिस आने की जरूरत नहीं होगी। वे अपने स्थान से ही ऑनलाइन रजिस्ट्री कर सकेंगे और स्टांप ड्यूटी के साथ साथ रजिस्ट्रेशन शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन माध्यम से कर सकेंगे। इससे रजिस्ट्री में फजीवाड़े की आशंका कम होगी।

**कातिब और स्टांप वेंडर के लिए भी व्यवस्था :** सरकार के ई निबंधन और पेपरलेस रजिस्ट्री योजना का कातिब और स्टांप वेंडर विरोध कर रहे थे। सरकार ने उन्हें बेरोजगार नहीं होने देने का भरोसा दिलाया है। वे लोग पेपरलेस रजिस्ट्री शुरू होने के बाद भी बेरोजगार नहीं होंगे। राज्य सरकार ने उनके लिए भी विकल्प दिया है। वे भी ऑनलाइन लॉगिन कर पहले जैसा काम करते रहेंगे। अंतर सिर्फ इतना होगा कि पहले फिजिकल डीड तैयार करते थे। अब उन्हें ऑनलाइन कार्य करना होगा। वैसे भी ई-निबंधन सॉफ्टवेयर से रजिस्ट्री शुरू होने के बाद कातिब ऑनलाइन तरीके से ही कार्य कर रहे हैं।

**लोगों को रजिस्ट्री ऑफिस का नहीं लगाना पड़ेगा चक्कर :** बिहार में अब तक जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए लोगों को कई बार निबंधन कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे। लेकिन नए सॉफ्टवेयर के आने से लोगों को यह परेशानी दूर हो गयी है। पेपरलेस रजिस्ट्री के बाद इसमें और भी राहत होगी। हालांकि, ऑफिस के पदाधिकारी व कर्मचारियों की परेशानी और बढ़ जायेगी। ई-निबंधन से रजिस्ट्री शुरू होने के बाद से ऑफिस के कर्मचारी व अधिकारी परेशान चल रहे हैं। कलम की जगह उन्हें माउस घुमाना पड़ रहा है। नये नियम से और परेशानी बढ़ेगी। तिरहुत प्रमंडल के सहायक निबंधन महानिरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि 27 से पेपरलेस रजिस्ट्री की शुरूआत होगी। राज्य के चार रजिस्ट्री ऑफिस में इसकी शुरूआत हो रही है। तिरहुत प्रमंडल के केसरिया ऑफिस इसमें शामिल है। जल्द सभी ऑफिस में पेपरलेस रजिस्ट्री शुरू होगी।

**इस साल सबसे ज्यादा छात्राओं को मिलेगी मदद :** शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के शुरू हो जाने के बाद इस बार सबसे ज्यादा लड़िकयों ने स्नात्तक की परीक्षा पास की है। लिहाजा विश्वविद्यालयों ने इस साल सबसे ज्यादा रिजल्ट भी अपलोड किये हैं। विश्वविद्यालयों ने 2024 तक ली गयी स्नात्तक परीक्षा का रिजल्ट ऑनलाइन कर दिया है। इसे परीक्षा सत्र पटरी में लाने शिक्षा विभाग की तरफ से उठाये कदमों का नतीजा भी माना जा रहा है।

## बोले तेजस्वी... सीएम नीतीश से ज्यादा फिट लालू प्रसाद, भाई है निशांत

**केटी न्यूज/ पटना**

तेजस्वी यादव द्वारा सीएम नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर सवाल उठाने पर मुख्यमंत्री के बेटे निशांत कुमार ने तेजस्वी याजव को दो टूक जवाब दिया था और कहा था कि उनके पिता नीतीश कुमार पूरी तरह से फिट हैं और सौ फीसद स्वस्थ्य हैं। निशांत के बयान पर तेजस्वी का जवाब आया है, तेजस्वी यादव ने बताया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आरजेडी चीफ लालू प्रसाद में कौन अधिक फिट है।

दरअसल, तेजस्वी यादव इन दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर तरह-तरह के दावे कर रहे हैं। तेजस्वी जहां भी जा रहे हैं सीएम के स्वास्थ्य पर सवाल उठा रहे हैं और दावा करते हैं कि नीतीश कुमार बीमार हैं और बुढ़ापे के कारण अब बिहार उनसे नहीं संभल रहा है। तेजस्वी के इस दावे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत ने कहा था कि उनके पिता नीतीश कुमार पूरी तरह से स्वस्थ्य है और सौ फीसद ठीक हैं। तेजस्वी ने सीएम नीतीश कुमार के बेटे निशांत को अपना भाई बताया और कहा कि निशांत अगर राजनीति में आएंगे तो उनका स्वागत है। शरद यादव की बनाई पार्टी को भाजपा और आरएसएस के लोग हाईजैक करना चाहते हैं। तेजस्वी ने कहा कि उनके पिता लालू यादव नीतीश कुमार से भी ज्यादा फिट हैं। लालू प्रसाद ने सामाजिक न्याय किया। रेलवे को 90 हजार करोड़ का मुनाफा दिलाया। उन्होंने कहा कि लालू जी ने जो काम किया, वह आज तक किसी ने नहीं किया है।

## दिल्ली से दरभंगा रूट में चार अप्रैल से अकासा एयर की फ्लाइट भरेगी उड़ान

**केटी न्यूज/ पटना**




दरभंगा एयरपोर्ट से इंडिगो स्पाइसजेट के बाद अब अकासा एयरलाइंस भी उड़ान भरने जा रही है। इसके लिए एयरलाइंस कम्पनी ने दिल्ली से दरभंगा रूट की टिकट बुकिंग भी चालू कर दिया है। इसकी पहली उड़ान चार अपैल से शुरू होने जा रही है। पहली उड़ान दिल्ली एयरपोर्ट से 9.00 होगी जबकि यह विमान दरभंगा एयरपोर्ट पर 10.55 अट पर लैंड करेगी। इसकी जानकारी लोगों को अकासा एयरलाइंस की साइट मिलने पर लोगों में खुशी का माहौल है।

अभी फिलहाल अकाशा ने सिर्फ दरभंगा दिल्ली रूट पर ही टिकट बुकिंग की शुरूआत की है। जिसमे टाइमिंग स्लॉट मिलने की भी जानकरी दी है। इसके हिसाब से पहली उड़ान चार अप्रैल को दिल्ली से नौ बजे होगी जो दरभंगा 10.55 बजे लैंड करेगी। वहीं दरभंगा एयरपोर्ट से 11.30 में टेकऑफ करके 1.25 बजे दिल्ली में लैंड करेगी। अकासा के चालू हो जाने से अब दरभंगा से दिल्ली रूट पर कुल मिलाकर स्पाइसजेट, इंडिगो सहित अकाशा मिलाकर 14 फ्लाइट हो जाने से हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि आकासा एयरलाइंस की सेवा शुरू होने से अब दिल्ली जाना और भी आसान हो जाएगा।




## राज्य में बीईओ पद समाप्त, अब नहीं होगी नयी बहाली

**पटना।** बिहार में शिक्षा विभाग से बड़ी खबर सामने आ रही है। अब शिक्षा विभाग ने एक और बड़ा फरमान जारी किया हैं। जिसमें बिहार में अब प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति नहीं होगी। उनके जगह पर पर्यवेक्षीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। शिक्षा विभाग के पत्र के अनुसार बिहार के सभी जिलों के कुछ प्रखंडों में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी का पद खाली है। जिसमें बीईओ के पद खाली होने से प्रखंड व जिला कार्यालय से समन्वय एवं विभागीय कार्यों में काफी कठिनाई हो रही है। ऐसे में विभाग के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रखंड में पदस्थापित पर्यवेक्षकीय स्तर के पदाधिकारी को अपने कार्यों के बीईओ के रिक्त पदों पर नियमित/ वैकल्पिक व्यवस्था होने तक प्रतिनियुक्त करना उचित रहेगा।

## भाजपा विधायक मिश्रीलाल सहित दो को तीन माह के कारावास की सजा

**केटी न्यूज/पटना**

दरभंगा व्यवहार न्यायालय के एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने अलीनगर के भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव सहित सुरेश यादव को तीन महीने की कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश करुणा निधि प्रसाद आर्य की अदालत ने मारपीट के एक मामले में अलीनगर के भाजपा विधायक मिश्रीलाल यादव सहित दो को सजा सुनाई है। इससे पूर्व कोर्ट ने विधायक और गोसाईं टोल पचाढ़ी निवासी सुरेश यादव को दोषी करार दिया। दोनों को भादवि की धारा 323 में सजा सुनाई। समैला निवासी उमेश मिश्र ने 30 जनवरी 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले के सूचक का आरोप था कि 29 जनवरी की सुबह मॉर्निंग वाक दौरान गोसाईं टोल के पास मिश्रीलाल यादव व सुरेश यादव सहित 20 से 25 लोग हरवे हथियार से लैस होकर कदम चौक पर घेर लिया और मिश्रीलाल यादव ने सिर पर फरसा रॉड और लाठी से प्रहार कर दिया। जिसके बाद परिजन उन्हें पीएचसी ले जाएगा गया, जहां चिकित्सक उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच के लिए रेफर कर दिया। इस मामले में अनुसंधानक ने 12 अक्टूबर 2019 को कोर्ट में आरोप पत्र समर्पित किया गया था।

## किसी भी कोने से 3.5 घंटे में पटना पहुंचने को लेकर किया जा रहा है काम

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सत्ताधारी भाजपा-जेडीयू की सरकार योजनाओं को तीव्र गति से मूर्त रूप देने में जुटी है। बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने सूबे में बन रहे एक्सप्रेस-वे को लेकर नई जानकारी दी है। साथ ही यह भी बताया है कि 2027 तक सूबे के किसी भी जगह से पटना 3.5 घंटे में पहुंचा जा सकता है। इसके लिए सरकार काम कर रही है। पटना में प्रेस कांफ्रेंस कर पथ निर्माण मंत्री सह सूबे के डिप्टी सीएम ने यह बात बताई है। पथ निर्माण विभाग का प्रेस कांफ्रेंस करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य के किसी भी कोने से पांच घंटे में राजधानी पहुंचा जा रहा है।

### चुनावी साल में मुख्यमंत्री नीतीश ने बेटियों को दिया बड़ा तोहफा

# अच्छी खबर : पांच लाख छात्राओं को मिलेंगे 50-50 हजार रुपए, तैयारी पूरी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं और चुनाव से पहले नीतीश कुमार बिहार की बेटियों को बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं। बिहार की करीब पांच लाख लड़कियों को मुख्यमंत्री की ओर से 50-50 हजार रुपए की मदद दी जायेगी। इसके लिए बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने तैयारी कर ली है।

**सीएम बालिका प्रोत्साहन योजना से मिलेगी राशि :** बिहार की लड़कियों को ये मदद मुख्यमंत्री बालिका स्नातक प्रोत्साहन योजना के तहत मिलने जा रही है। छात्राओं को योजना का लाभ दिलाने के लिए राज्य के विश्वविद्यालयों ने स्नातक पास पांच लाख से ज्यादा छात्राओं का रिजल्ट अपलोड किये हैं। इनमें सबसे अधिक रिजल्ट वर्ष 2024 में जारी हुए हैं। दरअसल इस योजना के तहत ग्रेजुएशन यानि स्नात्तक पास लड़कियों



को राज्य सरकार की ओर से 50-50 हजार रुपए की मदद मिलती है। यूनिवर्सिटी द्वारा स्नात्तक पास छात्राओं का रिजल्ट ऑनलाइन अपलोड किये जाने के बाद शिक्षा विभाग इस योजना का पैसा रिलीज करने की तैयारी कर रहा है। योजना का लाभ पाने के लिए इच्छुक छात्राओं को आवेदन के लिए शिक्षा विभाग बहुत जल्दी पोर्टल खोलने जा रहा है। आवेदन का अपलोड रिजल्ट के साथ सत्यापन के बाद पैसे देने की मंजूरी दी जायेगी।

### इस साल सबसे ज्यादा छात्राओं को मिलेगी मदद

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के शुरू हो जाने के बाद इस बार सबसे ज्यादा लड़िकयों ने स्नात्तक की परीक्षा पास की है। लिहाजा विश्वविद्यालयों ने इस साल सबसे ज्यादा रिजल्ट भी अपलोड किये हैं। विश्वविद्यालयों ने 2024 तक ली गयी स्नात्तक परीक्षा का रिजल्ट ऑनलाइन कर दिया है। इसे परीक्षा सत्र पटरी में लाने शिक्षा विभाग की तरफ से उठाये कदमों का नतीजा भी माना जा रहा है।



# महाकुंभ से लौट रही स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, सभी श्रद्धालु सुरक्षित

- हादसे की मुख्य वजह बनी झपकी
- राजपुर के महावीर स्थान के पास अहले सुबह की है घटना

**केटी न्यूज/बक्सर**



महाकुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की एक स्कॉर्पियो शनिवार सुबह राजपुर थाना क्षेत्र के महावीर स्थान के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। चालक को झपकी आने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, गनीमत रही कि हादसे में सभी श्रद्धालु सुरक्षित रहे, जबकि चालक सहित दो को हल्की चोटें आई है।

**कैसे हुआ हादसा :** प्रत्यक्षदर्शी महेश यादव के अनुसार, सुबह करीब 5 बजे अचानक एक तेज आवाज सुनाई दी। जब वे मौके पर पहुंचे, तो देखा कि स्कॉर्पियो पेड़ से टकरा चुकी थी और उसमें सवार लोग चोटिल थे। स्थानीय लोगों और पीछे आ रही श्रद्धालुओं की एक अन्य गाड़ी की मदद से घायलों को तुरंत पास के निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया।

**छह लोग थे सवार :** वाहन में कुल छह लोग सवार थे जिनमें दो पुरुष, दो महिलाएं, एक बच्चा और चालक। सभी यात्री बक्सर के इटाढ़ी क्षेत्र के निवासी थे और एक दिन पहले महाकुंभ स्नान के लिए गए थे।

**जांच में जुटी पुलिस :** राजपुर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि घटना की सूचना सुबह 10 बजे गश्ती दल से मिली। पुलिस वाहन के नंबर के आधार पर घायलों की स्थिति की जानकारी जुटा रही है और यह भी देख रही है कि उनका इलाज कहां चल रहा है।

**नींद बनी हादसों की वजह :** महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को ले जा रहे वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अधिकतर मामलों में चालक को झपकी आना मुख्य कारण बन रहा है। प्रशासन को इस ओर सख्ती से ध्यान देने की जरूरत है ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकें और सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सकें। गौरतलब हो कि इसके पहले मुफ्स्सिल, नया भोजपुर, कृष्णाब्रह्म व सोनवर्षा थाना क्षेत्रों में महाकुंभ जाने या लौटने के दौरान चालक को झपकी आने से हादसे हो चुके है, जिनमें जान माल की क्षति भी हुई है। गनीमत रही कि यहां किसी की मौत नहीं हुई तथा समय पर एअर बैग खुलने के कारण श्रद्धालु बाल-बाल बच गए।

## एक नजर

### भूमि विवाद को ले थाना में जनता दरबार आयोजित



**सिमरी।** सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को जिले के सभी थानों में जनता दरबार का आयोजन कर भूमि विवाद संबंधी मामले की सुनवाई की गयी। इस क्रम में सिमरी थाना परिसर में अंचलाधिकारी भगवती शंकर पाण्डेय एवं थानाध्यक्ष कमल नयन पाण्डेय द्वारा संयुक्त रूप से जनता दरबार लगाकर भूमि विवाद संबंधी मामले की सुनवाई की गयी। इस दौरान आयोजित जनता दरबार में 13 फरियादी जमीन से संबंधित मामला लेकर पहुंचे। जहां दोनों पक्ष के लोग उपस्थित थे। अंचलाधिकारी द्वारा दोनों पक्षों की दलीलें सुनी उसके बाद आन द स्पाट नौ मामले का निष्पादन किया गया। वहीं, चार मामलों में सुनवाई की अगली तिथि शनिवार को दी गई। इसके अलावे भी प्रखंड के तिलक राय के हाता व रामदास राय के डेरा थानों में भी जनता दरबार को आयोजन कर भूमि विवाद के मामलों का निपटारा किया गया। अंचलाधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारह अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद संबंधी मामले की सुनवाई की जा रही है। ताकि, जमीन विवाद के मामलों में होने वाले अपराध और वारदातों पर नकेल कसा जा सके। इसलिए दोनों पक्षों के लोगों को बुलाया जाता है।

### बक्सर में मनाई गई कांग्रेस नेता स्व. मोहन तिवारी की जयंति, आयोजित हुआ समारोह

**बक्सर।** शनिवार को बक्सर जिला कांग्रेस कमेटि कार्यालय पर स्व. मोहन तिवारी की 27 जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटि अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता थे। आजीवन कांग्रेस के विचारधारा से जुड़े रहे तथा संगठन को मजबूत बनाने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिए। डा पाण्डेय ने कहा कि छात्र जीवन में जब मैं एनएसयूआई जुड़ा था तब वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे तथा कभी भी झुक कर राजनीति नहीं किए। युवाओं के लिए उनका दरवाजा हमेशा खुला रहता था। वे युवाओं को हमेशा प्रेरित करते रहते थे। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि मुझे छात्र राजनीति में उनके जैसे महापुरुष का आशीर्वाद मिलते रहता था। वहीं, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटि के सदस्य डॉ सत्येंद्र ओझा ने उन्हें पार्टी का समर्पित सिपाही बताया तथा कहा कि पार्टी के प्रति उनका योगदान अतुलनीय है। डॉ ओझा ने कहा कि स्व. तिवारी ऐसे व्यक्ति थे जो की बूथ स्तर के कार्यकताओं को भी सम्मान दिलाने के लिए अपनी प्रतिष्ठा लगाकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत एवं सशक्त करने में अहम भूमिका निभाते थे। उन्होंने कहा कि उनके पदचिन्हों पर चलकर ही कांग्रेस को मजबूत बनाया जा सकता है। मौके पर त्रिलोकी नाथ मिश्रा, त्रियोगी नारायण मिश्रा, संजय कुमार दुबे, भोला ओझा, कुमकुम देवी, निर्मला देवी, रूनी देवी, रोहित उपाध्याय, अभय मिश्रा, अजय यादव, सुरेश जायसवाल, बब्बन तुरहा, मालती देवी, सीमा कुमारी, संजय कुमार पांडेय समेत सैकड़ों कार्यकताओं ने उनके तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।



## खबरें फटाफट

### नये भवन में स्व. शशि कुमार सिंह की मनाई गई 19वीं पुण्यतिथि

**बक्सर।** न्यायालय परिसर स्थित नये अधिवक्ता भवन में शनिवार को अधिवक्ता स्व. शशि कुमार सिंह की 19 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर अधिकवक्ताओं ने उनके अनुकरणीय कार्यों को याद किया तथा जीवन में आत्मसात करने की जरूरत पर बल दिया। वक्ताओं ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आजीवन न्याय के पक्षधर रहे शशि के जीवनी से लोगों को अच्छा मार्गदर्शन मिल सकता है। वे अपने जीवन काल में कठिन परिश्रम और लगन के चलते इतिहास के पन्नों पर अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाए हैं। आने वाली पीढ़ियों को उनके जीवन से मार्गदर्शन लेते हुए अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन वरीय अधिवक्ता राम नाथ ठाकुर एवं धन्यवाद ज्ञापन आदित्य कुमार वर्मा ने किया। मौके पर अधिवक्ता गणपति मंडल व बिनोद सिंह अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जयराम सिंह, गणेश ठाकुर, अंजनी सिंह, विजय कुमार ओझा, अजय सिंह, मंगल सिंह, रविंद्र सिंह, सरफराज, राजू राय, कामेश्वर शर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बिहार पुलिस सप्ताह-2025 का बक्सर में भव्य शुभारंभ, एसपी शुभम आर्य ने दिखाई हरी झंडी

# अपराध नियंत्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाना ही पुलिस सप्ताह का उद्देश्य: एसपी

- विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**केटी न्यूज/बक्सर**







शनिवार को बक्सर में पुलिस सप्ताह 2025 की शुरूआत हर्षोल्लास के साथ की गई। इसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह कार्यक्रम पूरे सप्ताह चलेगा तथा इसके तहत विभिन्न जागरूकता अभियानों, प्रतियोगिताओं और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

उद्घाटन के दौरान एसपी शुभम आर्य ने कहा कि बिहार पुलिस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित करना, सुरक्षा को मजबूत बनाना और अपराध नियंत्रण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता के सहयोग के बिना अपराध नियंत्रण मुश्किल काम है। उन्होंने कहा कि पुलिस को आम जनता के साथ मित्रवत संबंध स्थापित करना चाहिए, तभी अपराध नियंत्रण के जीरो टॉलरेंस की नीति को धरातल पर उतारा जा सकता है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को आम जनता के साथ संबंध बेहतर करने तथा जनता की शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।

**विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन :** बिहार पुलिस सप्ताह के अंतर्गत कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है, जिनमें युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उनमें अनुशासन की भावना विकसित करने के लिए विभिन्न खेल स्पधाओं का आयोजन किया जाएगा। बच्चों और युवाओं को रचनात्मकता का अवसर देने के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पुलिस विभाग द्वारा जागरूकता रैली निकाली जाएगी, जिसमें पुलिसकर्मी और आम नागरिक एक साथ हिस्सा लेंगे। युवाओं को नशे से दूर रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इंटरनेट और डिजिटल सुरक्षा को लेकर छात्रों और आम लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें छात्र कानून व्यवस्था और समाज में पुलिस की भूमिका जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

**23 फरवरी को आयोजित किया गया है रक्तदान शिविर :** पुलिस सप्ताह के तहत 23 फरवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस दिन स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। एसपी शुभम आर्य ने कहा कि पुलिस विभाग न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने में योगदान देता है, बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी अपनी भूमिका निभाता है। इसी कड़ी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही, स्वच्छता अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

एसपी शुभम आर्य ने बताया कि बिहार पुलिस सप्ताह का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि पुलिस और जनता के बीच रिश्तों को और मजबूत बनाना भी है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए पुलिस की आम जनता तक पहुंच बढ़ेगी और लोगों की समस्याओं का समाधान करने में भी मदद मिलेगी। बक्सर जिले में इस सप्ताह के दौरान पुलिस विभाग विभिन्न समुदायों के साथ संवाद स्थापित करेगा और उनकी सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को समझने का प्रयास करेगा। एसपी ने सभी नागरिकों से इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकें।

# खाली घर देख चोरों ने उड़ाए जेवर व अनाज, प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्यूज/राजपुर**



राजपुर थाना क्षेत्र के तियरा गांव एक खाली घर देख कुछ अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। जहा रखे वस्त्र, अनाज व जेवरात उड़ा लिए और आराम से चंपत हो गए। दो दिन बाद गृहस्वामी लौटी तो घर के हालात देख पुलिस को सूचना दी व अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

मिली जानकारी के अनुसार तियरा निवासी गुलजारो देवी पति दिलीप कुमार राम किसी काम से घर मे ताला लगा मायके चली गई थी। दो दिन बाद घर लौटी तो खुला दरवाजा व बिखरे सामान देख अवाक रह गई। उसने चोरी की बाबत अगल-बगल से पूछा, इस बात की चर्चा होते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। जिसके बाद गुलजारो देवी ने राजपुर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन दिया गया। गुलजारो देवी ने बताया कि जब वह मायके गई थी तो कुछ अज्ञात चोर घर मे प्रवेश कर घर में रखे खाने का अनाज, कीमती गहना एवं कपड़ा सहित लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति की चोरी कर लिया गया। उसके अगले दिन जब वह घर लौटी तो अंदर के दरवाजा टूटा हुआ था। घर का सभी सामान गायब था। जिसे देख आश्चर्य में पड़ गई।

घटना को लेकर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी गई है।

# आभूषण दुकान में चोरी का नहीं हुआ खुलासा, दहशत में व्यवसायी

- 18 फरवरी की रात कोरानसराय बाजार स्थित कृति ज्वेलर्स में हुई थी भीषण चोरी, सीसीटीवी में दिखा था एक संदिग्ध

**केटी न्यूज/डुमरांव**

18 फरवरी को कोरानसराय बाजार के मुख्य पथ के किनारे स्थिति कृति ज्वेलर्स नामक एक आभूषण दुकान में भीषण चोरी की घटना हुई थी। चोरों ने स्प्रे कटर से आभूषण दुकान के मुख्य गेट व लॉकर का ताला काट करीब 8 लाख रूपए मूल्य के आभूषण तथा 30 हजार रूपए नगद चुरा लिए थे। इस मामले में पीड़ित दुकानदार ने 19 फरवरी को अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया।

पुलिस इस मामले के शीघ्र उद्भेदन के लिए लगे हाथ एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाई। इसके अलावे आस पास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया तथा तकनीकी तरीके से अनुसंधान का दावा पुलिस ने किया है, बावजूद घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस इस वारदात में शामिल चोरों की शिनाख्त नहीं कर पाई है। जबकि पुलिस का दावा था कि जल्दी ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

घटना के बाद से कोरानसराय बाजार के व्यवसायियों व दुकानदारों में चोर उचक्कों का भय बना हुआ है। बता दें कि इसके पहले भी कोरानसराय में कई बार चोरी की घटना हो चुकी है, जिसका उद्भेदन भी अबतक नहीं हुआ है। वहीं, इस घटना के बाद व्यवसायी सहमे हुए है। व्यवसायियों ने सुरक्षा की मांग की है। दुकानदारों ने लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने तथा चोरों को पकड़ने की मांग पुलिस से की है।




## उभयलिंगी व्यक्तियों के विकास व समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की तेज होगी कवायदें

# ट्रांस जेंडर्स के विकास के बिना नहीं पूरी होगी विकसित समाज की परिकल्पना: न्यायाधीश

**केटी न्यूज/बक्सर**



बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार ट्रांस जेंडर के एकीकरण पुनर्वास एवं न्याय तक पहुंच की योजना 2023 के अंतर्गत सितारा 2023 की विस्तृत जानकारी देने के लिए शनिवार को जिले के ट्रांसजेंडरों के साथ विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह न्यायाधीश नेहा दयाल ने एक बैठक की। इस बैठक में ट्रांसजेंडरों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

न्यायाधीश ने उन्हें बताया कि अब प्रत्येक महीने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारियों के साथ ट्रांसजेंडरों के विकास, शिक्षा तथा उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बैठक की जाएगी। इस बैठक में उनके समुचित विकास, शिक्षा से जोड़ने, उनके वैकल्पिक रोजगार समेत कई बिंदुओं पर चर्चा होगी तथा ट्रांसजेंडरों के विकास के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उन्हें दिलवाया जाएगा। सचिव ने बताया कि ट्रांस जेंडर भी समाज के अभिन्न अंग है, उनके विकास के बिना समाज को विकसित बनाने की सोंच अधूरी रह जाएगी। इस कारण उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना जरूरी है। न्यायाधीश ने बताया कि ट्रांस जेंडरों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने, उनके पुनर्वास, रोजगार, शिक्षा आदि के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका लाभ उठा ट्रांस जेंडर अपनी स्थिति को सुधार सकते है तथा वे भी आत्मनिर्भर बन समाज को मजबूत बनाने में अपना योगदान दे सकते है।

मौके पर उपस्थित ट्रांसजेंडरों ने इस प्रयास के लिए न्यायाधीश के प्रति आभार जताया तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी पा खुशी जताई। बैठक में रुपा, गुनगुन, पपिया, तान्या आदि ट्रांसजेंडरों के साथ चीफ, एलईडीसीएस विनय कुमार एवं डिप्टी चीफ एलईडीसीएस कुमार मानवेन्द्र भी उपस्थित थे।



# जनसुराजः डुमरांव अनुमंडल के अध्यक्ष बने जनार्दन सिंह और महिला अध्यक्ष बनीं रिंकी देवी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल में जन सुराज संगठन की मजबूती और विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक एक निजी मैरिज हॉल में शनिवार को की गई।

जिसकी अध्यक्षता जिला प्रभारी तथागत हर्षवर्धन ने की, जबकि जिला अध्यक्ष जयराम सिंह कुशवाहा, जिला महिला अध्यक्ष अंशु कुमारी, संगठन महासचिव अरविंद पाण्डेय, जिला किसान अध्यक्ष दिवाकर पाठक, जिला युवा अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, जिला अभियान संयोजक भृंगुनाथ रजक,



जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय और मनोज उपाध्याय, जिला सचिव पिंटू प्रधान और रवि प्रकाश सिन्हा, डुमरांव अनुमंडल सचिव प्रवेंद्र कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रभुदत्त ओझा, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष रेखा कुशवाहा, जिला संरक्षक डॉ. सरोज ओझा और लालधारी प्रसाद, जिला महिला उपाध्यक्ष कनकलता सिंह, अनुमंडल महिला अध्यक्ष ज्योति गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवांग विजय सिंह, बजरंगी मिश्रा, धनजी पांडे, रघुवर सिंह समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

**बैठक में की गई प्रखंड समितियों की घोषणा :**बैठक में मुख्य रूप से डुमरांव प्रखंड सहित सभी प्रखंडों की समितियों का गठन किया गया। इस दौरान जनार्दन सिंह को डुमरांव का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं, महिला अध्यक्ष रिंकी देवी, महासचिव ददन गुप्ता, किसान प्रकोष्ठ का अध्यक्ष पुरषोत्तम यादव, युवा अध्यक्ष हसनैन खान, अभियान संयोजक पप्पू कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह, शशि भूषण ओझा, ओमप्रकाश सिंह, श्रीराम पासवान, रोजा अंसारी, मालती देवी आदि को बनाया गया। वहीं, सिमरी प्रखंड समिति में अध्यक्ष अजय कुमार ओझा, महिला अध्यक्ष प्रिया पांडेय, महासचिव ललन प्रसाद, किसान अध्यक्ष आशुतोष कुंवर, युवा अध्यक्ष साधु यादव, अभियान संयोजक सोनू सिंह, व उपाध्यक्ष मुकेश कुमार श्रीवास्तव, संतोष यादव, ओमप्रकाश प्रसाद, कमलेश बारी, पप्पू गोंड, एमडी मुस्तफा अंसारी व कंचन देवी को बनाया गया।

जबकि चक्की प्रखंड समिति में अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, महिला अध्यक्ष गुलशन खातून, महासचिव साधु सरण यादव, किसान अध्यक्ष विजय राम, युवा अध्यक्ष राकेश पांडेय, उपाध्यक्ष आदित्य कुमार चौबे, हरेंद्र पांडेय, विजेंद्र सिंह, रत्नेश कुमार चौबे, संतोष कुमार सिंह, तेज बहादुर यादव, गुड्डू हज्जाम, नंदलाल पासवान व मुन्ना अंसारी को जिम्मेवारी दी गई। नवानगर प्रखंड समिति में अध्यक्ष जय प्रकाश, महिला अध्यक्ष रेनू पाण्डेय, महासचिव सुमन पाण्डेय, किसान अध्यक्ष हीरालाल कुशवाहा, उपाध्यक्ष कृष्णकांत सिंह, राम अयोध्या सिंह, जमार अंसारी, उमेश यादव, सरोज प्रजापति व लाल बाबू गुप्ता को बनाया गया है।

वहीं, ब्रह्मपुर प्रखंड समिति अध्यक्ष जय प्रकाश पांडेय उर्फ गुड्डू पांडेय, महिला अध्यक्ष सरिता सिंह, महासचिव विशाल कुमार, किसान अध्यक्ष राजेश प्रसाद सिंह, युवा अध्यक्ष अखिलेश सिंह, अभियान संयोजक चंदन कुंवर, मुख्य प्रवक्ता विकास कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह, अजीत सिंह, मर्ध्वाज पांडेय, इंद्रजीत तिवारी, कमलेश तिवारी, शंभूनाथ सिंह, राहुल कुमार सिंह व वाल्मीकि यादव को बनाया गया है।

केसठ प्रखंड समिति में अध्यक्ष अरुण मिश्रा, महिला अध्यक्ष मंजू द्विवेदी, महासचिव रविंद्र आर्य, किसान अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी, युवा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भास्कर, अभियान संयोजक बिट्टू सिंह, मुख्य प्रवक्ता राजीव रंजन, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रजापति, अशोक गुप्ता, अंशु पटेल, बेनु गोपाल तिवारी, मदन प्रसाद व मंजू कुमारी को जबकि चौगाईं प्रखंड समिति में अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह, महिला अध्यक्ष वैजयंती देवी, महासचिव धीरेंद्र यादव, किसान अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, युवा अध्यक्ष करुणापति तिवारी उर्फ बबलू तिवारी, अभियान संयोजक विवेक सिंह, मुख्य प्रवक्ता अजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष हरदेव सिंह, प्रमोद सिंह, धनंजय पाठक, वीरेंद्र यादव, भरविंद सिंह व अयोध्या यादव को बनाया गया।

### अंग्रेजी के साथ संपन्न हुई मैट्रिक के अनिवार्य विषय की परीक्षा, परीक्षार्थियों ने जमकर की मस्ती

# अंतिम दिन परीक्षार्थियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा दी होली की अग्रिम शुभकामनाएं

**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार को दोनों पालियों में अंग्रेजी विषय की परीक्षा के साथ ही बिहार बोर्ड द्वारा आहूत मैट्रिक परीक्षा के अनिवार्य विषय संपन्न हो गए है। सोमवार को ऐच्छिक विषय की परीक्षा ली जाएगी। अनिवार्य विषयों की परीक्षा के साथ ही अधिकतर परीक्षार्थियों की परीक्षा संपन्न हो गई है।

अंतिम दिन दोनों पालियों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा ली गई। किसी भी परीक्षा केन्द्र से नकल के आरोप में किसी परीक्षार्थी को निष्कासित किए जाने की सूचना नहीं मिली है। वहीं, अंतिम दिन सभी परीक्षा केन्द्रों पर वरीय पदाधिकारियों ने निरीक्षण कर इसका जायजा लिया कि कोई परीक्षार्थी नकल तो नहीं कर रहा है। हालांकि, किसी भी परीक्षा केन्द्र से नकल के आरोप में कोई परीक्षार्थी नहीं पकड़ा गया।



**दोनों पालियों में अनुपस्थित रहे सैकड़ो परीक्षार्थी :** जिला नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 के अंतिम दिन प्रथम पाली में अंग्रेजी में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 13233 थी, जिनमें उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 13041 व 192 परीक्षार्थी विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे।

वहीं, द्वितीय पाली में कुल 13352 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, जिनमें 13081 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए वहीं, 171 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। जिला नियंत्रण कक्ष ने सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न होने की जानकारी दी हैं।

**एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा परीक्षार्थियों ने दी होली की बधाई :** मैट्रिक परीक्षा संपन्न होते ही परीक्षार्थियों का तनाव गायब हो गया था। आलम यह था कि परीक्षा कक्ष से बाहर निकलते ही सभी अपने साथियों से गले मिल उन्हें विदाई दे रहे थे। इस दौरान कई परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थी एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा होली की अग्रिम बधाई दे रहे थे। इनमें छात्राएं भी शामिल थी। डुमरांव के मॉडल परीक्षा केन्द्र बनाए गए प्लस टू महारानी उषारानी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र से बाहर निकलने के दौरान छात्राएं भी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते दिखी। बता दें कि मैट्रिक परीक्षा के बाद सभी छात्र अपने घर चले जाएंगे। अब परीक्षा परिणाम आने के बाद ही वे स्कूल आएंगे, जबकि होली का त्योहार 14 मार्च को मनाया जाएगा। यहीं कारण है कि परीक्षार्थी एक दूसरे को होली की बधाई दे रहे थे। कई केन्द्रों पर वीक्षकों ने भी उन्हें गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दी है।

परीक्षा संपन्न होते ही छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था। छात्र काफी खुश हो अपने घर लौट रहे थे। इस बार पूरे परीक्षा के दौरान भले ही परीक्षा केन्द्रों के अंदर सख्ती का माहौल था, लेकिन परीक्षार्थियों ने अच्छी तैयारी की थी तथा कुछ विषयों को छोड़ अन्य विषय के पेपर भी आसान थे। यहीं कारण है कि परीक्षार्थी खुश नजर आ रहे थे।

## जाम से जूझते रहे परीक्षार्थी व आम यात्री



**डुमरांव।** मैट्रिक परीक्षा के अंतिम दिन शनिवार को मैट्रिक के परीक्षार्थी पूरे दिन जाम से जूझते रहे। जाम का सबसे अधिक दंश दोपहर में देखा गया, जब प्रथम पाली की परीक्षा संपन्न हुई। प्रथम पाली की परीक्षा संपन्न होते ही जहां परीक्षार्थी अपने घर जाने के लिए बेताब थे तो दूसरी पाली के परीक्षार्थी भी अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने के लिए परेशान हो गए थे। इस दौरान स्टेशन रोड, राजगोला रोड, चौक रोड के अलावे लिंक मार्गों पर भी जाम लग गया था।

एक तरफ मैट्रिक परीक्षा तो दूसरी तरफ शुभ लग्नों के कारण बाजार में भीड़ अधिक थी। जिस कारण पूरे दिन जाम लगते रहा। सबसे खराब स्थिति नया थाना से लेकर लंगटू महादेव मंदिर तक तथा राजगोला से लेकर चौक तक की थी। जाम के दौरान पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था। परीक्षार्थी काफी परेशान हो गए थे। वहीं, आम यात्रियों को भी इस जाम से जूझना पड़ा। कई लोग तो अपने निर्धारित वाहन को छोड़ पैदल ही परीक्षा केन्द्र पर पहुंच रहे थे। इस दौरान लोग व्यवस्था को भी कोसते नजर आ रहे थे। मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन से ही परीक्षार्थियों को जाम से जूझना पड़ रहा था।

### एक नजर

## अनमोल एप पर आरसीएच के डेटा अपडेट रखें होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग: एमओआईसी



**डुमरांव।** स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ रखने और गुणवत्तापूर्ण बनाने को लेकर प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा की गई। जिसमें नियमित टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, एचएमआईएस रिपोर्ट आदि के साथ को अनमोल एप व आरसीएच पोर्टल की भी समीक्षा की गई। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरबी प्रसाद ने नियमित टीकाकरण की समीक्षा के दौरान बताया कि नियमित टीकाकरण का संचालन कोविड टीकाकरण से भी अधिक जटिल है। कोविड टीकाकरण में आप केवल टीके की डोज देते हैं। जिसके बाद उसके अन्य निर्धारित डोज की अवधि एक साल में पूरी हो जाएगी। लेकिन, नियमित टीकाकरण में शिशुओं के जन्म से लेकर पांच साल तक फॉलोअप करते हुए उन्हें निर्धारित टीके की डोज से लाभान्वित करना होता है। इसलिए लाभुकों के सभी डेटा अपडेट रखने पड़ते हैं। इसलिए सभी एएनएम/आशा माह में एक बार अपने इलाके में सर्वे कर नियमित टीकाकरण के लिस्ट को अपडेट रखें। ताकि, सत्रों के संचालन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही, उसकी आसानी से मॉनिटरिंग हो सके। उन्होंने बताया कि विभाग के निदेर्शानुसार अब मातृ एवं शिशु से संबंधित सभी कार्यक्रमों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग हो रही। इससे न सिर्फ कार्यों का डेटा सुरक्षित रहता है, बल्कि कार्य करना भी आसान हो गया है। आरसीएच पोर्टल और अनमोल एप के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धातृ माताओं, नवजात शिशुओं और बच्चों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग की जानी है। ताकि, सभी आरसीएच से संबंधित सभी डेटाओं को रियल टाइमिंग में फीड कर अपडेट रखा जा सके। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक अफरोज आलम, बुनियाद केंद्र प्रबंधक काश्मीरी चौधरी, प्रखंड अनुश्रवण व मूल्यांकन सहायक उमेश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# केसठ में आयोजित निपुण टीएलएम मेले में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

- प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश राम द्वारा किया गया निर्णायक मंडल का गठन

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड स्तरीय निपुण टीएलएम मेला का आयोजन हुआ। जिसमें प्रखंड के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रखंड स्तरीय निपुण टीएलएम मेला का आयोजन विभागीय निर्देश पर संकुल संसाधन केंद्र केसठ के प्रांगण में किया गया।

इस मेला में सर्वश्रेष्ठ टीएलएम के चयन हेतु प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश राम द्वारा निर्णायक मंडल का गठन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बीपीएम शिक्षा सुनील कुमार,



बीआरपी श्रीकांत दुबे, विजेंद्र मिश्रा, अनिल कुमार के सदस्य के रूप में थे। वहीं टीएलएम प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों में बिमलेश कुमार, दीपमाला कुमारी, शिवशंकर उपाध्याय, रश्मि कुमारी, सीता कुमारी, रविरंजन पाठक, ज्योति आदि शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल थे, जिन लोगों द्वारा अपने-अपने टीएलएम की प्रस्तुति की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्णायकों द्वारा प्रखंड स्तर पर चयनित किए गए प्रतिभागी जिला स्तर पर होने वाले टीएएम मेला में भाग लेंगे। जिसमें से प्रथम स्थान पर संस्कृत प्राथमिक विद्यालय केसठ, द्वितीय स्थान पर मध्य विद्यालय बैजनाथपुर, वही तृतीय स्थान पर मध्य विद्यालय पूर्वी शिवपुर जिला के लिए चयन हुआ है। वही इस मौके पर पूर्व सीआरसी मनोज कुमार, नशरूदीन अंसारी, मुकेश कुमार सहित अन्य प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

## अंधेरे में डूबा है पुराना भोजपुर चौक रोड

**डुमरांव।** बिजली कंपनी की लापरवाही से पुराना भोजपुर चौक से जुड़े रोड का तार जल जाने के कारण छह माह से अंधेरे का साम्राज्य कायम है। इसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों से की गई, लेकिन किसी ने इसे दूर करने की पहल नहीं की। अब मोहल्ले के लोग बिजली कंपनी के अधिकारियों से आर–पार की लड़ाई लड़ने के मूड में आ गए हैं। मालूम हो कि पुरानाभोजपुर चौक से सत्यनारायण ठाकुर के घर तक बिजली का तार काफी जर्जर हो गया था, लिहाजा लोड बढ़ने के कारण पूरा तीनों फेज का तार जल गया। पुरानाभोजपुर निवासी जदयू नेता नंदजी चौधरी ने बताया जले तार को बदलने के लिये उपभोक्ताओं ने कईबार विभाग के अधिकारियों को आवेदन देकर गुहार लगाया, लेकिन इस पर कोई पहल नहीं की गई, जिससे लोग छह महीने से परेशानी झेल रहे हैं। तार जले छह महीना बीत गया, लेकिन विभाग लापरवाह बना हुआ है।










### पहले दिन वैदिक विद्वानों द्वारा दी गई आहूतियां, श्रद्धालुओं ने की मंडप परिक्रमा

# रघुनाथपुर में अरणी मंथन के साथ ही शुरू हुआ महाकालेश्वर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर प्रखंड के रघुनाथपुर तुलसी आश्रम स्थित महाकालेश्वर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के लिए आयोजित महायज्ञ शनिवार को अरणी मंथन के साथ विधिवत रूप से शुरू हुआ। पहले दिन यज्ञाचार्य राजू जी महाराज के नेतृत्व में वैदिक ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार व आहूतियों के साथ कई विधानों को पूरा किया। वहीं, यज्ञाचार्य व सिद्धार्थ परमहंस जी महाराज के नेतृत्व में महायज्ञ में शामिल होने आए साधु संतों ने मंडप परिक्रमा की शुरूआत की। इसके बाद मंडल परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया था। परमहंस जी ने कहा कि मंडप परिक्रमा से महायज्ञ का फल मिलता है।



राष्ट्रीय संत स्वामी सिद्धार्थ परमहंस जी की मृदुलमयी उपस्थिति में यज्ञाधीश राजू जी महाराज (बालक बाबा), एवं यज्ञाचार्य बबलू जी महाराज की अगुवाई में अयोध्या एवं काशी के विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अरणी मंथन कर यज्ञ के लिए पवित्र अग्नि प्रज्ज्वलित की गई। इससे पूर्व पंडित सोनू तिवारी, दीपक ओझा, मुकेश पाण्डेय, मोहन पांडेय राजन पांडेय कृष्णा दुबे आदि विद्वान पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचाग पूजन एवं मंडल प्रवेश कराया गया।

यज्ञ के प्रथम दिन अयोध्या से आए कथावाचक अनिल मिश्रा बृजनंदन बाबा एवं शिवजी उपाध्याय के द्वारा शिवपुराण की कथा सुनाकर श्रद्धालु भक्तों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त कथामृत का पान करने आए थे। वैदिक विधानों व कथा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे जयकारे से माहौल भक्तिमय बन गया था। पहले दिन ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस महायज्ञ में शामिल हुए। जिनमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या भी काफी अधिक थी।

गौरतलब हो कि शुक्रवार को इस महायज्ञ के तहत आकर्षक शोभा यात्रा निकाल जलभरी किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष शामिल हुए थे। यह शोभा यात्रा रघुनाथपुर तथा ब्रह्मपुर में आकर्षण का केन्द्र बन गया था। बड़ी संख्या में लोग कलश यात्रा को देखने के लिए अपने घर से बाहर निकले थे। रविवार से यज्ञ के दूसरे दिन चौसठी मठ के मठाधीश श्री प्रकाश जी महाराज का आगमन एवं शिवपुराण का कथावाचन होगा।

# वीकेएसयू : 15 साल बाद भी नहीं हो सका एकेडमिक काउंसिल का चुनाव

- 2021 में एक्ट के अनुसार एकेडमिक काउंसिल के लिए सदस्यों का हुआ था मनोनयन
- वीर कुंवर सिंह विवि में वर्ष 2009 में हुआ था चुनाव संपन्न




केटी न्यूज/आरा

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में एकेडमिक काउंसिल का चुनाव वर्षों से लंबित है। चुनाव नहीं हो पाने से नये सदस्यों को बैठक में शामिल होने का मौका नहीं मिल पा रहा है। वहीं मनोनीत सदस्य जिनका कार्यकाल पूरा हो चुका है, उनकी जगह भी मनोनयन की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा रही है। मालूम हो कि वर्ष 2021 में एक्ट के अनुसार एकेडमिक काउंसिल के लिए सदस्यों का मनोनयन तो हुआ, लेकिन छह पदों पर चुनाव की प्रक्रिया नहीं अपनाई जा सकी है। इस मसले पर कई बार सीनेट व सिंडिकेट में आवाज भी उठ चुकी है। बावजूद चुनाव नहीं हो पाया है। अब तक चुनाव को ले कोई सुगबुगाहट नहीं दिख रही।

मालूम हो कि बिहार राज्य विवि अधिनियम के तहत एकेडमिक काउंसिल का चुनाव तीन साल के लिए होता है। हर तीन साल बाद चुनाव का प्रावधान है। वीर कुंवर सिंह विवि में वर्ष 2009 में यह चुनाव हुआ, लेकिन आज 15 वर्ष बीतने के बाद भी चुनाव नहीं हो पाया। शिक्षक प्रतिनिधियों का होना है चुनाव विवि में एकेडमिक काउंसिल की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। एकेडमिक काउंसिल में ही छात्र हित से जुड़े निर्णय लिये जाते हैं। मालूम हो कि वर्तमान समय में एकेडमिक काउंसिल के लिए छह शिक्षकों का चुनाव होना है, क्योंकि अन्य सदस्य मनोनीत होते हैं। इसके अलावा इसमें विवि के अधिकारी, पीजी हेड व डीन भी सदस्य होते हैं, जबकि कुछ प्राचार्य का मनोनयन भी वीसी करते हैं। मनोनयन की प्रक्रिया तो अपना ली गई, लेकिन चुनाव पर विवि प्रशासन मौन साधे है। हालांकि संबद्ध कॉलेज कोटा से पांच प्राचार्य जिनका मनोनयन हुआ था, उनका भी कार्यकाल पूरा हो चुका है। बता दें कि विभिन्न फैकल्टी से छह पद पर चुनाव होने हैं। इनमें पीजी विभाग, अंगीभूत कॉलेज और संबद्ध कॉलेजों के शिक्षक उम्मीदवार हो सकते हैं। वहीं दो सदस्य ऐसे होते हैं, जिनका मनोनयन एकेडमिक काउंसिल करती है। इसमें दूसरे विवि के शिक्षकों को एक्सपर्ट के रूप में शामिल किया जाता है। इसका भी मनोनयन बाकी है। सीनेट और सिंडिकेट के सदस्यों के चुनाव की उठ चुकी है मांग वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में सीनेट और सिंडिकेट सदस्यों का कार्यकाल पूरा होने पर भी चुनाव की सुगबुगाहट नहीं है।

## चुनाव के लिए नोडल अधिकारी की हुई नियुक्ति

इस बार आयोजित सीनेट की बैठक में सिंडिकेट और सीनेट चुनाव पर चर्चा हुई। इस पर विवि ने चुनाव कराने की घोषणा की थी। सिंडिकेट और सीनेट सदस्यों का निर्वाचन प्रक्रिया मई और जून माह में पूरी करने को कहा गया है। मालूम हो कि च्इस बार आयोजित सीनेट की बैठक में सिंडिकेट और सीनेट चुनाव पर चर्चा हुई। इस पर विवि ने चुनाव कराने की घोषणा की थी। सिंडिकेट और सीनेट सदस्यों का निर्वाचन प्रक्रिया मई और जून माह में पूरी करने को कहा गया है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

**विश्वविद्यालय के सर्वोच्च जनतांत्रिक निकाय सीनेट, सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के कार्यकाल पूरा कर चुके सदस्यों का चुनाव होना है। विवि ने सीनेट और सिंडिकेट चुनाव को ले कवायद शुरू की है। इसी अवधि में एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के लिए भी निर्वाचन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसके लिए कुलपति से बात की जाएगी। प्रो रणविजय कुमार, कुलसचिव, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय**

### बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर भोजपुर के इमादपुर थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

# साली को परीक्षा दिलवाकर लौट रहे जीजा की सड़क हादसे में मौत




- ऑटो ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर
- जख्मी युवक को लाया गया सदर अस्पताल

केटी न्यूज/बिहिया

बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर भोजपुर के इमादपुर थाना क्षेत्र के सहियारा गांव के समीप शुक्रवार की देर शाम ऑटो ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। इसमें बाइक सवार रोहतास के एक युवक की मौत हो गई। हादसे में उसकी साली और चचेरे भाई भी गंभीर रूप से जख्मी हो गये। दोनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत युवक रोहतास जिले के काराकाट के कच्छवां ओपी क्षेत्र के भरेता गांव निवासी कमलेश राम का 25 वर्षीय पुत्र समीर राम था। घायलों में उसी गांव के निवासी महेश राम का 30 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार और इमादपुर थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर गांव निवासी मदन राम की पुत्री साली सोनी कुमारी शामिल है। परिजनों ने बताया कि समीर राम की साली सोनी कुमारी की पीरो में मैट्रिक परीक्षा चल रही है। इसे लेकर शुक्रवार को समीर अपने चचेरे भाई अनिल कुमार के साथ अपनी साली सोनी कुमारी को परीक्षा दिलवाने पीरो गया था। शुक्रवार की देर शाम वह अपने चचेरे भाई और साली के पीरो से अपनी ससुराल इंग्लिशपुर गांव लौट रहे थे। उसी दौरान सहियारा गांव के समीप पीछे से आ रही ऑटो ने उसकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। इसमें तीनों जख्मी हो गए। इसके बाद तीनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डॉक्टरों ने इलाज के बाद समीर राम की गंभीर हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मृत समीर राम के परिवार में मां शीला देवी, पत्नी प्रतिभा कुमारी और एक पुत्र अर्पित है। हादसे के बाद घर में कोहराम मच गया है। मां और पत्नी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गंगा नदी में डूबे छात्र का शव दूसरे दिन बरामद

**आरा।** जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के जीवा राय के टोला गांव स्थित गंगा नदी में डूबे छात्र का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव जीवा राय के टोला स्थित गंगा नदी घाट के किनारे से शनिवार की दोपहर बरामद हुआ। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृत छात्र बड़हरा थाना क्षेत्र के रामशहर गांव निवासी वीरमणि कुमार का 17 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार एवं इंटर का छात्र था। इधर मृत छात्र के चाचा प्रिंस कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार को अपने तीन दोस्तों के साथ जीवा राय के टोला स्थित गंगा नदी घाट के किनारे नहाने गया था। जहां नहाने के दौरान वह गंगा नदी में डूब गया। इसके बाद उसके साथ रहे दोस्तों द्वारा फोन करें इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और पुलिस द्वारा एसडीआरएफ के टीम को भी बुलाया गया। जिसके बाद शुक्रवार की देर शाम तक एसडीआरएफ की टीम के द्वारा उसकी काफी खोजबीन की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसके बाद शनिवार की सुबह से ही एसडीआरएफ की टीम द्वारा उसकी लगातार खोज की जा रही थी। खोजबीन के दौरान शनिवार की दोपहर करीब एक बजे एसडीआरएफ की टीम के सहयोग से उसके शव को नदी से बाहर निकल गया। जिसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने दो भाई व एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां सोनामुनी देवी व एक भाई विक्रांत कुमार एवं एक बहन चिंता कुमारी है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृत छात्र की मां सोनामुनी देवी परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। हालांकि की इस बात की जानकारी नहीं मिल पायी है कि आखिर छात्र गंगा नदी किनारे क्या करने गया था। जिससे इतनी बड़ी घटना हो गई। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

## अवैध हथियार के साथ फेसबुक पर पोस्ट किया फोटो, गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर के तीयर थाने की पुलिस ने अवैध देसी बंदूक के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। वह तीयर थाना क्षेत्र के हुलास टोला गांव निवासी स्व. महावीर यादव का पुत्र सचिन कुमार है। शुक्रवार की रात उसे उसके घर से पकड़ा गया है। उसके पास से सिंगल बैरल की एक देसी बंदूक और एक मोबाइल बरामद किया गया है। एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह की ओर से शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। बताया कि सूचना मिली कि हुलास टोला निवासी एक व्यक्ति अपने घर में अवैध बंदूक के साथ गांव में देखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद थानाध्यक्ष विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम की ओर से छापेमारी कर उसे देसी बंदूक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

# चार माह से बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर वीकेएसयू में शिक्षकों दिया धरना

केटी न्यूज/आरा

चार माह से बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर धरना पर बैठे वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय पीजी शिक्षक संघ का धरना शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। धरना की अध्यक्षता डॉ. अमित कुमार ने की और संचालन डॉ. आमिर महमूद ने किया। इस दौरान वेतन और पेंशन में हुई लेटलतीफी के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। आंदोलन के दौरान वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी धरना स्थल पर आये और धरनार्थी शिक्षकों से बात की। कहा कि वेतन भुगतान की राशि सरकार से अब तक प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने एक महीने की सैलरी आंतरिक स्रोत से देने का आश्वासन दिया, लेकिन शिक्षक संघ अपने नियमित वेतन और पेंशन की मांग को लेकर अड़ा है। इस तरह शिक्षकों ने धरना जारी रखने का निर्णय लिया। मौके पर संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. रामधनी राम, उपाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार विभिन्न भागों के विभागाध्यक्ष प्रो. धीरेन्द्र कुमार सिंह, प्रो. लाल बाबू राय, प्रो. दिवाकर पाण्डेय, प्रो. अनवर इमाम, प्रो. आफताफ आलम, अवकाश प्राप्त प्रो. अनिल श्रीवास्तव, प्रो. बलिराज ठाकुर, प्रो. राधामोहन सिंह, प्रो. प्रकाश राय, प्रो. उमेश कुमार, प्रो. दूधनाथ चौधरी, प्रो. दीपक वर्धन, प्रो.अहमद मसूद, डॉ. रमेश सिंह, प्रो. रामेश्वर सिंह, डॉ. चिंटू, डॉ. ट्विंकल केशरी, डॉ. पूनम शुक्ला, डॉ. पूर्ति माहौर, डॉ. अमरेन्द्र नारायण भरत, डॉ.वकारुज्जम्मा, डॉ. लक्ष्मी कुमारी और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। विभिन्न संगठनों का मिल रहा समर्थन शिक्षकों के आंदोलन को विभिन्न संगठनों का समर्थन लगातार मिल रहा है। बिहार प्रोग्रेसिव यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रोफेसर हेमंत झा ने भी समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की चट्टानी एकता को बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में फैलाने की आवश्यकता है। फुटाब और फुस्टाब के अलावा एआईफूकटो का भी समर्थन हासिल हुआ है। धरना को फुस्टाब और फुटाब का भी समर्थन मिला। शनिवार को धरना स्थल पर पेंशनर्स भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। धरना में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने भी अपने विचार रखे।






## हत्यारोपित को कठोर आजीवन कारावास

**आरा।** हत्या करने के एक मामले में एससी-एसटी के विशेष न्यायाधीश सह प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषि कुमार सिंह ने शनिवार को आरोपित को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही कुल 20 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। अभियोजन की ओर से एससी-एसटी के विशेष लोक अभियोजक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बहस की थी। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त, 2018 को सहार थाना क्षेत्र के नाढ़ी गांव निवासी अनुसूचित जाति के निरुकान्त कुमार व उसके पिता रामाकांत राम गांव के किनारे आहर के समीप शौच के लिए गये थे। उसी गांव के दो लोग आये और देसी पिस्तौल से गोली मार हत्याकर दी।

# स्वर्गीय छठू चौधरी की जयंती पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

केटी न्यूज/आरा



बिहार के प्रख्यात समाजसेवी एवं पाटलिपुत्रा ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन तथा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बिहार प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार के पिता स्वर्गीय छठू चौधरी की जयंती के अवसर पर आज हसनबजार नारायणपुर स्थित बाबूजी विद्यामंदिर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बसपा के राज्यसभा सांसद माननीय रामजी गौतम एवं बिहार प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद राज्यसभा सांसद माननीय रामजी गौतम ने कहा कि स्वर्गीय छठू चौधरी ने अपने जीवन में शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह सराहनीय है। उनका सपना था कि समाज का हर बच्चा शिक्षित हो और अपने पैरों पर खड़ा हो सके।

इस दौरान छठू चौधरी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव संजय मंडल, अभिमन्यु कुशवाहा, साजिद हुसैन, बक्सर जिलाध्यक्ष सुभास गौतम, विजय यादव, बबलू यादव, चंदन चौधरी, पवन राम, कुणाल किशोर, दिलीप कुमार, जनार्दन राम, राजा खान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।






### वसंत पंचमी महोत्सव 2025: कला, संस्कृति और प्रतिभा का भव्य संगम

# वसंत पंचमी विरासत व कला प्रेम का है प्रतीक: डीएम

- उत्सव राज को मिला चित्रकारिता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान
- रंगोली प्रतियोगिता में पूजा कुमारी को मिला प्रथम स्थान




केटी न्यूज/आरा

जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने वसंत पंचमी महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम तनय सुल्तानिया ने की। इस अवसर पर कला संस्कृति पदाधिकारी ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र की उत्कृष्ट कलाकृति को डीएम को भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में डीएम ने वसंत पंचमी महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे सांस्कृतिक विरासत और कला प्रेम का प्रतीक बताया। महोत्सव के मंच पर सरस्वती वंदना, चैती गायन, होली नृत्य और होली संगीत की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव के अंतर्गत गुरु नानक अभ्यासरत मध्य विद्यालय, मौला बाग आरा में आयोजित चित्रकारिता एवं रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी अद्भुत रचनात्मकता का परिचय दिया। चित्रकारिता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उत्सव राज (मॉडल स्कूल), द्वितीय स्थान अनन्या (जिला स्कूल) और तृतीय स्थान अंकिता कुमारी (सर्वोदय प्लस टू विद्यालय) ने प्राप्त किया। वहीं, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा कुमारी (प्लस विद्यालय, कहथू मसूरी), द्वितीय स्थान ममता कुमारी (प्लस टू विद्यालय, धमार) और तृतीय स्थान खुशी कुमारी (प्लस टू उच्च विद्यालय, अरैला) ने हासिल किया। प्रतिभागियों को कला एवं संस्कृति पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन कला एवं संस्कृति पदाधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। वसंत पंचमी महोत्सव 2025 भोजपुर की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और युवा प्रतिभाओं को संजोने का एक महत्वपूर्ण अवसर बना। इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्ता आसमा खातून, महाप्रबंधक उद्योग विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महाशिवरात्रि पर महामुश्किल! 25 से 28 फरवरी तक 32 ट्रेनें कैंसिल,

**धनबाद, एजेंसी।** महाशिवरात्रि पर अंतिम अमृत स्नान करने प्रयागराज जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों को महामुश्किल का सामना करना पड़ेगा। यात्रियों की आवाजाही से होने वाली भीड़ के मद्देनजर अमृत स्नान के एक दिन पहले और दो दिन बाद तक 174 ट्रेनों को रद करने की तैयारी है।25 से 28 फरवरी तक प्रयागराज जाने वाली अलग-अलग रूट की ट्रेनें नहीं चलेंगी। इनमें धनबाद, गोमो व बोकारो होकर चलने वाली 32 नियमित व कुंभ स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं। पुरुषोत्तम, नंदनकानन, कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में रद तिथियों में बुकिंग बंद हो गई हैं। अन्य ट्रेनों में रद तिथियों में फिलहाल बुकिंग जारी है। जल्द ही उनमें भी रद तिथियों की टिकटों की बुकिंग बंद कर दी जाएगी।

### आरएसपी कॉलेज को छोड़ अन्य पुराने अंगीभूत कॉलेजों का होम सेंटर

**धनबाद, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने 28 फरवरी से शुरू होने वाली यूजी सेमेस्टर पांच की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों की सूची शुक्रवार को जारी कर दी है। आरएसपी कॉलेज को छोड़ अन्य सभी पुराने अंगीभूत कॉलेज के छात्र होम सेंटर पर परीक्षा देंगे। वहीं तीन नये अंगीभूत कॉलेजों के छात्रों का परीक्षा केंद्र दूसरे कॉलेजों में होगा। विवि के एक मात्र अल्पसंख्यक कॉलेज गुरुनानक कॉलेज के छात्र भी होम सेंटर पर परीक्षा देंगे। धनबाद के बाघमारा कॉलेज, बोकारो के आरवीएस कॉलेज चास और बीडीए कॉलेज के छात्र भी होम सेंटर पर परीक्षा देंगे। अन्य सभी संबद्ध कॉलेजों के छात्र दूसरे कॉलेजों में परीक्षा देंगे। विवि ने इस परीक्षा के लिए धनबाद-बोकारो में कुल 13 सेंटर बनाये हैं।

### बैंकों में बहाली की मांग को लेकर यूएफबीयू ने किया प्रदर्शन

**धनबाद, एजेंसी।** विभिन्न मांगों को लेकर यूएफबीयू ने शुक्रवार को स्टेट बैंक मुख्य शाखा के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बैंकों में पर्याप्त भर्ती, पांच दिवसीय बैंकिंग, कर्मियों की सुरक्षा समेत अन्य मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के अगले चरण में 24 और 25 मार्च 2025 को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल होगी। आज प्रदर्शन में बड़ी संख्या में यूनियन के सदस्य शामिल हुए। प्रदर्शन में भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ धनबाद अंचल के सचिव सत्यम आनंद, रवि सिंह, शक्ति दास, रंजीत जायसवाल, राजीव कुमार सिंह, प्रभात कुमार सिंह, पल्लवी, किशोर कुमार, अजीत विश्वकर्मा, मुरली चौधरी, आशुतोष कुमार, सुजीत कुमार, बैंक ऑफ इंडिया यूनियन से नंद कुमार महाराज, राकेश कुमार, राहुल देव, अमित चंद्रवंशी, सुमित कुमार, बिनोद कुमार, नौशाद, पुष्पा मांझी, बिंदु, आशा, रेखा, अल्पना, नीलम चतुर्वेदी, इस्मिता, केदार सिंह, चंदन कुमार तामरकर, वाहिम खान, शिवनंदन प्रसाद, रिया मुखर्जी, महादेव दास, मनीषा मॉडल, केनरा बैंक से रणधीर कुमार पासवान, सुशील ओझा, रंजू कुमारी, सूरज कुमार, अनिल मल्लिक आदि शामिल हुए।

### रेलवे पर वाटर टैक्स का 13 करोड़ बकाया, नगर निगम ने भेजा नोटिस

**धनबाद, एजेंसी।** वाटर टैक्स को लेकर नगर निगम गंभीर है।50 हजार से अधिक टैक्स बकायेदारों को नगर निगम ने नोटिस भेजा है। नोटिस में सात दिनों के अंदर टैक्स के भुगतान का निर्देश दिया गया है। इस क्रम में धनबाद रेल मंडल, बीआइटी सिंदरी व शांति भवन सहित 1130 उपभोक्ताओं को नोटिस भेजा गया है। जानकारी के अनुसार धनबाद रेल मंडल पर 13 करोड़, बीआइटी सिंदरी पर चार करोड़ व शांति भवन बैंक मोड़ पर 17 ।50 लाख सहित 1130 उपभोक्ताओं पर लगभग 25 करोड़ रुपये वाटर टैक्स बकाया है। नगर निगम के मुताबिक जल शुल्क का भुगतान लगातार दो माह तक नहीं किये जाने पर उपभोक्ता से 1 ।5 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज के साथ मासिक जल शुल्क वसूली की जायेगी। वहीं, लगातार छह माह तक जल शुल्क का भुगतान नहीं किये जाने की स्थिति में उपभोक्ता की जलापूर्ति रोकते हुए बकाये राशि का दोगुना जल दर वसूली का प्रावधान है। एक सप्ताह के अंदर भुगतान नहीं होने पर निगम आगे की कार्रवाई करेगी। नगर निगम के पोर्टल पर 38 हजार उपभोक्ता के घरों में पानी का कनेक्शन दिखता है। जानकारों के अनुसार इनमें मात्र 22 हजार उपभोक्ताओं के घरों से वाटर टैक्स का पैसा निगम को मिलता है। 16 हजार उपभोक्ताओं ने वर्षों से वाटर कनेक्शन का भुगतान नहीं किया है।

# धनबाद में भीषण हादसा, एनएच पर खड़े ट्रक से टकराई स्कार्पियो

## इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार सभी चार लोगों की मौके पर मौत

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के राजगंज के दलुडीह में शुक्रवार की देर रात करीब एक बजे कोलकाता-दिल्ली मार्ग पर सिक्स लेन पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो डब्ल्यूबी 18 टीबी 5672 सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई।

इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार सभी चार लोगों की जान चली गई। इधर स्कार्पियो के पीछे आ रही टाटा निक्सन कार डब्ल्यूबी 24 बीजी 6154 का चालक भी अपने वाहन पर संतुलन नहीं रख सका। वह कार पीछे से स्कॉर्पियो से जा टकराई। उसमें सवार चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। उनको स्थानीय लोगों ने उपचार को अस्पताल भेजा है। मरने वाले बंगाल के हुगली जिले के कमरपुकुर गांव के रहने वाले थे। ये सभी कुंभ स्नान को प्रयागराज जा रहे थे।



वहीं एक अन्य घटना में गिरिडीह जिले के दो अलग-अलग मार्गों पर शुक्रवार की शाम हुए सड़क हादसे में दो छात्र समेत एक महिला की मौत हो गई। मृतकों में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सेंट्रलपीट निवासी बुटू दास की पत्नी करीब 42 वर्षीय बुधनी देवी के अलावा अहिल्यापुर मोड़ निवासी करीब 18 वर्षीय प्रियांशु कुमार व पीरटांड़ के पालगंज निवासी करीब 19 वर्षीय मुरारी सिंह शामिल हैं।

पहली घटना गांडेय रोड में घटित हुई। इसमें बुधनी की मौत टेंपो से गिरने से हो गई। स्वजन ने बताया कि बुधनी अपने अन्य स्वजन के साथ लड़का देखने गांडेय गई हुई थी। वहां से शाम को टेंपो से वापस घर लौट रही थी। इसी क्रम में गांडेय से कुछ आगे आने पर एकाएक एक कुत्ता टेंपो के आगे आ गया।

उसे बचाने के लिए चालक ने जोर से ब्रेक लगाया तो झटका खाकर बुधनी टेंपो से नीचे गिर गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

हालांकि, स्वजन तुरंत उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसके कुछ देर बाद बगैर पोस्टमार्टम कराए स्वजन शव को लेकर घर चले गए। महिला की मौत के बाद अस्पताल परिसर स्वजन के क्रंदन से गमगीन हो गया।

वहीं, प्रियांशु व मुरारी की मौत गिरिडीह-टुंडी रोड में बड़कीटांड़ जंगल के पास पत्थर बचाने के क्रम में बाइक से गिरने से हो गई। बताया जाता है कि मुरारी अपने मामा के घर ताराटांड़ थाना क्षेत्र के अहिल्यापुर मोड़ जा रहा था।

इसी क्रम में बड़कीटांड़ के पास बाइक के आगे पत्थर आ जाने से उससे बचने के तहत अनियंत्रत होकर गिर पड़े। इससे दोनों की मौत हो गई। उन दोनों के साथ एक युवक और भी था। उसे गंभीरावस्था में इलाज के लिए ले जाया गया।

बाइक सवार व चालक में से कोई भी युवक हेलमेट नहीं पहने हुए थे। प्रियांशु मैट्रिक की परीक्षा दे रहा था तो मुरारी कुम्हरलालो प्लस टू हाइ स्कूल में 11वीं का छात्र था। इन दोनों की मौत से परिवार में मातम पसर गया।

**महाकुंभ से लौट रहे एक ही परिवार के छह लोग समेत सात घायल :** धनबाद, एजेंसी। प्रयागराज से महाकुंभ में पुण्य स्नान कर लौट रहे दुर्गापुर के एक ही परिवार छह समेत सात लोग शुक्रवार की अल सुबह निमियाघाट में सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। इनमें एक महिला व एक पुरुष की स्थिति गंभीर है। बताया जाता है कि दुर्गापुर का परिवार परिवार प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए गया था। लौटते समय गिरिडीह के निमियाघाट के पास एसयूवी चला रहे ड्राइवर सूरज वाल्मीकि (45) की आंख लगने से वाहन डिवाइडर में जा कर टकरा कर पलट गया। स्थानीय लोगों ने सभी को गाड़ी से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने सभी को एम्बुलेंस से इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा। इलाज के दौरान हालत गंभीर होने की वजह से सुधा राय सेन (73) व शेखर राय सेन (53) को दुर्गापुर रेफर कर दिया गया है। वहीं ड्राइवर सूरज व अन्य चार को सामान्य चोटें आयी हैं।

## जल गुरु महेंद्र मोदी ने हजारीबाग जिला स्कूल को दिया उपहार, खास मॉडल से जल संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा



**हजारीबाग, एजेंसी।** जल गुरु के नाम से अपनी पहचान बनाने वाले सेवानिवृत्त आईपीएस महेंद्र मोदी ने हजारीबाग जिला स्कूल को एक खास उपहार दिया है। उन्होंने अपने मॉडल को स्कूल में स्थापित किया है, ताकि विद्यालय में जल संरक्षण को बढ़ावा मिले और कभी भी पेयजल की कमी न हो।

**स्कूल में कराया गया विशेष टैंक का निर्माण :** दरअसल, महेंद्र मोदी ने अपने एल्युमिनी एसोसिएशन के सहयोग से स्कूल में भूगर्भीय जल संरक्षण के लिए विशेष टैंक का निर्माण कराया है। यह टैंक 500 मीटर तक पानी संरक्षित करने की क्षमता रखता है, जो विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में जल आपूर्ति को सुगम बनाएगा। आपको बता दें कि सेवानिवृत्त आईपीएस महेंद्र मोदी हजारीबाग जिला स्कूल के पूर्व विद्यार्थी रह चुके हैं। यहां से पढ़-लिखकर उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जल संरक्षण के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। हजारीबाग जिला स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र महेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में आईपीएस अधिकारी भी रह चुके हैं।

जिला स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र की पहल


महेंद्र मोदी वर्ष 2008 से ही जल संरक्षण के लिए जागरुकता कार्यक्रम चला रहे हैं। उन्होंने दुनिया को भूगर्भीय जल संरक्षित करने के लिए एक खास मॉडल भी दिया है। जिसका उन्होंने पेटेंट भी करवा रखा है। इसी मॉडल पर स्कूल में टैंक का निर्माण कराया गया है। महेंद्र मोदी ने बताया कि हजारीबाग जिला स्कूल ने उन्होंने अनुशासन, ज्ञान और मूल्यों की शिक्षा दी है। यहां पढ़ते हुए उन्होंने जेपी आंदोलन में भी भाग लिया था। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भूगर्भीय जल को बचाए रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए बच्चों को अभी से ही जागरूक करना बेहद जरूरी है।

सेवानिवृत्त आईपीएस का मॉडल खास

रिटायर्ड डीजीपी महेंद्र मोदी का यह मॉडल बेहद खास है। उन्होंने मॉडल का नाम नाम दिया गया है। इसका पेटेंट उन्हें अवॉर्ड हो चुका है। इस आविष्कार में आकाशीय जल को भू-गर्भ में लाने और रिचार्ज के पहले छत से उतारने के साथ ही टंकी में संरक्षित किया जाता है। इस टंकी में चार चेंबर बनाए जाते हैं, जो जल संरक्षण और शुद्धिकरण की विशेष काम करने में सक्षम होते है। जल आपूर्ति के दौरान ही इसे विशेष तकनीक से प्रारंभिक रूप से स्वच्छ कर लिया जाता है। इसके चार चैंबर की प्रक्रिया में रिवर्स ऑस्मोसिस (ऋह) की आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि इसमें आर्सेनिक या अन्य हानिकारक तत्व मौजूद नहीं होते, जिससे यह पानी पूरी तरह सुरक्षित और स्वच्छ बना रहता है।अब बारिश के पानी का होगा सदुपयोग

इस संबंध में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका निकिता कुमारी ने बताया कि यह मॉडल बेहद खास है। जिला स्कूल 5 एकड़ में फैला हुआ है। बरसात के दिनों में पानी बर्बाद होता था। अब पानी का सदुपयोग हो पाएगा और वाटर लेवल भी मेंटेन रहेगा। उन्होंने बताया कि हजारीबाग में अभी जल की समस्या नहीं है। लोग अभी से ही सावधान हो जाएंगे तो आने वाले पीढ़ी को शुद्ध जल दे पाएंगे।

## टाइगर जयराम का छापा, रोकी गई कोयला लदी ट्रकें, कहा- लूट की नहीं दी जाएगी छूट



**गिरिडीह, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल और धनबाद के कुछ इलाके से अवैध कोयला ट्रकों पर लादकर बिहार-यूपी अक्सर भेजे जाते हैं। ऐसे ही सूचना पर डुमरी के विधायक जयराम महतो सड़क पर पहुंच गए। जयराम महतो खुद ही अपने समर्थकों के साथ दिल्ली-कोलकाता नेशनल हाइवे जीटी रोड पर उतर गए। उसके बाद कुलगो में अवस्थित टोल प्लाजा पर कोयला लदी ट्रकों को रोक दिया।

टोल प्लाजा में कोयले लदी ट्रक को रुकवाने के बाद स्थानीय पुलिस और अधिकारियों को सूचना दी गई। मौके पर डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार पहुंचे और एक-एक कर कोयला लदी सभी ट्रकों के कागजात की जांच की। जयराम के इस तेवर से कोयला के अवैध कारोबार में जुटे माफियाओं में हड़कंप मच गया है।दरअसल, कोलकाता को दिल्ली से जोड़ने वाली नेशनल हाइवे जीटी रोड माफियाओं का पनाहगार रहा है। इस सड़क के माध्यम से बड़े पैमाने पर कोयला की तस्करी भी होती रही है। हालांकि गिरिडीह पुलिस द्वारा इसी सड़क पर अधिकारियों को तैनात करते हुए अवैध कोयला लदी कई ट्रकों को पकड़ा था, तो कई को जेल भी भेजा था। मामले को लेकर निमियाघाट, डुमरी और बगोदर में एक के बाद एक कई प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। ऐसे में काफी हद तक कोयला तस्करी पर लगाम लगा था।इस बीच फिर से कोयला तस्कर के एक्टिव रहने की जानकारी विधायक को मिली थी। जिसके बाद विधायक खुद ही टोल प्लाजा में आ पहुंचे और कोयला लदे ट्रकों को रोका। ट्रकों को रोकने के अलावा सभी वाहनों के कागजात को देखा। फिर शक के आधार पर दो ट्रकों को रोकने और कागजात वेरिफाई करवाने का निर्देश भी दिया।डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार ने कहा कि विधायक की मौजूदगी में कोयला लदी ट्रकों की जांच हुई है। दो ट्रक के कागजात की जांच करने का निर्देश संबंधित थाना प्रभारी को दिया गया है।

## कुंभ स्पेशल ट्रेन के आने के पहले ही प्लेटफॉर्म पर उमड़ा जनसैलाब

धनबाद, एजेंसी। प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेला में जाने को लेकर धनबाद रेलवे स्टेशन पर दिन प्रतिदिन यात्रियों की भीड़ बढ़ती जा रही है। रोज दो-तीन कुंभ स्पेशन ट्रेन चलायी जा रही है, लेकिन यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने में रेल प्रशासन व सुरक्षा कर्मियों के पसीने छूट रहे हैं। शुक्रवार को भी प्रयागराज जाने वाली ट्रेन में भारी भीड़ देखी गयी। ट्रेन यात्रियों से भरी होने के बाद भी प्लेटफॉर्म पर जमा लोग ट्रेन पर किसी भी तरह से सवार होने को उतारू थे। कई लोग जान-जोखिम में डाल कर दूसरी तरफ से ट्रैक पार कर ट्रेन में सवार हो रहे थे। कुंभ जाने का उत्साह ऐसा था कि किसी यात्री का टिकट वेटिंग में है तो कोई साधारण टिकट लेने के लिए लंबे कतार में लगे है, लेकिन कई यात्री ऐसे भी मिले, जो टिकट नहीं ले पाये, लेकिन कुंभ जाने के लिए स्टेशन पहुंच चुके थे।

धनबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार पर कुंभ स्पेशल ट्रेन आने की घोषणा की गयी। फिर क्या था, हजारों यात्री अपने-अपने सामान लेकर कुंभ स्पेशल में सवार होने प्लेटफॉर्म पर पहुंच गये। देखते-देखते जन सैलाब उमड़ पड़ा, प्लेटफॉर्म पर लोगों को पैर रखने की जगह नहीं थी। लोग प्लेटफॉर्म के आगे खड़े रहने के लिए आपाधापी करते दिखे।प्लेटफॉर्म संख्या चार पर कुंभ स्पेशल ट्रेन आयी। ट्रेन के आते ही कुछ यात्री दौड़ लगाते दरवाजा पर लटक गये और आगे तक जाकर बोगी के अंदर प्रवेश करने लगे। इतने में ट्रेन धीरे धीरे कर प्लेटफॉर्म पर लगी और लोग सीट लूटने के लिए अंदर जाने लगे। देखते-देखते पूरी बोगी फुल हो गयी। जिन यात्रियों को सीट नहीं मिली, वह सभी किसी तरह से बोगी के अंदर गये। सैकड़ों लोग फर्श पर चादर बिछा कर बैठ गये। कई लोग बाथरूम के बाहर फर्श पर बैठे थे।कुंभ स्पेशल में सवार होने के लिए प्लेटफॉर्म पर जमा भीड़ देख कर वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों के पसीने छूट रहे थे। वह सभी लोगों को शांति से ट्रेन में चढ़ने की सलाह दे रहे थे और लोगों को समझा रहे थे।

## बंजर भूमि ने उगला सोना, गांव की महिला ने फूल और तरबूज की खेती कर ऐसे बदली अपनी जिंदगी

**बोकारो, एजेंसी।** बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत महुवाटांड गांव में एक ग्रामीण महिला बबीता देवी ने अपने आत्मविश्वास और मेहनत से बंजर जमीन पर गेंदा फूल और तरबूज की खेती कर हरियाली बिखेर दी है। बबीता देवी इस खेती के माध्यम से आत्म निर्भर बनने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि फूल और तरबूज उगाने मे लगी उनकी पूंजी से दोगुनी आमदनी कर वो आत्मनिर्भर बनेगी।

बबीता देवी ने बताया कि उन्होंने गोला के रहने वाली अपनी बहन से प्रेरणा लेकर फूलों की खेती शुरू की। उनकी बहन गोला में फूल की खेती करती है और वहां पर लगे फूलों को रजरप्पा मंदिर मे ले जाकर बेचती है। इससे उनकी बहन की काफी अच्छी आमदनी मिल जाती है। जिसके बाद बहन की सलाह लेकर बबीता ने भी खेती करने की ठान ली। उन्होंने घर के पास ही पथरीली बंजर भूमि को समतल कर लगभग 25 डिसमिल जमीन में गेंदा के फूल और तरबूज की खेती शुरू की।



बोकारो की रहने वाली बबीता देवी ने खेती के लिए महिला समूह से पैसे उधार ली है। अच्छी गुणवत्ता वाले फूलों के बीज लाने के लिए वह कोलकाता गई और 6 हजार रुपये के बीज लेकर आई। अब तक वह इस खेती के लिए 10 हजार की पूंजी लगा चुकी है। बबीता ने बताया कि उनके घर के पास ही एक कुआं है जहां से पानी लाकर वो अपने खेतों की सिंचाई करती है। बबीता बताती हैं कि रोजाना कुएं से पानी निकालकर अपने खेतों की सिंचाई करने में उन्हें बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर प्रशासन से उन्हें सोलर युक्त पंप सेट मिले तो वह और वृहद रूप से खेती कर सकती है। इधर बबीता देवी द्वारा फूल और तरबूज की खेती करने की सूचना मिलने पर प्रखंड के बीटीएम बबलू सिंह महुवाटांड पहुंचे। उन्होंने बबीता देवी से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया।

### झारखंड कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए के राजू ने दिए पांच मंत्र

# कार्यकर्ताओं से कहा- पार्टी के डीएनए में आदिवासी-मूलवासी!

**रांची, एजेंसी।**

झारखंड कांग्रेस के प्रभारी बनने के बाद पांच दिवसीय दौरे पर पहली बार रांची आए के।राजू ने प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों को राज्य में संगठन मजबूती के लिए पांच मंत्र दिए। आईएएस अधिकारी से राजनेता बने के। राजू ने कहा कि मैंने पहले कभी राजनीति में आने को नहीं सोचा था। जब ग्रामीण विकास विभाग में सचिव था, तब राहुल गांधी का एक फोन मेरे पास आया था। वह भी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बात करने को लेकर। तब संयुक्त आंध्र प्रदेश में स्वयं सहायता समूह और मनरेगा बहुत अच्छे से चल रही थी। इसके बाद एक दिन राहुल गांधी ने मुझे नौकरी छोड़ राजनीति में आने का ऑफर दिया और मैंने सिर्फ 20 मिनट में यह फैसला ले लिया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा की नौकरी छोड़ देनी है।



**कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी-मूलवासी :** के। राजू ने कहा कि झारखंड प्रदेश के निर्माण में कांग्रेस का अहम योगदान है। राजीव गांधी की इस इच्छा को सोनिया गांधी ने पूरा करने की ओर कदम बढ़ाया था। उन्होंने कहा कि आज झारखंड विधानसभा में हमारे 02 दलित विधायक हैं और इससे दलित समुदाय में जोश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में आदिवासी-मूलवासी बसता है। नवनियुक्त प्रभारी के। राजू ने कहा कि मैं झारखंड में संगठन को चलाने के लिए नहीं, बल्कि आपको सहयोग करने के लिए आया हूं।

**के.राजू ने दिए पांच मंत्र :** झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के। राजू ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए पांच मंत्र दिए। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में के। राजू ने कार्यकर्ताओं को सम्मान, संगठन की मजबूती, युवा और महिला नेताओं को मौका, एसटी-एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय से नेता बनाना और सरकार संगठन के बीच बेहतर तालमेल के साथ जनता से किए वादे को पूरा करना शामिल है। के। राजू ने इन पांच मंत्रों को पंचशील का नाम दिया।

**इन नेताओं ने भी रखी अपनी बात :** इस मौके पर कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में जातीय जनगणना, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण सबसे प्रमुख मुद्दा है। वर्तमान बजट में जातीय जनगणना के लिए राशि का आवंटन करने का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया गया है। वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद ने कहा कि राज्य में विस्थापन की समस्या का समाधान के लिए पार्टी को बढ़-चढ़ काम करना होगा। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड को हमेशा से ही नीतियों को उलझा कर रखने का काम बीजेपी ने किया है। उससे बहार निकालने और स्पष्ट नीति के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। वहीं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू ने कहा कि के। राजू एक ऐसे नेता हैं जो संगठन के लिए ईमानदारी से काम करते हैं और उन्हें ईमानदारी से काम करने वाले लोग पसंद हैं। वैसे लोग नहीं चलेंगे जो सिर्फ सोशल मीडिया और फोटो-वीडियो तक ही खुद को समिति रखते हैं। प्रदीप बालमुचू ने कहा कि राजनीति में भी सोशल ऑडिट की जरूरत है।

### नियमित काम देने की मांग को लेकर मजदूरों ने रोकी ट्रांसपोर्टिंग

**केंदुआ, एजेंसी।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन समर्थित बीएनआर साइडिंग के असंगठित ठेका श्रमिकों ने नियमित काम देने की मांग को लेकर शुक्रवार को साइडिंग की ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दी। इस दौरान मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना था बीएनआर साइडिंग में कुसुंडा व बस्ताकोला एरिया का कोयला रैक लोडिंग के लिए लाया जाता है। लंबे समय से साइडिंग के मजदूर यहां काम कर रहे हैं। पूर्व में बस्ताकोला एरिया प्रबंधन व यूनियन प्रतिनिधियों के बीच हुई वार्ता में डिपार्टमेंटल कार्य शुरू होने पर मजदूरों को नियमित काम देने का आश्वासन मिला था।

इधर गत पांच फरवरी से कुसुंडा एरिया का डिपार्टमेंटल कोयला साइडिंग में पहुंचना शुरू होने पर भी मजदूरों को नियमित कार्य नहीं दिया जा रहा है। प्रदर्शन में शामिल असंगठित मजदूरों में मानिकचंद नोनिया, अशोक पासवान, धर्मेंद्र पासवान, दुखन पासवान, दिनेश ढाड़ी, प्रमोद ढाड़ी, धनेसर भुईयां, मो सलाऊदीन, मो मंसूर, श्यामपरी देवी, मुनी देवी, गीता देवी, माला देवी, मंजू देवी, विकास राउत आदि शामिल थे।

## सुभाषितम्

विचारशील व्यक्ति को हर जगह सम्मान मिलता है

- सोफोक्लेस

## न्यायपालिका के पर कतरने की तैयारी, लोकपाल का पावरफुल?

**लोकपाल ने दो शिकायतों के आधार पर** हाईकोर्ट के एक मौजूदा अतिरिक्त जज के खिलाफ जांच शुरू कर दी थी। लोकपाल ने एक निजी कंपनी के पक्ष में फैसला देने के लिए राज्य के एक जिला जज और हाईकोर्ट के एक जज के खिलाफ जांच शुरू की थी। लोकपाल एएम खानविलकर ने शिकायत पर जांच शुरू की थी। 27 जनवरी को लोकपाल के आदेश पर हाईकोर्ट के जज को लोकपाल अधिनियम की धारा 14 (1) एफ के तहत संस्था का हिस्सा मानते हुए लोकपाल ने जांच शुरू कर दी थी।

लोकपाल के इस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओक की खंडपीठ ने लोकपाल के तर्क पर असहमति जताई है। तीन जजों की खंड पीठ ने कहा संविधान लागू होने के बाद से हाईकोर्ट के सभी जज संवैधानिक पदाधिकारी हैं। इन्हें कानूनी संस्था का हिस्सा नहीं माना जा सकता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का कहना था, लोकपाल ने व्याख्या गलत की है। हाईकोर्ट के जज लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम 2013 के अंतर्गत नहीं आते हैं। इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं संज्ञान में लिया था। गुरुवार को लोकपाल के आदेश पर रोक लगाते हुए खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा, यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ मामला है। खंडपीठ ने केंद्र सरकार, लोकपाल के रजिस्टर और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में अब 18 मार्च को होगी। लोकपाल द्वारा जिस तरह से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों को निशाने पर लिया है। यह माना जा रहा है, केंद्र सरकार के इशारे पर लोकपाल ने हाईकोर्ट जज के खिलाफ जांच शुरू की है। शायद सरकार यह देखना चाहती थी, लोकपाल के जरिए हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट के उन जजों के ऊपर शिकंजा कसा जा सकता है, या नहीं। जैसे ही लोकपाल ने कार्रवाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं संज्ञान लेकर इस मामले की सुनवाई शुरू कर दी। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों को शायद यह समझ में आ गया है। लोकपाल के जरिए अब उनके ऊपर शिकंजा कसने की तैयारी सरकार द्वारा की जा रही है। पिछले कई वर्षों से सुप्रीमकोर्ट और हाईकोर्ट स्वयं संज्ञान लेकर सुनवाई करना भूल गई थी। लोकपाल के मामले में जिस तरह से सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं संज्ञान लेकर लोकपाल के आदेश पर रोक लगाते हुए, इस मामले की सुनवाई शुरू की है। उससे इतना तो स्पष्ट है, सुप्रीमकोर्ट और हाईकोर्ट के जज अपने अधिकारों, निजी सुरक्षा और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर चिंतित हो गए हैं। न्यायपालिका का रुख आगे चलकर क्या होगा, कहना मुश्किल है। 2014 के बाद से केंद्र में जो सरकार है। वह हाईकोर्ट के जजों की नियुक्ति और पदोन्नति इत्यादि को लेकर सरकार एवं कालेजियम के बीच कई बार टकराव देखने को मिला है। जजों की नियुक्ति के पूर्व सरकार जांच एजेंसियों के माध्यम से बहुत सारी जानकारी जजों के बारे में एकत्रित कराती है। न्यायपालिका इन दिनों सरकार के दबाव में है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। जब न्यायपालिका के गले में लोकपाल के माध्यम से फंदा कसा जा रहा है। ऐसी स्थिति में न्यायपालिका अब अपने बचाव में आ गई है। वर्तमान लोकपाल मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट के पद पर रह चुके हैं। वह भी इस खेल को जानते हैं। सरकार के चहेते जग रहे हैं। उन्होंने कई बार सरकार को मुश्किलों से बचाया है। जिस तरह की स्थिति वर्तमान में न्यायपालिका की है। उसको लेकर लोकपाल को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी हैं।

# महाकुंभ को लेकर योगी ने धो डाला विपक्ष

**बीपी गौतम**

**महाकुंभ में पहुंचने वाले** श्रद्धालुओं को लेकर प्रबंधन में कोई कमी हो सकती है। आशा की जा सकती है कि हादसों से सरकारें सबक लेंगी और भविष्य को लेकर और बेहतर नीति बनायेंगी लेकिन, हादसे सिर्फ महाकुंभ को लेकर ही नहीं हुये हैं। हादसे कभी भी और कहीं भी हो सकते हैं। मंगलवार को ही केरल के मलप्पुरम जिले के अरीकोड में फुटबॉल मैदान में हादसा हो गया। हालांकि सुखद बात यह रही कि जनहानि नहीं हुई, इससे पहले भी हादसे होते रहे हैं। साकार बाबा के सत्संग की घटना याद ही होगी, इसलिये हादसों को आधार बना कर महाकुंभ को फालतू और मृत्यु कुंभ करार नहीं दिया जा सकता। हादसों के बाद भी श्रद्धालुओं की आस्था, श्रद्धा, भक्ति और उत्साह में कोई कमी नहीं आई है, ऐसे श्रद्धालुओं को नमन करने की जगह अपमानित करना उचित नहीं है, इस लेख में बीपी गौतम हादसों और राजनैतिक सवाल-जवाब का ही उल्लेख रहे हैं...

**ममता बनर्जी ने बताया मृत्यु कुंभ**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रयागराज के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना का उल्लेख करते हुये मंगलवार को केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुये राज्य विधानसभा में कहा कि महाकुंभ मृत्युकुंभ में बदल गया है। मैं महाकुंभ का सम्मान करती हूँ लेकिन, वहां जो घटना घटी, वह वेदनादायक है। ममता ने दावा किया कि वहां भगदड़ में 30 नहीं बल्कि, हजारों लोग मारे गये हैं। बहुतों शवों को गंगा में बहा दिया गया। कुंभ में मारे गये लोगों के शव को बेचकर पैसा कमाया गया है। महाकुंभ के नाम पर सिर्फ प्रचार-प्रसार किया गया, यह महाकुंभ अव्यवस्था का दूसरा नाम है। महाकुंभ के लिये कोई व्यवस्था नहीं की गई थी, उन्होंने कहा कि कुंभ में मृतकों के स्वजनों को डेथ सर्टिफिकेट तक नहीं दिया गया। ममता बनर्जी ने कहा कि मैं गर्व से कहती हूँ कि मैं हिंदू हूँ। भाजपा धर्म के नाम पर बांट कर देश को बेच रही है, जो धर्म को बेच रहे है, जनता उनको देख रही है। मैं सर्व-धर्म का सम्मान करती हूँ, इसलिये बंगाल में शांति है, मैं सभी का इज्जत करती हूँ।

**लालू ने कुंभ को बताया फालतू**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कुंभ का क्या मतलब है, फालतू है कुंभ।

**अखिलेश यादव ने जताई सहमति**

ममता बनर्जी के महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहे जाने वाले बयान पर अखिलेश यादव ने सहमति जताई है। अखिलेश यादव ने कहा कि जो ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल के बारे में कहा कि वह सही है, उनके राज्य से भी लोगों ने जानें खोई हैं। बंगाल और अन्य राज्यों से आये लोगों की एक बड़ी संख्या की मौत हुई है। आयोजन पर सवाल खड़े करते हुये अखिलेश यादव ने आगे कहा कि महाकुंभ में हुई भगदड़ के खिलाफ एफआईआर भी नहीं दर्ज हो रही है, यह महाकुंभ क्यों आयोजित किया गया था? भक्त तो सदियों से आते रहे हैं, कुंभ प्राचीन समय से चल रहा है, इस आयोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी किसकी थी?

**योगी ने विपक्ष को दिया करारा जवाब**

उत्तर प्रदेश में विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने महाकुंभ को लेकर विपक्ष को धो डाला। आरोपों पर करारा जवाब देते हुये उन्होंने कहा कि विपक्ष निरंतर महाकुंभ के आयोजन को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है, जबकि यह आयोजन सनातन संस्कृति का गौरव है। विपक्ष के बयानों को सदन में पढ़कर सुनाते हुये कटघरे में खड़ा किया और कहा कि उनकी सरकार महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने के लिये संकल्पित है। विपक्ष की आलोचनाओं को दरकिनार करते हुये कहा कि यह आयोजन सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का गौरव है, इसे भव्य रूप से मनाने में कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। आदित्यनाथ योगी ने कहा कि विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह लोग महाकुंभ जैसे आयोजन की भव्यता पर सवाल उठाते हैं और समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष पहले दिन से ही महाकुंभ का विरोध कर रहा है। अगर, वे वास्तव में जनता के हितैषी होते तो, इस आयोजन पर चर्चा के लिये सदन में उपस्थित रहते लेकिन, उन्होंने सदन को बाधित किया। जैसे ही महाकुंभ शुरू हुआ, इन्होंने अफवाहें फैलाना शुरू कर दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। विपक्ष ने महाकुंभ को लेकर कई गलत तथ्य प्रस्तुत किये और इसे धन की बर्बादी तक करार दिया। उन्होंने विपक्ष के नेताओं के सोशल साइट्स पर पोस्ट किये गये बयानों का उल्लेख करते हुये कहा कि यह उनके संस्कार और मानसिकता को दर्शाता है, किसी भी सभ्य समिति के लिये यह भाषा शोभा नहीं देती है। आप लोगों के अपने संस्कार हो सकते हैं, आप लोगों का अपना व्यवहार हो सकता है लेकिन, कोई सभ्य समाज और कोई सभ्य समिति कभी भी उसको मानता नहीं दे सकती है, उन्होंने कहा कि महाकुंभ कोई नया आयोजन नहीं है बल्कि, यह वैदिक परंपरा से चला आ रहा है। ऋग्वेद, अथर्ववेद और श्रीमद्भागवत महापुराण में भी इसका उल्लेख है, यह आयोजन भारतीय संस्कृति की आत्मा है और इसे संकीर्ण राजनीतिक नजरिए से देखना अनुचित है। आदित्यनाथ योगी ने कहा कि जैसे ही महाकुंभ का आयोजन शुरू हुआ विपक्ष द्वारा अफवाह और दुष्प्रचार किया जाने लगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महाकुंभ आयोजन के पहले इस बारे में कहना शुरू किया कि इतना पैसा और इतना विस्तार देने की आवश्यकता क्या है, उनका बयान है कि हमारी सरकार से अपील है कि बहुत सारे बुजुर्ग जो 65 से 65 साल से और 70 साल से ऊपर के हैं स्नान नहीं कर पाये हैं, उसके बाद फिर उनके बयान आये। उन्होंने कहा कि जया बच्चन कहती हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुंभ, इस प्रकार का गैर जिम्मेदाराना बयान समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, आरजेडी और टीएमसी के नेताओं के द्वारा सनातन धर्म के जुड़े हुये सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिये गये हैं। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कहा कि महाकुंभ को भव्य बनाने के लिये सरकार ने हर संभव प्रयास किये हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधायें उपलब्ध कराना है। प्रयागराज महाकुंभ में अब तक 56 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। हम इसे ऐतिहासिक बना रहे हैं और इसमें कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग शुरू में महाकुंभ का विरोध कर रहे थे, वे भी अब चुपचाप स्नान करने पहुंचे। 2013 में जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी तब, इनके नेताओं को प्रयागराज जाने से रोका गया था लेकिन, इस बार वे खुद वहां गये और हमारे द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा भी की। आदित्यनाथ योगी ने कहा कि कुछ विपक्षी नेता महाकुंभ को मृत्यु कुंभ बताकर सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के बयानों का हवाला देते हुये कहा कि यह सनातन आस्था पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म भारत की आत्मा है और इसका सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। हमारी सरकार इस परंपरा को भव्यता देने के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की सुरक्षा ही विश्व मानवता की सुरक्षा की गारंटी है। प्रयागराज महाकुंभ में हर जाति, मत और मजहब के लोग श्रद्धा के साथ पहुंचे हैं। जब क्रिकेटर मोहम्मद शमी तक ने स्नान किया तो, विपक्षी नेता इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? उन्होंने कहा कि विपक्ष महाकुंभ ही नहीं बल्कि, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का भी विरोध करता रहा है। उन्होंने कहा कि जब सर्वोच्च न्यायालय ने सर्व-सम्मति से राम जन्मभूमि पर फैसला दिया तब भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस जैसे दलों ने इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला विराजमान हुये तब भी यही लोग विरोध कर रहे थे। जब हमने प्रस्ताव दिया कि सभी विधायक अयोध्या दर्शन के लिये जायें तब समाजवादी पार्टी ने वॉकआउट कर दिया।


मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश की छवि नकारात्मक थी लेकिन, डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की धारणा बदली है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की छवि विकास, कानून व्यवस्था और संस्कृति के संरक्षण के लिये जानी जाती है। महाकुंभ, इसका एक बड़ा उदाहरण है। दुनिया हमें सम्मान की नजरों से देख रही है। उन्होंने विपक्ष को चुनौती देते हुये कहा कि जो लोग महाकुंभ का विरोध कर रहे हैं, वे अपनी सोच बदलें। उन्होंने कहा कि संक्रमित व्यक्ति का उपचार संभव है लेकिन, संक्रमित सोच का उपचार नहीं किया जा सकता। हमें गर्व है कि यह भव्य आयोजन हमारी सरकार के नेतृत्व में हो रहा है और हम इसे पूरी निष्ठा के साथ संपन्न करेंगे।

आदित्यनाथ योगी ने कहा कि महान कार्यों को तीन अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है। उपहास से, विरोध से और अंततः स्वीकृति से...। स्वीकृति का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष जो विरोध कर रहे थे, वे जाकर चुपके से स्नान कर आये।

## डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़कर अपनी बदली रणनीति का संकेत दिया?

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के कैंपेन में उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने हर चुनावी सभा में अनेकों वादे किए थे, जो चुनने के बाद क्रमवार,एक प्रक्रिया के तहत पूरे करते जा रहे हैं। पहले टैरिफ बढ़ाना, अवैध अप्रवासियों को निकालना अमेरिकी फर्स्ट संकल्प को आगे बढ़ाने के साथ अब रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर फोकस किया जा रहा है। परंतु यह किसी को उम्मीद नहीं थी कि इस पीस प्रक्रिया में यूक्रेन को ही बाहर कर दिया जाएगा? क्योंकि अभी हाल ही में यूक्रेन अमेरिका सहित कुछ अधिकारियों की सऊदीअरब के रियाद में संपन्न हुई जिसमें तीन मुद्दों पर आपसी सहमति बनी (1) यूक्रेन मुद्दे पर शांति समझौते के लिए दोनों देश टीम बनाएंगे।ये टीमें लगातार बातचीत करेंगी। (2) अमेरिका ने कहा कि बैठक का मकसद होगा युद्ध को स्थायी तौर पर खत्म करना। (3) अमेरिका ने कहा कि शांति बहाल करने की कोशिशों में किसी न किसी तरह यूक्रेन और यूरोप को भी शामिल किया जाएगा। हम ऐसा हल निकालेंगे जो युद्ध से प्रभावित हर पक्ष को स्वीकार हो। बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि बैठकों में यूक्रेन और यूरोप को शामिल ने कर ट्रंप एकला चलो की राह पर यूरोपीय संघ व यूक्रेन को नजर अंदाज कर रहे हैं,जो रेखांकित करने वाली बात है। रियाद बैठक के बाद अब सबकी नजरें ट्रंप-पुतिन की संभावित बैठक पर लगी हुई है? चूंकि डोनाल्ड ट्रंप ने रूस यूक्रेन युद्ध का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़कर अपनी रणनीति का संकेत दिया है तथा यूक्रेन में युद्ध पर यूरोपीय संघ के आपातकालीन शिखर सम्मेलन में ट्रंप की



अनदेखी कर ट्रंप की शांति प्रक्रिया से यूरोप अलग- थलग पड़ा है? इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,रूस यूक्रेन पीस स्टॉक में अपने ही देश में जंग पर चर्चा से बाहर है यूक्रेन! पूरे विश्व की निगाहें ट्रंप पुतिन की संभावित बैठक पर लगी हुई है ? साथियों बात अगर हम रूस यूक्रेन युद्ध में ट्रंप के बदले रुख कि करें तो, यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग को लेकर अमेरिका का रुख डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से बदला हुआ लग रहा है। उन्होंने पिछले दिनों यह कहकर यूक्रेन समेत सभी को चौंका दिया था कि जंग के लिए कीव जिम्मेदार है। अब तक जो बाइडेन सरकार यूक्रेन का समर्थन कर रही थी और रूस को ही इस जंग की वजह बता रही थी। ऐसे में अब युद्ध का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़कर डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी बदली नीति का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध के लिए कीव जिम्मेदार है। यूक्रेन में युद्ध अगले सप्ताह अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर जाएगा। इस बीच यूक्रेन और रूस के लिए अमेरिका के विशेष दूत कीव पहुंचे हैं। वह यहां राष्ट्रपति जेलेंस्की एवं सैन्य कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे। रूस को अलग-थलग करने की अपनी वर्षों पुरानी नीति में अमेरिका के बदलाव लाने के बीच के लॉग यूक्रेन का दौरा कर रहे हैं। सऊदी अरब में शीर्ष अमेरिकी और रूसी राजनयिकों के बीच वार्ता हुई थी। इसमें यूक्रेन और उसके यूरोपीय समर्थकों को दरकिनार कर दिया गया था। ट्रंप की टिप्पणियों से यूक्रेनी अधिकारियों को परेशानी हो सकती है, जिन्होंने रूसी आक्रमण से लड़ने में यूरोपीय देशों से मदद करने का आग्रह किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ था। इस बीच, रूसी सेना द्वारा यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों में लगातार किए जा रहे हमले से यूक्रेनी सेना कमजोर हो रही है, जिसे धीरे-धीरे लेकिन लगातार 1,000 किलोमीटर की अग्रिम पंक्ति में कुछ मोर्चों पर पीछे धकेला जा रहा है।बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप खुद को व्लादिमीर पुतिन का मित्र बताते रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि सऊदी अरब की मध्यस्थता के साथ कोई रास्ता निकाला जा सकता है। सऊदी की अमेरिका और रूस दोनों ही देशों से करीबी है और अच्छे संबंध हैं। सऊदी अरब के रियाद में 4:30 घंटे चली बैठक में रूस-अमेरिका के विदेश मंत्रियों समेत अन्य नेता शामिल हुए थे। इस बैठक में दोनों देशों ने सबसे पहले अपने आपसी रिश्ते सुधारने की पहल की। इसमें सहमति बनी कि दोनों देश जल्द से जल्द अपने दूतावासों को चालू करेंगे। यहां स्टाफ की भर्ती करेंगे, ताकि दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति न बने। यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद दोनों देशों ने दूतावास से स्टाफ को निकाल दिया था।

## कम्पनियों के जंगलों में प्रवेश से दहशत में वन निवासी

**राज कुमार सिन्हा**

**आधुनिक व्यापार-व्यवसाय ने** अब तेजी से प्राकृतिक संसाधनों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। जंगल, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई परिभाषा के मुताबिक केवल रिकॉर्ड में दर्ज होना ही काफी है, निजी कंपनियों को दिए जा रहे हैं।वन बहुल मध्यप्रदेश की सरकार धीरे-धीरे जंगलों को निजी हाथों में सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।वर्तमान में फिर से मध्यप्रदेश सरकार ने वनीकरण के लिए बिगड़े वन भूमि को ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण के लिए निजी निवेशकों को सौंपने का योजना बनाई है, जिसमें निवेशकों को 50 प्रतिशत लघु वनोपज बेचने का अधिकार भी शामिल होगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार,सत्रह राज्यों ने अबतक ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण के लिए 57,700 हेक्टेयर से अधिक बंजर भूमि को अलग रखा है। मध्यप्रदेश जो देश में सबसे अधिक वन क्षेत्र वाला राज्य है। उसने 2 फरवरी तक इस कार्यक्रम के लिए 15,200 हेक्टेयर से अधिक बंजर भूमि की पहचान और उसका पंजीकरण किया है जो सभी राज्यों से अधिक है, ऐसा सरकार ने वर्तमान संसद सत्र में बताया है। करोना काल में मध्यप्रदेश सरकार के प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय ने 20 अक्टूबर 2020 को 37 लाख हेक्टेयर बिगड़े-वनों को पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर निजी कम्पनियों को देने का आदेश जारी किया था, परन्तु विरोध के बाद इसे रोका गया। प्रकृति को सुधारने के नाम पर मुनाफा कमाते हुए पूंजी बढ़ाने की तरकीब है ग्रा कार्बन व्यापार या कार्बन ट्रेडिंग। वर्ष 2021 में वैश्विक कार्बन क्रेडिट बाजार में 164 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वर्ष 2030 तक इसके 100 बिलियन अमेरिकी डालर पार करने की उम्मीद है। कार्बन व्यापार के जरिए (वनीकरण करके) अन्तराष्ट्रीय बाजार से करोड़ों रुपए कमाना प्राथमिकता में है। भारत सरकार ने 2008 से 12 के बीच बिगड़े-वन, गांव का चारागाह एवं पड़त-जमीन पर वनीकरण कर कार्बन क्रेडिट के जरिए 1250 लाख डॉलर कमाने की योजना बनाई थी। विश्वबैंक के आंकलन के अनुसार लकड़ी, बांस एवं अकाष्ठीय वनोत्पाद का मूल्य 20,000 लाख डॉलर है। संयुक्त वन प्रबंधन इलाके के पारिस्थितिकीय एवं पर्यावरणीय टूरिज्म का मूल्य 17,000 लाख डॉलर आंका जा रहा है। ग्रीन इंडिया मिशन और रिडयूसिंग एमिशन फ्रॉम डिफारेस्ट्रेशन एण्ड डिग्रेडेशन (आरईडीडी), जिसे संक्षिप्त में रेड कहा जाता है, के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा अन्तराष्ट्रीय पूंजी लाने की योजना है। पर्यावरण बचाने के नाम पर विश्व बाजार तैयार करना भी अन्तरराष्ट्रीय पूंजी का हिस्सा हो गया है। अब तो एनजीओ भी आदिवासियों को उनके कब्जे की भूमि से बेदखल कर वृक्षारोपण करने का कार्यक्रम चला रहे हैं।

## चिंतन-मनन

### कहीं आप भी पाप की पूंजी तो जमा नहीं कर रहे

**क्या आपने कभी किसी के ऊपर हो** रहे अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठायी है। किसी कमजोर और लाचार को पिटता देखकर मदद के लिए आगे आएं हैं। अगर आपने ऐसा नहीं किया है तो समझ लीजिए आपने अपने खाते में पाप की पूंजी जमा कर ली है। शास्त्रों में जिस प्रकार से पाप और पुण्य को परिभाषित किया गया है उसके अनुसार जो व्यक्ति किसी को कष्ट में देखकर उसकी मदद नहीं करता है। किसी के भय से अथवा अपने स्वार्थ के कारण झूठ बोलता है और शरण में आये व्यक्ति की रक्षा नहीं करता है वह पापी है। इस संदर्भ में एक कथा का उल्लेख पुराणों में मिलता है। एक थे राजा शिवि। इनके धार्मिक स्वभाव और दयालुता एवं परोपकार के गुण की ख्याति स्वर्ग में भी पहुंच गयी। इन्द्र और अग्नि देव ने योजना बनायी कि राशि शिवि के गुणों को परखा जाए। एक दिन अग्नि देव कबूतर बने और इन्द्र बाज। कबूतर उड़ता हुआ राजा शिवि की गोद में आकर बैठ गया और अपनी रक्षा के लिए प्रार्थना करने लगा। इसी बीच बड़ा सा बाज राजा शिवि के पास पहुंचा और कबूतर को वापस करने के मांग करने लगा। बाज ने कहा कि, कबूतर मेरा आहार है अगर आप मुझे वापस नहीं करेंगे तो आपको मुझे भूखा रखने का पाप लगेगा। बाज की बातों को सुनकर राजा शिवि ने कहा कि कबूतर मैं तुम्हें नहीं दूंगा अगर कोई अन्य उपाय है तो बताओ। बाज ने कहा कि कबूतर के मांस के बराबर मुझे मांस दे दीजिए इससे मेरा काम हो जाएगा। राजा ने विचार किया कि एक जीव को बचाने के लिए दूसरे जीव का कष्ट देना पाप होगा। यही सोच कर राजा ने कबूतर को तराजू के एक पलडे में डाल दिया और अपने शरीर से मांस काटकर दूसरे पलड़े में रखने लगे। लेकिन काफी मांस रखने के बाद भी पलड़ा हिला तक नहीं। अंत में राजा शिव स्वयं दूसरे पलड़े पर बैठ गये और बाज से कहा कि तुम मुझे खाकर अपनी भूख शांत कर लो। राजा के इस दयालुता और शरण में आये हुए कि मदद करने की भावना को देखकर कबूतर अग्नि देव और बाज देवराज इन्द के रूप में प्रकट हुए। आसमान से फूलों की वर्षा होने लगी।

## आज का राशिफल

**मेष** आज दिन महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का है और आपको पैसों के मामले में खास लाभ होगा।

**तुला** आज दिन सुख-सुविधाओं में वृद्धि वाला रहेगा। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

**वृषभ** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी या कारोबार में किसी व्यापारी से अनबन हो सकती है।

**वृश्चिक** आज लाभ होगा और आपको धन लाभ होने के साथ ही आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

**मिथुन** दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। परिवार में किसी के बिछड़ने से मन दुखी होगा।

**धनु** दिन परेशानियों से भरा होगा। ऑफिस के काम में आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है।

**कर्क** आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। जीवनसाथी और व्यापारिक साझेदारों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** धन लाभ होगा। घर में पत्नी या बच्चे की तबीयत अचानक खराब होने से चिंता हो सकती है।

**सिंह** आज दिन मिलाजुला रहेगा और आपको हर कार्य में मनचाही सफलता प्राप्त होगी।

**कुंभ** आज कोई खास लक्ष्य नहीं होगा। काम को लेकर साहस की कमी निराशा पैदा करेगी।

**कन्या** समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जिम्मेदारियां बढ़ने से थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**मीन** कार्यकुशलता से लाभ दिलाने वाला रहेगा। चतुराई और त्वरित निर्णय से कल लाभ पा सकेंगे।

## विशेष


### दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री

**दिल्ली में जब भी महिला** मुख्यमंत्री बनी है। उसके बाद उसकी पार्टी का शासन वहां से खत्म हो गया। सुषमा स्वराज पहली महिला मुख्यमंत्री बनी थी। उसके बाद 28 साल तक भाजपा सत्ता से दूर रही। कांग्रेस की महिला मुख्यमंत्री शीला दीक्षित लंबे समय तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं। उसके बाद कांग्रेस का दिल्ली में अस्तित्व खत्म हो गया। पिछले दो चुनाव से कांग्रेस का एक भी विधायक दिल्ली में नहीं है। आम आदमी पार्टी ने आतिशी को महिला मुख्यमंत्री बनाया था। आम आदमी पार्टी बुरी तरह से दिल्ली का चुनाव हार गई। अब चौथी महिला मुख्यमंत्री दिल्ली मे बनी हैं। दिल्ली के लिए महिला मुख्यमंत्री का अभी तक का जो रिकॉर्ड रहा है। वह उनकी पार्टी को सत्ता से बेदखल करने वाला रहा है। शपथ ग्रहण के बाद अब दिल्ली में इस बात की चर्चा शुरू हो गई है। भाजपा के लिए वह भाग्यशाली बनेगी या...

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री को लोकायुक्त की क्लीन चिट

**कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया** को भूखंड आवंटन मामले में लोकायुक्त की क्लीन चिट मिल गई है। लोकायुक्त के जांच अधिकारियों ने अपनी अंतिम रिपोर्ट उच्च न्यायालय में दाखिल कर दी है। लोकायुक्त की जांच के बाद अब मुख्यमंत्री निर्दोष साबित हो गए हैं। राजनीति में जांच एजेंसियों का उपयोग सरकार विपक्षी दलों को परेशान करने मे करती है। सभी जांच एजेंसियां सरकार के इशारे पर काम करती हैं। अब केंद्र और राज्य की अलग-अलग जांच एजेंसी हैं।

## कार्टून कोना





### आज का इतिहास

1574 फ्रांस में पांचवां धर्मयुद्ध शुरू हुआ. 1660 पोलैंड समर्थक पार्टी के नेताओं को स्वीडन नरेश चार्ल्स नौंवे ने मौत के घाट उतार दिया. 1768 हैदराबाद के निजाम के साथ अंग्रेजों ने संधि की. 1820 ब्रिटिश कैबिनेट के एक मंत्री की हत्या के लिए रची गयी साजिश का भंडाफोड़ हुआ. 1836 मेक्सिको के हमलावरों के खिलाफ टेक्सास में अलामी की नाकेबंदी की गयी. 1854 ब्रिटेन दक्षिण अफ्रीका में आरेंज नदी के उत्तर के क्षेत्र को हटने के लिए राजी हुआ. 1933 जापान ने 964 जंजीबार में अब्दुल असामी करूमे के शासन को मान्यता दी. 1952 कर्मचारी भविष्य निधि कानून पारित हुआ. 1970 गुयाना ने ब्रिटेन से संबंध तोड़े लेकिन राष्ट्रकुल की सदस्यता बरकरार रखी. 1973 लाओस सरकार और कम्युनिस्टों में समझौते के बाद लड़ाई पुनः भड़क उठी. 1975 अमरीका ने पाकिस्तान को हथियार बेचने पर लगा प्रतिबंध उठा लिया. 1989 जापान ने सम्राट हिरोहितो का निधन.

## दैनिक पंचांग

23 फरवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



रविवार 2025 वर्ष का 54 वा दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु शिशिर।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
पक्ष कृष्ण
तिथि दशमी 13.56 बजे को समाप्त।
नक्षत्र मूल 18.43 बजे को समाप्त।
योग वज्र 11.19 बजे को समाप्त।
करण विष्टि 13.56 बजे तदन्तर बव 01.57 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 24.5 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 09° 49"
सूर्य उत्तरायण
कलि अहर्गण 1872264
जूलियन दिन 2460729.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना शाबान तारीख 24
विशेष महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.30 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मेष | 09.00 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 10.40 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.39 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 14.52 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 17.08 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.20 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 21.31 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.45 ब.से |
| राहुकाल | 4.30 से 6.00 बजे तक | धनु | 02.01 बजे से |
| | | मकर | 04.07 बजे से |
| | | कुंभ | 05.53 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 06.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 06.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभस्य श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ©Jagrutideur.com, Bangalore



# आसान फैसला नहीं है फ्रीलांसिंग शुरु करना

काम-काज की स्वतंत्रता और अच्छी कमाई के चलते आजकल बहुत से लोग अलग-अलग फील्ड्स में फ्रीलांसिंग को रोजगार के विकल्प में अपनाने लगे हैं। फ्रीलांसिंग शुरु करना बहुत आसान फैसला नहीं है। इसमें कई सारी बातों आपको ध्यान में रखनी होती है जो कि आपके स्वतंत्र करियर को बना या बिगाड़ सकती है। यहां सबसे बड़ी चुनौती मार्केट में खुद को स्थापित करना होता है। स्थापित होने में, क्लाइंट्स को आकर्षित करने में समय भी लगता ही है। अगर आप जॉब छोड़कर फ्रीलांसिंग करने की सोच रहे हैं, तो आपको कुछ बातों पर गौर करना जरूरी है। इसके लिए सबसे अच्छा तरीका है खुद को एनालाइज करना। अगर आपके मन में भी फ्रीलांसिंग की इच्छा है तो पहले इन पांच सवालों के बारे में सोच लें।

- स्वतंत्र करियर बनाने की मात्र इच्छा है या आपके अंदर इसे लेकर पैशन है
- आपको क्यों लगता है कि कंपनी के पेरोल से बेहतर आप कर सकते हैं?
- आपके पास क्या सर्विसेस हैं और किसके लिए हैं?
- आपको कैसे इस बात में यकीन है कि आप यह कर पाएंगे?
- कोई भी नई शुरुआत धीरे-धीरे जोर पकड़ती है, क्या आपके पास तब तक सर्वाइव करने के लिए बैकअप अरेंजमेंट है?

इन पांचों सवालों के ईमानदारी से जवाब देकर आप कोई बड़ा कदम उठाने से पहले आश्वस्त हो सकते हैं। अनिश्चित आय-नौकरी से स्वतंत्र काम शुरु करने पर शुरुआत में कुछ मुश्किल हो सकती हैं। नौकरी की तरह आपकी आय निश्चित नहीं होगी। इसलिए यह जरूरी है कि पहले आप अच्छे से मनन-चिंतन कर आगे कदम बढ़ाएं ताकि आपको पीछे मुड़कर नहीं देखना पड़े।



# प्रोडक्शन और ब्रांडिंग से जुड़ी फील्ड है प्रोडक्ट मैनेजमेंट

गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई इसी फील्ड से निकलकर आज एक बड़ा नाम बन चुके हैं। बतौर प्रोडक्ट मैनेजर ऐसे लोग उपभोक्ता का मूड बहुत अच्छी तरह समझते हैं। उनमें प्रोडक्ट की ब्रांडिंग स्किल कमाल की होती है। यूं कहें कि इनकी देखरेख में ही नए-नए प्रोडक्ट बनते और लॉन्च होते हैं। यही वजह है कि कंपनियों के ब्रांड डेवलपमेंट विंग में इन दिनों यह जॉब इन डिमांड है।

## करियर स्कोप

ग्रेजुएट मैनेजमेंट एडमिशन काउंसिल (जीएमएसी) के वार्षिक सर्वे के मुताबिक विश्व भर के करीब 96 प्रतिशत नियोक्ताओं का भरोसा सिर्फ एमबीए ग्रेजुएट्स पर है। इनका मानना है कि ऐसे प्रोफेशनल्स की वजह से ही उनकी कंपनियों को सही वैल्यू मिलती है। करियर विशेषज्ञों का मानना है कि स्टार्ट-अप सेक्टर में आए बूम और मेक इन इंडिया जैसे अभियानों की वजह से आने वाले दिनों में एंटरप्रेन्योर्स की तादाद और ज्यादा बढ़ेगी। इससे कंज्यूमर कंपनीज के मैन्युफैक्चरिंग और प्रोडक्शन सेक्शन में प्रोडक्ट मैनेजमेंट के प्रोफेशनल्स की अच्छी डिमांड पैदा होगी और यह हो भी रही है।

## क्या है काम?

प्रोडक्ट मैनेजमेंट मुख्य रूप से प्रोडक्शन और ब्रांडिंग से जुड़ी फील्ड है। यह मैनेजमेंट की ही एक शाखा है। इसके अंतर्गत किसी भी नए प्रोडक्ट के आइडिएशन और प्लानिंग से लेकर मैन्युफैक्चरिंग, प्राइसिंग, पैकेजिंग, सेल्स एक्टिविटी और ब्रांडिंग जैसी तमाम प्रक्रियाएं शामिल हैं। कंपनी में प्रोडक्ट मैनेजर आम तौर पर दो तरह की जिम्मेदारियां निभाते हैं। पहला, कंपनी के प्रोडक्ट या सर्विस को बाजार में बनाए रखना और दूसरा, नए प्रोडक्ट या सर्विसेज विकसित करना। ऐसे प्रोफेशनल्स को कंज्यूमर रिसर्च और मार्केट रिसर्च की भी अच्छी समझ होती है। ब्रांडिंग वर्क इस पेशे का सिर्फ एक हिस्सा भर है। कंपनियों में प्रोडक्ट मैनेजर की हैसियत मिनी सीईओ जैसी होती है।

## पर्सनल स्किल

कंपनियों में यह एक जिम्मेदारी भरा पद है। आइडिएशन और प्लानिंग इनके करियर का अहम हिस्सा होते हैं। इसलिए उम्मीदवारों को क्रिएटिव और इनोवेटिव सोच का होना जरूरी है। वे मैथ्स और फाइनेंस की अच्छी स्किल रखते हों। इंफॉर्मेशन फिल्टरिंग के लिए एनालिटिकल एबिलिटी होनी चाहिए। टीमवर्क, लीडरशिप, कम्युनिकेशन स्किल और मार्केट ट्रैंड की समझ भी जरूरी है।

### प्रमुख संस्थान

- आईआईटी, दिल्ली
- इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड एडमिनिस्ट्रेशन, मुंबई/ चेन्नाई/ हैदराबाद
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, मुंबई
- अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई

## आकर्षक ग्रोथ

प्रोडक्ट मैनेजमेंट भले ही नए दौर की जॉब है लेकिन यहां ग्रोथ बहुत है। पे-स्केल सर्वे के अनुसार, करीब 58 प्रतिशत प्रोडक्ट मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स को 10 साल के करियर में तीन से चार प्रमोशन आसानी से मिल जाते हैं। इस फील्ड की नियोक्ता कंपनियां एमबीए या बीटेक के बाद हायरिंग में कंसल्टिंग, फाइनेंस या अकाउंटिंग के ग्रेजुएट्स को ज्यादा तरजीह देती हैं। मार्केटिंग ग्रेजुएट और बीबीए उम्मीदवार भी मार्केटिंग असिस्टेंट या एसोसिएट ब्रांड मैनेजर के तौर पर यहां जॉब पा सकते हैं।

## जॉब के अवसर


अगर इस फील्ड में जॉब की बात करें, तो आईटी व आईटीईएस कंपनी, ऑटोमोबाइल कंपनी, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी, मोबाइल, फार्मास्युटिकल, हेल्थकेयर, फूड एंड पर्सनल केयर जैसी कंपनियों में जॉब की तलाश की जा सकती है। एचआर एक्सपर्ट्स की मानें, तो 2026 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में करीब 6 लाख हायरिंग होने की उम्मीद है।

## कौन-से कोर्स?

देश में कई सरकारी और निजी संस्थान प्रोडक्ट मैनजमेंट से संबंधित कोर्स ऑफर कर रहे हैं। ये कोर्स एमबीए के अलावा, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा के रूप में भी उपलब्ध हैं, जैसे पीजी डिप्लोमा इन प्रोडक्शन मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन प्रोडक्शन एंड ऑपरेशंस मैनेजमेंट, पीजी डिप्लोमा इन प्रोडक्शन एंड मटेरियल मैनेजमेंट आदि। कई आईटी संस्थानों में प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के रूप में भी ये कोर्स संचालित हो रहे हैं। अगर आप प्रोडक्ट मैनेजमेंट या ब्रांड मैनेजमेंट में एमबीए करना चाहते हैं, तो ग्रेजुएशन के बाद कर सकते हैं। पीजी डिप्लोमा के लिए ग्रेजुएशन जरूरी है।

## सैलरी पैकेज

प्रोडक्ट मैनेजमेंट एक हाई पेइंग फील्ड है। एंट्री लेवल पर असिस्टेंट मैनेजर जैसे पदों के लिए 30 हजार से 50 हजार रुपए की सैलरी प्रति माह आसानी से मिल जाती है। कुछ वर्षों के अनुभव के बाद बतौर प्रोडक्ट मैनेजर इनकी सैलरी 1 लाख रुपए से भी ज्यादा हो जाती है। डिप्लोमाधारी प्रोफेशनल्स को भी इस फील्ड में शुरुआती दौर में 25 से 50 हजार रुपए प्रति माह मिल जाते हैं।





# युवाओं के लिए बेहतरीन करियर विकल्प ह्यूमन रिसोर्स

**नए करियर की तलाश कर रहे युवाओं के लिए ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट एक बेहतरीन करियर विकल्प के रूप में उभर रहा है। खासकर वर्तमान प्रतिस्पर्धी माहौल में अच्छे एम्प्लॉई को हायर करना मुश्किल काम हो गया है, लेकिन एचआर की जिम्मेदारी होती है कि वे ऐसे लोगों को हायर करें, जो कंपनी या ऑर्गनाइजेशन के मिशन को पूरा करने में सहायक हों। साथ ही, ट्रेनिंग, सैलरी आदि को हैंडल करना भी इन्हीं के जिम्मे होता है। यही कारण है कि इन दिनों एचआर की जरूरत करीब-करीब हर इंडस्ट्री में है।**

आमतौर पर देश के प्रमुख बिजनेस स्कूल ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स ऑफर करते हैं। जैसे-एमबीए इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, मास्टर ऑफ ह्यूमन रिसोर्स ऐंड ऑर्गनाइजेशनल डेवलपमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट। इन कोर्सों में एडमिशन पाने के लिए जरूरी है कि स्टूडेंट्स किसी मान्यताप्राप्त यूनिवर्सिटी से किसी भी संकाय में स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हों। इस कोर्स के लिए चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है। अधिकतर सरकारी संस्थानों में कॉमन एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन किया जाता है। प्रवेश परीक्षा में अंग्रेजी, तर्क शक्ति अर्थात रीजनिंग, जनरल साइंस, जनरल नॉलेज आदि से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। लिखित परीक्षा में सफल होने के बाद जीडी और इंटरव्यू में हिस्सा लेना पड़ता है। इस प्रक्रिया के बाद ही एडमिशन हो पाता है।

## स्किल्स

ह्यूमन रिसोर्स के फील्ड में सफल होने के लिए फ्रैंडली पर्सनैल्टी का होना जरूरी है। सबसे खास बात यह कि एम्प्लॉई को हैंडल करने, यूनियन आदि से भी निपटने की काबिलियत के साथ-साथ प्रेशर में काम करने का गुण बेहद जरूरी है। एचआर की कम्युनिकेशन स्किल भी उम्दा होनी चाहिए, क्योंकि इनका काम टीम को एक साथ लेकर चलने के अलावा, एम्प्लॉई को मोटीवेट करना भी होता है। एचआर को कंपनी के कायदे-कानून के साथ-साथ नए ट्रेंड की भी जानकारी होनी चाहिए।

## रोजगार के अवसर

एचआर के फील्ड में शानदार स्कोप है। चाहे कोई भी इंडस्ट्री हो या फिर बिजनेस, हर जगह इनकी मांग देखी जा रही है। दरअसल, इनका काम वर्क फोर्स को मैनेज करने से जुड़ा होता है। यही वजह है कि प्राइवेट क्षेत्र की कंपनियों के साथ-साथ गवर्नमेंट डिपार्टमेंट में भी इनकी मांग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इन दिनों बड़ी और मल्टीनेशनल कंपनी के साथ-साथ छोटी-छोटी कंपनियों में ह्यूमन रिसोर्स से जुड़े पेशेवर लोगों की नियुक्ति की जा रही है। ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के क्षेत्र में कॉर्पोरेट हाउस, मल्टीनेशनल कंपनी, एयरलाइंस, फैक्टरी, गवर्नमेंट डिपार्टमेंट आदि में जॉब की तलाश की जा सकती है। ह्यूमन रिसोर्स आउटसोर्सिंग का क्षेत्र भी तेजी से बढ़ रहा है। भारत इस क्षेत्र में हॉट स्पॉट बनकर उभर रहा है। एचआर का कंपनी में एक महत्त्वपूर्ण स्थान होता है अतः इनकी सैलरी भी काफी अच्छी होती है। ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट का कोर्स पूरा करने के बाद शुरुआत में लोगों को चार से सात लाख रुपये का सालाना सैलरी पैकेज मिलने लगता है।



**कला में स्नातक होने के बाद छात्र को सरकारी क्षेत्र में कॅरियर के अपार अवसर मिल सकते हैं। यह बीए के बाद सबसे अच्छे कॅरियर विकल्पों में से एक है जो सुरक्षित क्षेत्रों में से एक है जो आपको कठोर स्थिति में भी स्थिति या पद के साथ स्थायी नौकरी की सुरक्षा प्रदान करता है। यदि कोई छात्र अपना करियर बनाने या जनता के लिए काम करने का इच्छुक है तो छात्रों के लिए सरकारी क्षेत्र में अवसरों की तलाश करने के लिए यह सबसे अच्छा और सबसे रचनात्मक करियर विकल्प है।**

# कला में स्नातक होने के बाद कॅरियर के अपार अवसर

कला में स्नातक होने के बाद छात्र को सरकारी क्षेत्र में कॅरियर के अपार अवसर मिल सकते हैं। यह बीए के बाद सबसे अच्छे कॅरियर विकल्पों में से एक है जो सुरक्षित क्षेत्रों में से एक है जो आपको कठोर स्थिति में भी स्थिति या पद के साथ स्थायी नौकरी की सुरक्षा प्रदान करता है। कला स्नातक (बीए) में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद हम में से बहुत से लोग यह नहीं जानते हैं कि अपनी मूल डिग्री के संकलन के बाद उन्हें किस कैरियर का अनुसरण करना चाहिए। क्या वे उच्च ऑनलाइन शिक्षा के लिए जाएंगे या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करेंगे या उन्हें कॉर्पोरेट जगत में कदम रखना चाहिए? तो आईये जानते हैं कि बीए करने बाद आपके लिए करियर विकल्प क्या हो सकते हैं।

## बीए के बाद करियर

कैरियर के अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला ने बीए क्षेत्र में रखा है जो पहले प्रौद्योगिकी में एक सर्वश्रेष्ठ और चयनात्मक करियर रहा है और जो आपके संपूर्ण व्यक्तित्व को विकसित करने के साथ-साथ डिजाइनिंग, पत्रकारिता, मीडिया, सामग्री निर्माण या इससे भी अधिक रचनात्मक कार्य प्रोफ़ाइल जहां कला स्नातक में स्नातक छात्र ने एक स्थान हासिल किया है। कला स्नातक तीन साल की बुनियादी डिग्री होती है जो कला से संबंधित विषयों जैसे उदार कला, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, आदि के सामान्य अध्ययन के साथ होती है। बीए की डिग्री में साहित्य, मनोविज्ञान, दर्शन, संचार, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, भूगोल, संस्कृत, और अन्य कला जैसे विषय शामिल होते हैं। छात्र अपनी रुचि और करियर के लक्ष्यों के अनुसार डिग्री विषय का विकल्प चुन सकते हैं। बीए में अवसर प्रतिस्पर्धी दुनिया में अवसरों की एक श्रृंखला है जिसे आप कला में स्नातक पूरा करने के बाद खोज सकते हैं।

## मीडिया, पत्रकारिता और जनसंचार

पत्रकारिता और जनसंचार लोकप्रिय क्षेत्रों में से एक है जिसने डिजिटल दुनिया के वर्तमान समय में काफी लोकप्रियता हासिल की है। पत्रकारिता एक विशाल क्षेत्र है जिसमें बड़े समाचार चैनलों के साथ सामग्री लिखने, पत्रिकाओं के लिए फीचर या यहां तक कि कैमरे के सामने और कैमरे के पीछे एंकर के साथ काम करना शामिल है। मीडिया उन बहुतायत क्षेत्रों में से एक है जिसमें एक छात्र काम कर सकता है। पत्रकारिता कार्यक्रमों में बीए पूरा करने के बाद छात्र संचार में परास्नातक कर सकते हैं या एक निश्चित मीडिया विशेषज्ञता जैसे लेखन, टीवी पत्रकारिता, पटकथा लेखन, फिल्म निर्माण, कॉर्पोरेट संचार, आदि में पीजी डिप्लोमा के लिए जा सकते हैं।

## डिजिटल मार्केटिंग

यह सबसे महत्वपूर्ण और सबसे अधिक मांग वाला कोर्स है जिसे आज के युवाओं द्वारा डिजिटल दुनिया में अपना करियर बनाने के लिए चुना जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उन छात्रों के लिए सबसे अच्छा विकल्प है जो ई-कॉमर्स पोर्टल पर अपना स्टार्टअप, व्यवसाय या उद्यम, वेबसाइट, उत्पाद खोलना चाहते हैं। ऑनलाइन व्यवसाय तेजी से बढ़ रहे हैं, लगभग अरबों से अधिक लोग माल और सेवाओं के लिए ई-कॉमर्स पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं, इसलिए यह उनके डिजिटल-आधारित व्यवसाय को खोलने के लिए एक विशाल और आकर्षक क्षेत्र है। डिजिटल मार्केटिंग में नौकरी के अवसर-

- डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर
- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजर
- सोशल मीडिया मार्केटर
- ईमेल मार्केटर
- सामग्री विपणक
- डेटा विश्लेषक

## डेटा साइंटिस्ट

एक गलत धारणा है कि साइंस स्ट्रीम का छात्र केवल डेटा साइंटिस्ट बनने के योग्य होता है। कला में स्नातक रखने वाला छात्र अपने संबंधित क्षेत्रों या क्षेत्र में डेटा विज्ञान की दुनिया में कदम रख सकता है। डेटा साइंस संरचित या असंरचित डेटा से अंतर्दृष्टि निकालने के लिए वैज्ञानिक तरीकों के माध्यम से सिस्टम, एल्गोरिदम का उपयोग करके डेटा को छोटा या एकत्र करने का क्षेत्र है। यदि किसी छात्र की कंप्यूटर, सॉफ्टवेयर विकास, तकनीकी क्षेत्र में गहरी रुचि है तो वह इस विकल्प का चुनाव कर सकता है।

# लॉन्च होते ही धड़ाम हुई क्रिप्टोकरेंसी

## दो दिन में आधी से ज्यादा गिर गई कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ समय से नई-नई क्रिप्टोकरेंसी की बाढ़ आ गई है। कई क्रिप्टोकरेंसी लॉन्च हो चुकी हैं तो कई अभी लाइन में हैं। हाल ही में दो नई क्रिप्टोकरेंसी लॉन्च हुई हैं। इनका नाम पाई नेटवर्क और लिब्रा है। इनमें पाई नेटवर्क लॉन्चिंग से पहले काफी चर्चा में रही। वहीं लिब्रा इस समय कंट्रोवर्सी को लेकर चर्चा में है। स्थिति यह है कि ये दोनों क्रिप्टोकरेंसी धड़ाम हो गई हैं। दोनों की कीमत आधी से भी ज्यादा गिर गई है।




### क्या है पाई नेटवर्क की स्थिति?

पाई नेटवर्क की ओर से विकसित पाई कॉइन की लॉन्चिंग काफी जोर-शोर के साथ हुई थी। यह 20 फरवरी को 1.84 डॉलर (करीब 160 रुपये) लॉन्च हुई थी। लॉन्चिंग के बाद इसमें तेजी आई और यह दो डॉलर के ऊपर पहुंच गई। लेकिन उसी दिन बाद में इसमें गिरावट भी शुरू हो गई। लॉन्चिंग के 24 घंटे के अंदर ही इसकी कीमत 55 फीसदी से ज्यादा गिर गई थी।

शनिवार सुबह 10:30 बजे पाई कॉइन की कीमत करीब 0.75 डॉलर है। यानी एक डॉलर से भी कम। लॉन्चिंग से लेकर अब तक यह क्रिप्टोकरेंसी करीब 60 फीसदी गिर गई है। यानी इसकी कीमत मात्र दो दिनों के भीतर ही आधी से भी कम रह गई है।

### ये हैं इसमें गिरावट के कारण

जानकारों के मुताबिक पाई कॉइन में गिरावट का कारण मुनाफावसूली हो सकता है। साथ ही यह क्रिप्टोकरेंसी बड़े एक्सचेंजों पर लिस्ट नहीं है। इसके अलावा वास्तविक दुनिया में भी इसकी उपयोगिता को लेकर संदेह पैदा हो रहा है। वहीं कई जानकार का मानना है कि आने वाले समय में इसकी कीमत में तेज उछाल आ सकता है।

### क्यों आई इसमें गिरावट?

लिब्रा टोकन में गिरावट का सबसे बड़ा कारण इसके पीछे की एक कंट्रोवर्सी है। सरकारी जांच और लोगों के संदेह के चलते इसमें बड़ी गिरावट आई। लिब्रा को एक शक्तिशाली कंपनी का समर्थन था, लेकिन कई स्कैम टोकन नकली प्रचार पर निर्भर करते हैं। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति ने इसका प्रचार किया था। लिब्रा टोकन से 99 मिलियन डॉलर गायब होने की भी बात सामने आ रही है। इससे भी इसमें गिरावट आई है।

### क्या है लिब्रा की स्थिति?

लॉन्चिंग से पहले लिब्रा टोकन की भी बहुत चर्चा थी। कई जगह इसे भविष्य की बिटकॉइन भी कहा जा रहा था। लिब्रा टोकन की लॉन्चिंग 15 फरवरी को 1.03 डॉलर (करीब 90 रुपये) पर हुई थी। लॉन्चिंग के बाद से ही इसमें गिरावट आनी शुरू हो गई। लॉन्चिंग वाले दिन ही यह गिरकर 0.13 डॉलर पर आ गई थी।

यानी उसी दिन इसमें 80 फीसदी से ज्यादा की गिरावट हुई। हालांकि दो दिन बाद इसमें कुछ सुधार आया और यह 0.70 डॉलर के कुछ ऊपर तक गई। लेकिन ओवरऑल अभी भी निवेशक नुकसान में हैं। शनिवार सुबह 10:30 बजे इसकी कीमत 0.19 डॉलर थी। अभी तक इसमें 80 फीसदी से ज्यादा की गिरावट है।

## अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने इस सोलर प्रोजेक्ट को शुरू किया

नई दिल्ली, एजेंसी। अडानी ग्रुप की कंपनी- अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की इकाई ने राजस्थान के जैसलमेर में 250 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना का परिचालन शुरू कर दिया है। एजीईएल ने कहा कि इस प्लांट के चालू होने के साथ ही इसकी रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन क्षमता बढ़कर 11,916.1 मेगावाट हो गई है। अडानी ग्रीन एनर्जी की सब्सिडयरी की सब्सिडयरी अडानी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी फोर लिमिटेड (एजीई24एल) ने




जैसलमेर के भीमसर और द्वाडा में 250 मेगावाट की सोलर एनर्जी परियोजना का संचालन शुरू कर दिया है।

**अडानी ग्रीन के शेयर-** अब सोमवार को ट्रेडिंग के दौरान अडानी ग्रीन के शेयर पर नजर रहेगी। बता दें कि सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर में गिरावट रही। यह शेयर 1.80 प्रतिशत टूटकर 849.20 रुपये पर बंद हुआ। ट्रेडिंग के दौरान शेयर अपने 52 वीक लो के करीब पहुंच गया। बता दें कि 17 फरवरी को शेयर 841 रुपये के लो पर बंद हुआ था।

**दिसंबर तिमाही के नतीजे-** अडानी ग्रीन एनर्जी का नेट प्रॉफिट चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 85 प्रतिशत बढ़कर 474 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से बिजली आपूर्ति से प्राप्त आय में बढ़ोतरी के कारण मुनाफा बढ़ा है। कंपनी का मुनाफा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 256 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बिजली आपूर्ति से आय बढ़कर 1,993 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,765 करोड़ रुपये था। कंपनी की परिचालन क्षमता 37 प्रतिशत बढ़कर 11,609 मेगावाट हो गई, जिसमें 3,131 मेगावाट के नए विद्युत संयंत्र शामिल हैं।

## 1 साल में पैसा डबल अब 2 टुकड़ों में बंटने जा रहा है शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमी ऑर्गेनिक लिमिटेड के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। इसकी जानकारी कंपनी ने एक्सचेंज के साथ साझा कर दी है। बता दें, शुक्रवार को अमी ऑर्गेनिक लिमिटेड के शेयर बीएसई में 1.74 प्रतिशत की गिरावट के बाद 2242.15 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

**2 टुकड़ों में बंटने जा रहा है शेयर-** अमी ऑर्गेनिक लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर को 2 हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 2 रुपये हो



जाएगा। अमी ऑर्गेनिक लिमिटेड ने अभी इस स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। हालांकि, यह पूरा प्रोसेस 3 महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

**3 बार डिविडेंड दे चुकी है कंपनी**
2022 से लगातार कंपनी डिविडेंड देती आ रही है। तीनों बार कंपनी ने एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 3 रुपये का डिविडेंड दिया था।

**शेयर बाजारों में कंपनी का प्रदर्शन कैसा है-** इस स्टॉक का प्रदर्शन पिछले एक साल के दौरान शानदार रहा है। इस दौरान कंपनी के पोजीशनल निवेशकों का पैसा डबल हो चुका है। इस दौरान स्टॉक का भाव 105 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। जबकि बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स में 3.70 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। बता दें, 6 महीने से अमी ऑर्गेनिक लिमिटेड के शेयरों में 70 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, 2025 में भी यह स्टॉक का भाव 7 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का 52 वीक हाई 2643.50 रुपये और 52 वीक लो लेवल 1005.05 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 9178 करोड़ रुपये का है। 2 साल में अमी ऑर्गेनिक लिमिटेड के शेयरों में 139 प्रतिशत की तेजी आई है। वहीं, 3 साल में शेयरों का भाव 152 प्रतिशत बढ़ा है।

## सेविंग अकाउंट में बैलेंस पर 7.50 प्रतिशत तक ब्याज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप बैंक में पैसे जमा कर मुनाफा कमाते हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 3 करोड़ रुपये से कम की जमा राशि के लिए अपनी सावधि जमा (एफडी) ब्याज दरों और सेविंग अकाउंट की ब्याज दरों में संशोधन किया है। संशोधित ब्याज दरें 21 फरवरी, 2025 से प्रभावी हैं।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए 8.75 प्रतिशत ब्याज

**उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सामान्य** ग्राहकों को एफडी पर 18 महीने की अवधि के लिए 8.25 प्रतिशत की ब्याज दे रहा है। वरिष्ठ नागरिकों को समान अवधि के लिए 8.75 प्रतिशत ब्याज मिलता है। इससे पहले 12 महीने की अवधि पर 8.25 प्रतिशत की उच्चतम ब्याज दर की पेशकश की गई थी।

**एफडी पर ब्याज दरें-** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक 7 से 29 दिनों की अवधि के लिए 3.75 प्रतिशत, 30 से 89 दिनों की अवधि के लिए 4.25 प्रतिशत और 90 से 180 दिनों की अवधि के लिए 4.75 प्रतिशत की एफडी ब्याज दरें देता है। बैंक 6 महीने से 12 महीने से कम की जमा के लिए 7 प्रतिशत की ब्याज दर और 12 महीने से 18 महीने से कम की जमा के लिए 8.10 प्रतिशत की ब्याज दर दे रहा है। 18 महीने की अवधि पर 8.25 प्रतिशत की उच्चतम ब्याज दर की पेशकश की जाती है।

# टाटा ग्रुप भी नहीं बचा मार्केट की गिरावट से

### 5 कंपनियों के शेयर औंधे मुंह गिरे, 52 हफ्ते के निचले स्तर के करीब पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में गिरावट थमने का नाम नहीं ले रही है। इस गिरावट के कारण देश की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों को नुकसान हो रहा है। इनमें रिलायंस भी शामिल है। वहीं टाटा ग्रुप की कई कंपनियों को भी बड़ा नुकसान हुआ है। इनमें 5 कंपनियां तो ऐसी हैं जिनका शेयर 52 हफ्ते के निम्नतम स्तर के करीब आ गया है।

. **टाटा स्टील-** टाटा ग्रुप की यह एक अहम कंपनी है। इस कंपनी के शेयर की भी चाल एक साल में सही नहीं रही है। शुक्रवार को यह 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 140.60 रुपये पर बंद हुआ। लेकिन पिछले 52 हफ्ते में इसने नुकसान ही दिया है। इसका 52 हफ्ते का निम्नतम स्तर 122.60 रुपये है। मौजूदा कीमत निम्नतम स्तर से कुछ ही ज्यादा है।



**टाटा मोटर्स-** टाटा मोटर्स के शेयर शुक्रवार को 2.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 672.90 रुपये पर बंद हुए। ऑटोमोबाइल सेक्टर की लीडिंग इस कंपनी के शेयर में पिछले एक महीने में करीब 10 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। इसका 52 हफ्ते का निम्नतम स्तर 667 रुपये है जो मौजूदा कीमत से कुछ ही कम है।

### टाटा केमिकल

यह शेयर भी गिरावट का सामना कर रहा है। शुक्रवार को यह एक फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 845.20 रुपये पर बंद हुआ। पिछले एक महीने में इस शेयर में 11 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। इसका 52 हफ्ते का निम्नतम स्तर 833 रुपये है। ऐसे में इस शेयर की मौजूदा कीमत 52 हफ्ते के निम्नतम स्तर से कुछ रुपये ही ज्यादा है।

### टाटा कम्युनिकेशंस

टाटा ग्रुप का यह शेयर 52 हफ्ते के निम्नतम स्तर के बिल्कुल करीब है। शुक्रवार को यह 2.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1451.20 रुपये पर बंद हुआ था। एक महीने में यह निवेशकों का 14 फीसदी से ज्यादा नुकसान कर चुका है। इसका 52 हफ्ते का निम्नतम स्तर 1441 रुपये है। यानी यह अभी निम्नतम स्तर से 10 रुपये ही ज्यादा है।

### टाटा टेक्नोलॉजीज

यह शेयर भी 52 हफ्ते के निम्नतम स्तर के करीब है। शुक्रवार को यह 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 742.40 रुपये पर बंद हुआ था। पिछले एक महीने में इसने निवेशकों को 7 फीसदी से ज्यादा का नुकसान दिया है। वहीं इसका 52 हफ्ते का निम्नतम स्तर 710.60 रुपये है। यानी इसकी भी मौजूदा कीमत निम्नतम स्तर से कुछ ही ज्यादा है।

### स्वास्थ्य पर असर डालने वाले कारकों के आधार पर तय होगा प्रीमियम

## बीमा कंपनियां कर रही ये तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आने वाले दिनों में आपको स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों के आधार पर हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के लिए ज्यादा प्रीमियम देना पड़ सकता है। स्वास्थ्य बीमा कंपनियां इस तरह की योजना बना रही हैं। इसकी शुरुआत दिल्ली से हो सकती है, जहां बीमा प्रीमियम में 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो सकती है। बीमा कंपनियों का मानना है कि कई ऐसे कारक होते हैं, जिनकी वजह से उन्हें ज्यादा दावों का भुगतान करना होता है, जबकि प्रीमियम एक ही तरह का होता है। हालांकि, बीमा कंपनियों को यह नियम लागू करने के लिए भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) से मंजूरी लेनी होगी। बता दें कि यह पहली बार होगा जब देश में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की गणना में वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों को शामिल किया जाएगा।सूत्रों का कहना है कि जहरीली हवा के कारण 2024 में दिल्ली के ज्यादातर निवासी अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और हृदय संबंधी बीमारियों के कारण अस्पतालों में भर्ती हुए। इससे बीमा कंपनियों को दावे के एवज में ज्यादा भुगतान करना पड़ा। इंश्योरेंस कंपनी स्टार हेल्थ के परिचालन प्रमुख अमिताभ जैन ने कहा, हमें मूल्य निर्धारण में एक अलग कारक के रूप में प्रदूषण के बारे में विचार करना होगा। इसके बाद हम उन क्षेत्रों के लिए एक विशेष शुल्क लागू कर सकते हैं, जो इससे प्रभावित होते हैं। 2024 में सांस संबंधी बीमारियों वाले मरीजों की संख्या दूसरी छमाही में 18 फीसदी तक बढ़ गई, जबकि पहली छमाही में यह छह फीसदी तक ही थी।




**1.06 लाख करोड़ मिला प्रीमियम-** इरडाई की सालाना रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 में बीमा कंपनियों ने 1.06 लाख करोड़ रुपये का स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में हासिल किया, जो उसके पहले के वर्ष की तुलना में लगभग 20 फीसदी ज्यादा है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और मेडी असिस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक सांस से संबंधित बीमारियों के दावों में 8.3 फीसदी की वृद्धि हुई। इससे स्वास्थ्य देखभाल लागत में सबसे अधिक वृद्धि हुई। स्टार हेल्थ व आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने कहा, अगर खराब वायु गुणवत्ता बनी रही तो प्रदूषण जल्द ही स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम निर्धारित करने में प्रत्यक्ष कारक बन सकता है। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने कहा, उद्योग विशेष रूप से प्रदूषण से स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का एक नया सेगमेंट पॉलिसी में जोड़ सकता है।

## समय से पहले लोन बंद करने पर मिलेगी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** समय से पहले लोन बंद करने वाले ग्राहकों को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बड़ा तोहफा देने वाला है। दरअसल, आरबीआई ने व्यक्तियों और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) के बिजनेस लोन पर लगाए जाने वाले प्री-पेमेंट चार्ज को हटाने का प्रस्ताव रखा है। आरबीआई के ड्राफ्ट सर्कुलर में कहा गया, टियर-1 और टियर-2 सहकारी बैंकों और शुरुआती स्तर के एनबीएफसी के अलावा उसके दायरे में आने वाली इकाइयां व्यक्तियों और एमएसई कर्जदारों द्वारा व्यावसायिक उद्देश्य के लिए लिए गए फ्लोटिंग रेट लोन के प्री-पेमेंट पर कोई शुल्क/जुर्माना नहीं लगाएंगे। हालांकि, मझोले उद्यमों के मामले में ये निर्देश प्रति कर्जदार 7.50 करोड़ रुपये की कुल स्वीकृत सीमा तक लागू होंगे। बता दें कि मौजूदा मानदंडों के अनुसार विनियमित संस्थाओं (आरई) की कुछ श्रेणियों को पर्सनल कर्जदारों द्वारा व्यवसाय के अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए स्वीकृत फ्लोटिंग रेट टेन्योर लोन पर प्री-पेमेंट चार्ज लगाने की अनुमति नहीं है।

इस बीच, आरबीआई ने बताया है कि बैंक लोन और बैंक जमा में अक्टूबर-दिसंबर के दौरान तिमाही आधार पर गिरावट आई है। सालाना बैंक लोन वृद्धि सितंबर 2024 तिमाही में 12.6 प्रतिशत से घटकर दिसंबर 2024 तिमाही में 11.8 प्रतिशत हो गई। इसी तरह जमा वृद्धि 11.7 प्रतिशत के मुकाबले घटकर 11 प्रतिशत रही। कुल लोन में प्रमुख हिस्सा रहने



वाले व्यक्तिगत ऋण की सालाना वृद्धि 13.7 प्रतिशत (एक तिमाही पहले 15.2 प्रतिशत) रही।

**बिजनेस लोन में बढ़ोतरी-** दूसरी ओर व्यापार, वित्त और पेशेवर/ अन्य सेवाओं के लिए बैंक ऋण 2024-25 की तीसरी तिमाही में तेजी से बढ़ा। आंकड़ों से पता चला कि सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों को ऋण दिसंबर 2024 में 5.4 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जबकि इससे पिछली तिमाही में यह 0.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा था।

# भारत की वृद्धि दर में वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में हो सकता है सुधार, यूबीआई ने किया यह दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि में तेजी आने की उम्मीद है, जिसमें जीडीपी वृद्धि 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दूसरी तिमाही में यह आकंड़ा 5.4 प्रतिशत था। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच जो नकारात्मक अंतर, वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में देखा गया, उसमें तीसरी तिमाही में सुधार हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 6.2 प्रतिशत (जो दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत थी) हो जाएगी, क्योंकि एफवाय25 में जीडीपी और जीवीए वृद्धि के बीच देखा गया नकारात्मक अंतर संभवतः क्यू3 एफवाय25 में बेअसर हो गया।

हालांकि, रिपोर्ट ने जीडीपी डेटा और राजकोषीय डेटा में दर्शाए गए शुद्ध अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि के रुझानों के बीच एक विसंगति की ओर भी इशारा किया। इसने चेतावनी दी कि इस तिमाही में राजकोषीय आंकड़ों में शुद्ध अप्रत्यक्ष कर वृद्धि में गिरावट से क्यू3एफवाय25 में भी नकारात्मक जीडीपी-जीवीए वृद्धि अंतर जारी रहने का जोखिम हो सकता है। रिपोर्ट ने पूरे साल के लिए जीडीपी विकास





पूर्वानुमान को 6.4 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है, जिसके लिए वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में लगभग 6.8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि की आवश्यकता होगी, जबकि पहली छमाही में यह 6 प्रतिशत थी।

## टाटा मोटर्स के बड़े अधिकारी छोड़ रहे हैं साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा मोटर्स के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में गिरावट के पीछे की वजह डीमर्जर की खबर को माना जा रहा है। जिसकी वजह से कई बड़े अधिकारी कंपनी का साथ छोड़ रहे हैं। शुक्रवार को भारी बिकवाली की वजह से टाटा मोटर्स के शेयरों का भाव 672.40 रुपये पर एनएसई में बंद हुआ था। कंपनी का इंट्रा-डे लो लेवल 671.10 रुपये रहा है।

**टाटा मोटर्स डीमर्जर का क्या है मामला-** टाटा ग्रुप की इस कंपनी ने मार्च 2024 में डीमर्जर का ऐलान किया था। कंपनी टैलेंट मैपिंग कर रही है। जिससे बड़े अधिकारियों को दोनों कंपनियों में से किसी एक कंपनी में जिम्मेदारी दी जा सके। मिंट की रिपोर्ट के अनुसार मर्जर के ऐलान के बाद टाटा मोटर्स ने टैलेंट मैपिंग के लिए प्रोफेशनल कंपनियों के जिम्मेदारी दी है। लेकिन इस प्रक्रिया से कई टाटा मोटर्स के अधिकारी नाखुश नजर आ रहे हैं। जिसकी वजह से उन्होंने कंपनी को भी छोड़ दिया है। एक अधिकारी के अनुसार, अगर आप दोनों बिजनेस में बड़ी पोस्ट पर हैं तो अब आपको एक छोड़ना पड़ेगा।



# संडेज ऑन साइकिल बड़ा हिट

## चार हजार स्थानों पर दो लाख से अधिक साइकिल चालक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले साल 17 दिसंबर को शुरू हुआ यह अभियान ज्यादातर देश भर के विभिन्न भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों और खेलो इंडिया केंद्रों में आयोजित किया गया है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया का महत्वाकांक्षी संडेज ऑन साइकिल अभियान पिछले साल दिसंबर में शुरू हुआ जिसके बाद से इसमें 4,000 स्थानों पर दो लाख से अधिक साइकिल चालकों ने हिस्सा लिया है। भारतीय साइक्लिंग महासंघ (सीएफआई) और 'माई भारत' के सहयोग से आयोजित फिट इंडिया मूवमेंट के प्रमुख अभियान ने जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु और कोलकाता से लेकर औरंगाबाद तक के क्षेत्रों को कवर किया है जो स्वस्थ भारत का संदेश फैला रहा है। पिछले साल 17 दिसंबर को शुरू हुआ यह अभियान ज्यादातर देश भर के विभिन्न भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों और खेलो इंडिया केंद्रों में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले बड़े संस्थानों में भारतीय सेना, इंडिया पोस्ट, सीआरपीएफ, आईटीबीपी शामिल हैं जबकि साप्ताहिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रमुख खेल हस्तियों में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन के अलावा नीतू घंघास, स्वीटी बूरा, प्रीति पवार और पैरा निशानेबाज रुबीना फ्रांसिस शामिल हैं। इस पहल का समर्थन करने वाले अन्य शीर्ष एथलीट ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और पूर्व हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश हैं। मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, इस अभियान मुख्य संदेश मोटापे के खिलाफ लड़ाई हैं जो माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है कि नशीली दवाओं को नहीं कहें, फिटनेस के लिए साइकिल चलाएं और प्रदूषण का समाधान।

## पूर्व गोलकीपर सुब्रत पॉल को राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का निदेशक नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने भारत के पूर्व गोलकीपर सुब्रत पॉल को शुक्रवार को राष्ट्रीय टीम का निदेशक नियुक्त किया। समिति ने इसके साथ ही पुरुषों की अंडर20 टीम के मुख्य कोच के रूप में बिबियानो फर्नांडिस के नाम की भी सिफारिश की। यह निर्णय भारत के पूर्व कप्तान आईएम



विजयन की अध्यक्षता में तकनीकी समिति की बैठक में लिए गए। इसमें शब्बीर अली, विक्टर अमलराज, क्लाइमेक्स लॉरेंस, हरजिंदर सिंह और संतोष सिंह ने भाग लिया। एआईएफएफ महासचिव अनिलकुमार प्रभाकरन और कोषाध्यक्ष किपा अजय के साथ-साथ तकनीकी निदेशक सैयद साबिर पाशा भी बैठक में उपस्थित थे। एआईएफएफ ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, तकनीकी समिति ने राष्ट्रीय टीम के निदेशक के रूप में पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुब्रत पॉल की नियुक्ति की पुष्टि की। इसने कहा गया है, समिति ने अंडर20 राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में बिबियानो फर्नांडीस को नियुक्त करने की भी सिफारिश की है।

## केरल की टीम ने रचा इतिहास

### पहली बार रणजी फाइनल में... अब इस टीम से खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल की टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई है. केरल ने गुजरात के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर फाइनल में एंट्री ली. पहली पारी के आधार पर केरल को महज दो रनों की लीड मिली, जो निर्णायक साबित हुई. अब फाइनल में केरल का सामना विदर्भ से होगा. रणजी ट्रॉफी 2024-25 का फाइनल 26 फरवरी से नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होना है.

अजरुद्दीन का शतक... फिर जलज-आदित्य का कमाल

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में केरल की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए मोहम्मद अजहरुद्दीन के शानदार 177 रनों की



मदद से पहली इंनिग्स में 457 रन बनाए थे. जवाब में गुजरात ने प्रियांक पांचाल के शानदार शतक (148 रन) की बदौलत पहली पारी में 455 रनों का स्कोर खड़ा किया. देखा जाए तो गुजरात को खेल के पांचवें एवं आखिरी दिन (21 फरवरी) लीड हासिल करने के लिए सिर्फ 28 रनों की जरूरत थी और उसके तीन विकेट बाकी थे. लेकिन स्पिनर आदित्य सरवते ने बाकी के तीनों विकेट चटकाकर केरल को निर्णायक बढ़त दिला दी. सरवते और जलज सक्सेना में मिलकर केरल के लिए पहली पारी में आठ विकेट चटकाए. फिर केरल ने अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 114 रन बनाए, जिसके बाद दोनों कप्तानों ने मुकाबले को आगे ना जारी रखना ही उचित समझा.

**विदर्भ ने मुंबई को किया पस्त**- उधर विदर्भ ने दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई को 80 रनों से हराया. नागपुर में खेले गए इस मुकाबले में मेजबान विदर्भ ने पहले बैटिंग करते हुए 383 रन बनाए. जवाब में मुंबई की पहली पारी 270 रनों पर सिमटी. यानी पहली पारी के आधार पर विदर्भ को 113 रनों की अहम लीड मिली. इसके बाद विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी में 292 रनों का स्कोर खड़ा किया. अब मुकाबले में मुंबई को जीत के लिए 406 रनों का टारगेट मिला था, जिसका पीछा करते हुए मेहमान टीम खेल के पांचवें एवं आखिरी दिन 325 रनों पर सिमट गई. विदर्भ की टीम दो बार रणजी ट्रॉफी जीत चुकी है. जबकि एक बार तो उपविजेता रही

# भारत-पाक के बीच महामुकाबला आज

**चैंम्पियंस ट्रॉफी**

**भारत संग मुकाबले से पहले पाकिस्तान का पैंतरा, दुबई में की स्पेशल तैयारी**

**दुबई, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार (23 फरवरी) को दुबई में चैंम्पियंस ट्रॉफी का महामुकाबला होना है. इस बहुप्रतीक्षित मैच के लिए पाकिस्तानी क्रिकेट टीम पूरी तरह से तैयार है. क्योंकि एक हार से उसका पूरा गणित बिगढ़ जाएगा. इस थ्रिलर मैच से पहले पड़ोसी देश ने दुबई में स्पेशल तैयारी की.

चैंम्पियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड से पहला मैच गंवाने के बाद अब पाकिस्तान टीम भारत के खिलाफ 23 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेलने के लिए उतरेगी. वहीं भारतीय टीम ने चैंम्पियंस ट्रॉफी के पहले लीग मुकाबले में बांग्लादेश को पटखनी दी. दोनों देशों के बीच होने वाले इस हाईप्रोफाइल मुकाबले से पहले पाकिस्तान ने खास तैयारी की. दरअसल, पाकिस्तान के लिए यह मैच एक तरह से करो या मरो जैसा होगा. क्योंकि अगर वो भारतीय टीम से हारते हैं तो उनके लिए टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचना बेहद मुश्किल हो जाएगा. न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच में पाकिस्तानी टीम को 60 रन से हार मिली थी. वैसे पाकिस्तानी टीम





ने शुक्रवार को एक एक्सटेंडेड प्रैक्टिससेशन आयोजित किया, यानी अपनी तैयारियों का सत्र बढ़ा दिया.

पाकिस्तानी टीम ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीन घंटे तक अभ्यास किया, जिसमें कप्तान मोहम्मद रिजवान को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने 20 मिनट के एक्सटेंडेट सेशन में हिस्सा लिया. इस दौरान कप्तान बाबर आजम ने रविवार (23 फरवरी) को भारत के खिलाफ महामुकाबले से पहले कई गेंदबाजों का सामना किया. बाबर आजम ने सभी गेंदबाजों का कम से कम दो-दो ओवर तक सामना किया. पूर्व कप्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 90 गेंदों पर 64 रन की पारी खेली थी.

तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रउफ, जिनसे चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद की जाएगी, इन दोनों ने भी सात-सात ओवर गेंदबाजी की. पाकिस्तान के अंतरिम कोच आकिब जावेद और कप्तान रिजवान ने खिलाड़ियों के साथ लंबी मीटिंग की, जिसमें अधिकतर बातचीत आकिब जावेद ने ही की.

## पाकिस्तान के पास भारत के खिलाफ जीतने का कोई मौका नहीं: कनेरिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने कहा कि मोहम्मद रिजवान की अगुआई वाली टीम के पास रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले में भारत के खिलाफ जीतने का कोई मौका नहीं है।



कनेरिया ने हाल ही में त्रिकोणीय श्रृंखला में हार और घरेलू धरती पर वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 1-1 से ड्रॉ सहित पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन को उजागर करके अपने बयान का समर्थन किया। दूसरी ओर अनुभवी स्पिनर ने भारत का उदाहरण दिया कि कैसे उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हार के बाद व्हाइट-बॉल श्रृंखला में इंग्लैंड को रौंदा।

कनेरिया ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पराजय के बाद भारत ने अपने घर में व्हाइट-बॉल श्रृंखला में इंग्लैंड को हराया। रोहित, विराट ने रन बनाए और शमी ने भी टीम में वापसी की और अपनी गेंदबाजी से आलोचकों को चुप करा दिया और बांग्लादेश के खिलाफ पांच विकेट लिए। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ के गेंदबाजों रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल की मौजूदगी के कारण भारत के स्पिनर बाबर आजम के लिए मुश्किलें खड़ी करेंगे। कनेरिया ने कहा, भारत के पास बेहतर स्पिनर हैं और बाबर आजम बाएं हाथ के स्पिनरों के सामने संघर्ष करते हैं। वह रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल से कैसे निपटेंगे। दूसरी ओर, पाकिस्तान के पास अच्छा स्पिनर नहीं है और हमने विराट और अन्य बल्लेबाजों को लेग स्पिनर के सामने संघर्ष करते देखा है। मैच बहुत बड़ा है, लेकिन पाकिस्तान के पास 23 फरवरी को मैच जीतने का कोई मौका नहीं है।

**फीडे महिला ग्रां प्रीः**

## हंपी नें खेला मंगुन्तूल से ड्रॉ सयुंक्त बढ़त कायम

**मोनाको, एजेंसी।** फीडे महिला ग्रां प्री के तीसरे दौर के बाद चार खिलाड़ी संयुक्त बढ़त पर चल रही है , इस दौर में दो निर्णायक मुकाबले हुए, जबकि तीन मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। भारत की हरिका ड्रोनावल्ली ने रूस की लागनो काटेरना के खिलाफ ड्रॉ खेलकर अपना पहला अंक बनाया, जबकि कोनेरू हंपी ने मंगोलिया की मंगुन्तूल बटखुयाग के खिलाफ एक संतुलित खेल दिखाया। हरिका ड्रोनावल्ली ने लागनो काटेरना के खिलाफ किंग्स इंडियन डिफेंस की ठोस लाइन खेली। हालांकि उन्हें एक बढ़त बनाने का मौका मिला था, लेकिन उन्होंने अधिक सुरक्षित रुख अपनाते हुए मुकाबला ड्रॉ करा लिया। यह परिणाम हरिका के लिए महत्वपूर्ण था, क्योंकि उन्होंने अपनी दो हार के बाद पहला अंक बनाया । दूसरी ओर, कोनेरू हम्पी और बटखुयाग मंगुन्तूल के बीच का मुकाबला रणनीतिक रूप से बेहद रोचक रहा। हंपी ने खेल की शुरुआत में अच्छा बचाव किया और मध्य खेल में खुद को एक स्थिर स्थिति में बनाए रखा। हालांकि, 14वीं चाल पर बटखुयाग ने बढ़त बनाने का मौका गंवा दिया, जिससे हंपी को बराबरी हासिल करने का मौका मिला। खेल के अंत में, दोनों खिलाड़ियों ने सूझबूझ भरा खेल दिखाया और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। तीन दौर के बाद चार खिलाड़ी–रूस की अलेक्ज़ेंड्रा गोरयाचकिना और काटेरना लागनो भारत की कोनेरू हम्पी और स्पेन की सरासादात खादेमालशरीह–संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।



**एफआईएच प्रो लीग**

## भारतीय पुरुष टीम ने एफआईएच प्रो लीग हॉकी में आयरलैंड को 3-1 से हराया

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** शनिवार को भारतीय टीम इसी आयरलैंड की टीम से रिटर्न मैच खेलेगी। भारतीय टीम के अभी तक पांच मैचों में नौ अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है। भारतीय हॉकी टीम ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए आयरलैंड को एफआईएच प्रो लीग में 3-1 से हरा दिया। आयरलैंड के जेरेमी डंकन ने आठवें मिनट में मैदानी गोल कर दिया था लेकिन हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने शानदार पलटवार किया। मनदीप सिंह ने 22वें मिनट में मैदानी गोल कर बराबरी दिला दी। उसके बाद जर्मनप्रीत सिंह (45वां मिनट) और सुखजीत सिंह (58वां मिनट) ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल भारतीय टीम की जीत सुनिश्चित की। शनिवार को भारतीय टीम इसी आयरलैंड की टीम से रिटर्न मैच खेलेगी। भारतीय टीम के अभी तक पांच मैचों में नौ अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है।

**भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से 0-4 से हारी**- भारतीय महिला हॉकी टीम का शुक्रवार को एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उसे जर्मनी से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी ने शुरू से अंत तक मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। उसके लिए एमिली वोर्टमैन (तीसरे मिनट) और सोफिया श्वाबे (18वें, 47वें मिनट) ने तीन मैदानी गोल दागे। फिर जोहाने हैचेनबर्ग ने 59वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। जर्मनी ने मैच में 10 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए जबकि भारत को केवल दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को फिर से जर्मनी से होगा।

## खेल मंत्रालय ने प्रदर्शन की समीक्षा के बाद टॉप्स कोर ग्रुप में भारी कटौती की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के कोर ग्रुप को हाल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की समीक्षा के बाद 179 से घटाकर 94 कर दिया गया है जिसमें भारत के कुछ बड़े खिलाड़ियों के नाम हटा दिए गए हैं क्योंकि टेनिस, तैराकी और गोल्फ को कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिला है जबकि मुक्केबाजी और एथलेटिक्स में संख्या काफी कम कर दी गई। इसमें भी जिन 94 खिलाड़ियों को चुना गया है उनमें से मात्र 42 ही शारीरिक रूप से सक्षम एथलीट हैं जो पिछली सूची से 78 कम है। पेरिस पैरालंपिक में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों सहित 52 पैरा-एथलीट कोर ग्रुप में हैं जो उनके बढ़ते कद और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते प्रदर्शन को दर्शाता है जिसमें पेरिस में जीते गए 29 पदक (सात स्वर्ण) शामिल हैं। इस सूची में 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के क्वालीफिकेशन चक्र में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को जोड़ा या हटाया जाना जारी रहेगा। टॉप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एन एस जोहल ने पीटीआई को बताया, यह आज तक के प्रदर्शन के आधार पर देखी गई क्षमता का सच्चा, पारदर्शी और यथार्थवादी प्रतिबिंब है।

नए समूह में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों को या तो पेरिस पदक विजेता होना चाहिए था या खेलों के ड्रॉ में आगे तक बढ़ना चाहिए था या विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में होना चाहिए था। पिछली सूची में एथलेटिक्स में 30 नाम शामिल थे लेकिन अब अपडेट किए गए ग्रुप में केवल तीन एथलीट हैं और उनमें से कोई भी महिला नहीं है।

**पूर्व कोच अनिल कुंबले बोले खराब फॉर्म से बाहर आने के लिए**

# कुछ ज्यादा ही प्रयास कर रहे हैं विराट कोहली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच अनिल कुंबले को लगता है कि विराट कोहली अपनी खराब फॉर्म से बाहर आने के लिए बहुत ज्यादा प्रयास कर रहे हैं। कोहली का खराब फॉर्म चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के पहले मुकाबले में जारी रहा जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 38 गेंदों पर 22 रनों की पारी खेली। विराट कोहली अपनी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन का शिकार हो गए। हालांकि, सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के नाबाद 101 और केएल राहुल के 41 रनों की बदौलत भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज की। कोहली की खराब फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय रही है क्योंकि पूर्व कप्तान ने 2023 विश्व कप के बाद खेली गई छह वनडे पारियों में सिर्फ 137 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक शामिल है। पर्थ में शतक को छोड़कर, ऑस्ट्रेलिया में भारत के पांच मैचों के टेस्ट दौरे के दौरान भी उनका संघर्ष जारी रहा।

कुंबले ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो मैच डे पर कहा, खासकर सफेद गेंद वाले



क्रिकेट में खराब दौर से गुजरने के बाद उन्होंने लंबे समय तक उस तरह का प्रदर्शन नहीं किया है। मुझे लगता है कि वह कुछ ज्यादा ही कोशिश कर रहे हैं। कुंबले ने आगे कहा, आपके पास ऐसे खिलाड़ी हैं, जो पहले भी ऐसा कर चुके हैं और हर कोई आपकी तरफ देखता है और कहता है कि यह वह व्यक्ति है, जो खेल को अपने पक्ष में ले जाएगा और वह टीम में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है। कुंबले ने कहा कि जब आप पर इस तरह का दबाव होता है और आपसे इस तरह की अपेक्षा की जाती है, तो आप अचानक से इन सभी चीजों को अनावश्यक महत्व देना शुरू कर देते हैं और फिर अच्छा प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करते हैं। जब आप ऐसा करते हैं, तो आप वास्तव में तनाव मुक्त नहीं होते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वह कुछ ज्यादा ही कोशिश कर रहे हैं। आप देख सकते हैं कि वह अपनी पारी किस तरह से खेल रहे हैं। उसे बस इसके बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। रोहित की तरह विराट को भी किसी और चीज के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुंबले ने कहा कि कोहली के पिछले सभी छह आउट स्पिन के कारण हुए हैं, जिनमें से पांच लेग स्पिनरों के कारण हुए हैं। उनका मानना है कि यह कोहली द्वारा स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान देने के बजाय रन बनाने के लिए बहुत ज्यादा प्रयास करने का नतीजा है।



# फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी की पूरी यात्रा रोमांचक थी : अर्जुन कपूर

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर का कहना है कि फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी की शूटिंग से लेकर प्रमोशन और बीच में सब कुछ उनके लिए एक रोमांचकारी अनुभव था। अर्जुन कपूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की, जिसमें गोरी है कलाइयां गाने की शूटिंग, फिल्म के निर्माण की झलकियां और विभिन्न शहरों में प्रमोशन की तस्वीरें शामिल हैं। अर्जुन ने लिखा, बस अब वो दिन दूर नहीं है! फिल्म की शूटिंग से लेकर प्रमोशन तक एक रोमांचक यात्रा रही! उन्होंने बताया कि यह यात्रा इसलिए भी मजेदार थी क्योंकि उन्हें अपने दोस्तों के साथ काम करने का मौका मिला। सिर्फ इसलिए नहीं कि मैं अपने दोस्तों के साथ काम कर रहा था, बल्कि इसलिए भी कि यह फिल्म अपने आप में हंसी का धमाल था।! उन्होंने बताया कि मैं फिल्म की रिलीज को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। फिल्म शुक्रवार को बड़े पर्दे पर रिलीज हो गई है। फिल्म की रिलीज से पहले अर्जुन ने सोशल मीडिया पर कहा, दिल से एक्साइटेड हूं और इंतजार नहीं हो रहा जब आप सब देखेंगे पूरे क्रू की मेहनत का नतीजा! मेरे हसबैंड की बीवी इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में आपका इंतजार करेगी। इस खास फिल्म को अपना प्यार ज़रूर दें! मेरे हसबैंड की बीवी एक दिल्ली के प्रोफेशनल व्यक्ति की कहानी है, जो एक जटिल लव ट्रायंगल में फंस जाता है। जब उसकी पुरानी प्रेमिका फिर से उसकी जिंदगी में आती है, ठीक उसी समय वह एक नई लड़की के लिए प्यार में पड़ना शुरू कर देता है, जिससे हास्यपूर्ण गलतफहमियों की एक श्रृंखला शुरू हो जाती है। फिल्म में रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर भी हैं। मेरे हस्बैंड की बीवी का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है।



## रश्मिका मंदाना ने छावा के सह-कलाकार विनीत कुमार सिंह को बताया शानदार

विनीत कुमार सिंह ने दो दशकों से अधिक समय तक अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है, और आखिरकार छावा के साथ, लंबे समय से प्रतीक्षित पहचान आखिरकार उन्हें मिल रही है जिसके वे वास्तव में हकदार हैं। छत्रपति संभाजी महाराज के सबसे समर्पित सहयोगी कवि कलश के रूप में, विनीत ने न केवल दर्शकों का दिल जीता है, बल्कि अपने इंडस्ट्री के साथियों की प्रशंसा भी अर्जित की है। उनके प्रदर्शन ने गहरा भावनात्मक जुड़ाव पैदा किया है, जिससे यह फिल्म के सबसे चर्चित पहलुओं में से एक बन गया है। लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित, छावा एक भव्य पीरियड ड्रामा है जो विक्की कौशल द्वारा अभिनीत छत्रपति संभाजी महाराज की कहानी को जीवंत करता है। फिल्म में येसुबाई के रूप में रश्मिका मंदाना भी हैं, उनके साथ अभिनेता अक्षय खन्ना और दिव्या दत्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। तारकीय कलाकारों के बीच, विनीत कुमार सिंह का कवि कलश का किरदार फिल्म के सबसे मजबूत प्रदर्शनों में से एक के रूप में सामने आया है। उनके प्रदर्शन का प्रभाव इतना गहरा है कि उनके सह-कलाकार भी उनकी प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। संभाजी महाराज की पत्नी, येसुबाई की भूमिका निभाने वाली रश्मिका मंदाना ने विनीत के अभिनय के लिए अपनी प्रशंसा साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया।

रश्मिका ने ट्विटर पर लिखा, आपको सबसे बड़ा सलाम विनीत कुमार सिंह .. आपको जो सराहना और प्यार मिल रहा है, आप उसके हकदार हैं। आप बहुत शानदार अभिनेता हैं.. इतनी मेहनत करने और हमें अपनी कला का गवाह बनने का मौका देने के लिए धन्यवाद। आपके साथ काम करके बहुत खुशी हुई। कवि कलश के रूप में विनीत का प्रदर्शन दर्शकों को बहुत पसंद आया। अंत तक संभाजी महाराज के साथ खड़े रहने वाले बहादुर कवि और योद्धा के उनके किरदार ने लोगों को रुला दिया है। दर्शकों ने विशेष रूप से उसके निष्पादन दृश्य पर प्रकाश डाला है, इसे फिल्म में सबसे भावनात्मक रूप से दिल दहला देने वाले क्षणों में से एक कहा है। विनीत के लिए प्यार सिर्फ सोशल मीडिया तक ही सीमित नहीं है। अभिनेता ने स्वयं दर्शकों की भावनाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा जब उन्होंने सिनेमाघरों का दौरा किया जहां छावा शो चल रहा था। प्रशंसकों ने उन्हें घेर लिया, कुछ की आंखों में आंसू थे, यह व्यक्त करते हुए कि उनके प्रदर्शन ने उन्हें कितना प्रभावित किया है।

कई लोगों ने कवि कलश की कहानी को जीवंत करने के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए उनका हाथ थाम लिया।

# मैं उनकी कब्र पर रोया भी था...

## अनुभव सिन्हा ने 13 साल की उम्र में बेगम अख्तर के साथ प्यार को याद किया



**अनुभव** सिन्हा, सबसे प्रशंसित फिल्म निर्माताओं में से एक, कठिन, वास्तविक जीवन से प्रेरित कहानियों को पूर्णता के साथ पेश करने के लिए जाने जाते हैं। विस्तार पर उनके ध्यान और कहानी कहने की कुशलता ने उन्हें उद्योग के सबसे बेहतरीन निर्देशकों में से एक बना दिया है। हाल ही में एक साक्षात्कार में, अनुभव सिन्हा ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया कि कैसे बनारस में बड़े होने के दौरान उनके जीवन और फिल्म निर्माण पर कविता और संगीत का गहरा प्रभाव पड़ा। उन्होंने याद किया कि कैसे उनका परिवार दिग्गज कवियों, गायकों और लेखकों को सुनता था। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह बेगम अख्तर से प्यार करते थे और कैसे वह उनके दिल में एक विशेष स्थान रखती हैं।

फिल्म निर्माता ने याद करते हुए कहा, घर पर भी ऐसा माहौल था, पिता जी थे तो मिडिल क्लास, सरकारी कर्मचारी, हमारे घर पर हरिवंश राय बच्चन, बेगम अख्तर, मेहंदी हसन, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार फिर बाद में जगजीत सिंह, गुलाम अली ये सब चलता था। (घर का माहौल ऐसा था- मेरे पिता एक मध्यमवर्गीय सरकारी कर्मचारी थे, लेकिन हमारा घर हरिवंश राय बच्चन, बेगम अख्तर, मेहदी हसन, मोहम्मद रफ़ी, किशोर कुमार और बाद में जगजीत सिंह और गुलाम अली की आवाज़ों से भरा हुआ था।) इसके बाद उन्होंने बताया कि कैसे वह प्रशंसित गायिका बेगम अख्तर से प्यार करते थे, उन्होंने कहा, 13 साल की उमर/उम्र में इश्क था बेगम अख्तर से, इश्क़, फिर उनकी मजार पर जाकर रोया हूं में, थप्पड़ की शूटिंग के दौरन। (13 साल की उम्र में, मुझे बेगम अख्तर से प्यार हो गया था - सच्चा प्यार। मैं थप्पड़ की शूटिंग के दौरान उनकी कब्र पर रोया भी था।)

## इस तारीख को ओटीटी पर रिलीज होगी कंगना की फिल्म इमरजेंसी, एक्ट्रेस ने खुद दी जानकारी



कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दर्शक इस फिल्म के ओटीटी पर रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की अभिनेत्री कंगना रनौत ने बताया है कि ये फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। कंगना रनौत ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने फैंस और फॉलोवर्स को इस बारे में जानकारी दी है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर जो पोस्ट साझा की है, उसमें कंगना और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी नजर आ रही हैं। पोस्ट में कंगना रनौत ने लिखा है 17 मार्च को नेटफिलिक्स पर रिलीज हो रही है। फैंस इमरजेंसी को 17 मार्च को नेटफिलिक्स पर देख सकते हैं। फिल्म 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने भारत में 21.65 करोड़ की कमाई की है।

### फिल्म के बारे में

फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार अदा किया है। फिल्म की कहानी ऐतिहासिक आपातकालीन दौर के आस-पास घूमती है।

भारत में 1975 से 1977 तक आपातकाल लगाया गया था।



# एक्सपोज हुई हिना खान ?

## झूठी निकली स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर की बात!

हिना खान पिछले काफी समय से अपने ब्रेस्ट कैंसर को लेकर Rozlyn Khan के निशाने पर हैं. इस बीच रोजलिन ने सोशल मीडिया पर नया दावा किया है. उन्होंने एक रिपोर्ट शेयर करते हुए दावा की हिना की Breast Cancer की बात झूठी है. दरअसल, एक्ट्रेस स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं और आए दिन वह अपने हेल्थ अपडेट्स फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं, लेकिन इस बीच टीवी की अक्षरा लगातार एक्ट्रेस रोजलिन खान के निशाने पर हैं. रोजलिन आए दिन हिना के कैंसर से पीड़ित होने और इलाज को झूठा बताते हुए उनपर सवाल खड़े करती नजर आती हैं. इस बीच रोजलिन खान ने नया दावा किया है साथ ही एक्ट्रेस ने हॉस्पिटल की रिपोर्ट भी शेयर की है. जो अब इंटरनेट पर वायरल हो रहा है.

## श्रेया घोषाल ने कहा, नमो शंकरा महज गीत नहीं, यह एक यात्रा

प्रसिद्ध गायिका श्रेया घोषाल का नया ट्रैक नमो शंकरा रिलीज हो गया है। उन्होंने कहा कि यह महज एक गीत नहीं है, बल्कि एक यात्रा है, जो शंभो शिव की ब्रह्मांडीय ऊर्जा से जुड़ती है। महाशिवरात्रि से पहले घोषाल ने भक्ति भाव से जुड़ा नमो शंकरा गीत प्रस्तुत किया है।



किंजल चटर्जी और श्रेया घोषाल के संगीत से सजा तथा श्रद्धा पंडित के लिखे गीत में भगवान शिव का आह्वान किया गया है। श्रेया ने कहा, इंतजार खत्म हुआ। नमो शंकरा अब रिलीज हो गया है। भगवान शिव को समर्पित इस आत्मा को झकझोर देने वाले गीत की गूंज आपके भीतर के महादेव को जगाएगी। उन्होंने कहा, यह महज एक गीत नहीं है, यह एक हृदयस्पर्शी यात्रा है, जो आपको शम्भो शिव की ब्रह्मांडीय ऊर्जा से जोड़ती है। डमरू की थाप, संस्कृत मंत्रों और श्रेया के स्वरों से, इस ट्रैक में वह शक्ति है, जो भक्ति को जागृत करती है और श्रोताओं का महादेव की ब्रह्मांडीय ऊर्जा से साक्षात्कार कराती है। उन्होंने पहले भी अपने इंस्टाग्राम पर नमो शंकरा की घोषणा की थी। हर हर महादेव! इस महाशिवरात्रि पर भक्ति को अपने ऊपर हावी होने दें क्योंकि हम नमो शंकरा प्रस्तुत कर रहे हैं, जो ईश्वर को समर्पित आत्मा को झकझोर देने वाला एक गीत है। गीत महादेव की सर्वोच्च ऊर्जा को समर्पित है। शक्ति को महसूस करें और शिव के मंत्रों में खो जाएं।

# पांचवी बार पिता बनेंगे अरमान मलिक

पॉपुलर यूट्यूबर अरमान मलिक अपने वीडियोज को लेकर चर्चा में रहते हैं. इसके साथ ही वह अपनी दो पत्नियों के कारण भी अक्सर सुर्खियों में आ जाते हैं. दरअसल, अरमान मलिक की पत्नी कृतिका मलिकऔर पायल मलिक एक साथ रहती हैं तीनों काफी खुश रहते हैं. इन तीनों को एक साथ देखकर लोग हैरान रहते हैं. इसी बीच अरमान मलिक फिर से खबरों में आ



गए हैं. ऐसा इसलिए है क्योंकि चार बच्चों के पिता यूट्यूबर एक बार फिर पिता बनने जा रहे हैं. अरमान मलिक की इस वाली पत्नी ने गुडन्यूज सुनाई है. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.

### फैन पेज से शेयर किया वीडियो

पायल मलिक के फैन पेज से एक वीडियो शेयर किया गया था जो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि कृतिक मलिक ने अरमान मलिक को बताया है कि वो प्रेग्नट हैं. इस पर अरमान मलिक कहते हैं कि उनकी जुबान सच्ची हो गई कि उनके पांच बच्चे होंगे. इसके बाद कृतिक मलिक ने पायल मलिक को अपने प्रेग्नेंट होने की जानकारी दी तो वो भी बहुत खुश हो जाती हैं और कहती हैं कि नया मेहमान आने वाला है.

## इसलिए फिल्म निर्माता बनना चाहते थे अनुराग कश्यप



**अनुराग** कश्यप ने फिल्म निर्माण और सिनेमा के प्रति अपने प्यार को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि आखिर वे क्यों एक फिल्म निर्माता ही बनना चाहते थे। अनुराग कश्यप ने सिनेमा के प्रति को दिखाया है। निर्माता अनुराग कश्यप ने कहा कि जब चीजें खराब हो जाती हैं, तो वे खुद को याद दिलाते हैं कि वे कहां से आए हैं। अनुराग ने यह भी कहा कि उनके पास आज इंडस्ट्री में काम कर रहे, कई स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं की तुलना में अधिक विशेषाधिकार हैं और यही वह चीज है जिस पर वे अपने रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं के बजाय ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

### इसलिए फिल्म निर्माता बनना चाहते थे अनुराग

फोर्ब्स को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि इन दिनों दर्शक बड़े बजट की फिल्मों को देखना पसंद करते हैं, इस बीच वे स्ट्रीमिंग पर आने वाली छोटी फिल्मों का इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने भविष्य की ओर देखना बंद कर दिया है। अब मैं उन चीजों पर बात करना चाहता हूं, जिस पर बात करना लोगों ने बंद कर दिया है। मैं एक फिल्म निर्माता बनना चाहता था क्योंकि मुझे बड़े पर्दे पर फिल्में देखना पसंद है।

# राखी सावंत की बढ़ी मुश्किलें

## इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद मामले में महाराष्ट्र साइबर सेल ने किया तलब




**महाराष्ट्र** साइबर सेल ने इंडियाज गॉट लेटेंट शो से जुड़े विवाद मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री राखी सावंत को तलब किया है। साइबर सेल ने उन्हें 27 फरवरी को पेश होने के लिए कहा है। अभिनेत्री राखी सावंत भी इंडियाज गॉट लेटेंट शो में जज बनकर जा चुकी हैं। उनके शॉर्ट वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे। जानकारी के अनुसार, इंडियाज गॉट लेटेंट को लेकर चल रहे विवाद के आरोपी रणवीर इलाहाबादिया, अपूर्वा मुखीजा और समय रैना महाराष्ट्र साइबर के संपर्क में हैं। इनका शुक्रवार को बयान दर्ज किया जाएगा। वे अपना बयान दर्ज कराने के लिए महाराष्ट्र साइबर कार्यालय जाएंगे। ये सभी अधिकारियों द्वारा दिए गए वक्त पर पहुंचकर अपना बयान दर्ज कराएंगे। महाराष्ट्र साइबर सेल ने समय रैना को समन भेजकर 18 फरवरी को पेश होने के लिए कहा था, वे उनके सामने पेश नहीं हुए थे। जिसके बाद समय रैना को गुरुवार को फिर से समन भेजा गया। महाराष्ट्र साइबर सेल ने रैना से उनके सामने जल्द पेश होने के लिए कहा है। ज्ञात हो कि कि इंडियाज गॉट लेटेंट शो में यूट्यूबर-पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया की अश्लील टिप्पणी के बाद समय रैना ने शो के सभी एपिसोड यूट्यूब से हटा दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने पॉडकास्टर और उसके सहयोगियों को अगले नोटिस तक यूट्यूब या अन्य प्लेटफॉर्म पर कोई भी शो प्रसारित करने से मना कर दिया। बीते दिनों समय रैना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, जो कुछ भी हो रहा है, उसे संभालना मेरे लिए बहुत मुश्किल है। मैंने अपने चैनल से इंडियाज गॉट लेटेंट के सभी वीडियो हटा दिए हैं। मेरा एकमात्र उद्देश्य लोगों को हंसाना और अच्छा समय बिताना था। मैं सभी एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग करूंगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनकी जांच निष्पक्ष रूप से पूरी हो।

साभार एजेंसी